राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 शिवम दुबे ने तोड़ डाला धोनी का रिकॉर्ड ...

राहुल गांधी के बाद सैम पित्रोदा बोले- अमेरिका में तो मरने के बाद सरकार ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 341 | पटना, गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने स्वामी गौतमानंद को रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामी गौतमानंद को रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी गौतमानंद से मुलाकात की अपनी एक पुरानी तस्वीर को साझा करते हुए एक्स पर लिखा, ह्लरामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर परम पूज्य स्वामी गौतमानंदजी महाराज को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे यकीन है कि वह हमारे समाज को अधिक ज्ञान और करुणा की ओर मार्गदर्शन करेंगे।ह्व उन्होंने आगे लिखा, ह्लरामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन का अनगिनत भारतीयों के जीवन में बहुत विशेष स्थान है। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी और स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं।

### बांदीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के रेन्जी वन इलाके में मुठभेड़ चल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों ने कार्रवाई शुरू की। फायरिंग दोनों ओर से जारी है। पुलिस ने बताया कि बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में जवान सुबह से तलाशी अभियान चला रहे थे। तभी छिपे हुए आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की और मुठभेड़ शुरू हो गई। हालांकि, अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### शर्मिंदगी भरी बातें ना करे कांग्रेस : रविशंकर

पटना। देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के नेताओं का एक दूसरे का हमला करने का सिलसिला जारी है। इस बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीएम मोदी पर टिप्पणी की थी। उनकी टिप्पणी पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। वो बुधवार को मीडिया से बात कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि भूपेश बघेल ने कहा है कि पीएम मोदी का मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा गया है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर उनकी यह भाषा है तो मैं उनको क्या बोलूं। इसलिए हार रहे हैं। मैं बस इतना ही कहूंगा कि इस तरह की शर्मिंदगी भरी बातें ना करें। इसके अलावा उनसे पूछा गया कि आपके खिलाफ मीरा कुमार के बेटे को उम्मीदवार बनाया गया है, वह कितनी बड़ी चुनौती है। इस पर उन्होंने कहा कि मैं कभी अपने विरोधी उम्मीदवार का नाम नहीं लेता। शत्रुघ्न सिन्हा लड़े, उनको लगभग तीन लाख वोटों से हराया, उनका नाम नहीं लिया। वो आए हैं उनका स्वागत है, यहां हमारी जीत होगी। बता दें कि कांग्रेस ने बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के खिलाफ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित को उम्मीदवार बनाया है। राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की थी।

### पीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना

# कांग्रेस का आरक्षण चोरी का खेल बंद कराने के लिए जरूरत है 400 पार की : मोदी

## पीएम बोलें- किसी को भी धर्म के आधार पर नहीं दिया जाएगा आरक्षण

प्रात : किरण



सागर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश में चुनाव के सबसे बहुचर्चित मुद्दे जातिगत जनगणना और आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण चोरी का फामूर्ला अब पूरे देश में लागू करना चाहती है और पार्टी के इस खतरनाक खेल को बंद करने के लिए मोदी को 400 पार की आवश्यकता है। मोदी मध्यप्रदेश के सागर में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहे। अन्य पिछड़ा वर्ग बहुल इस संसदीय क्षेत्र में मोदी ने ओबीसी आरक्षण को लेकर ही कांग्रेस पर एक-एक कर हमले बोले। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की एक ऐसी सच्चाई सबके सामने आई है, जिसे सुनकर हर देशवासी सन्न हो गया है। हमारा संविधान साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। खुद बाबा साहब अंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस ने वर्षो पहले ही धर्म के आधार पर आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया था।

वो साल दर साल अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए भांति भंति के हथकंडे अपना रहे हैं और देशवासियों की आंखों में धूल झोंक कर अपना खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2004 में कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देकर डॉ अंबेडकर की पीठ में छुरा भोंका, 2009 और 2014 के चुनाव में पार्टी ने अपने घोषणापत्र में दोनों बार धर्म के आधार पर आरक्षण का वादा किया। कांग्रेस की तैयारी है कि एससी, एसटी और ओबीसी का 15 फीसदी कोटा काट दिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण लागू हो। मोदी ने कहा कि पिछली बार कर्नाटक में जब कांग्रेस सरकार थी, तो उसने धर्म के आधार पर आरक्षण दिया था, जब भाजपा आई तो भाजपा ने संविधान का सम्मान करते हुए फैसला किया और उसे खत्म कर दिया। अब कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया है और इसके लिए पिछले दरवाजे से गैरकानूनी तरीके से चालाकी की है। ओबीसी समाज के आंख में धूल झोंकते हुए मुसलमानों की सभी जातियों को एक ही कागज निकाल कर सबको ओबीसी कोटे में डाल दिया है। कांग्रेस ने इस कदम से ओबीसी का हक छीना है। अब कांग्रेस यही फामूर्ला पूरे देश में लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ देश को जगाना चाहिए। चुनाव आएंगे और जाएंगे, पर ये खतरनाक खेल आने वाली पीढ़ियों को खत्म कर देगा। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी की सबसे बड़ी दुश्मन है। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या की है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि ये पूछते हैं कि मोदी को 400 पार क्यों चाहिए। मेरा जवाब है कि आप (कांग्रेस) जो राज्यों में हथकंडे अपना कर आरक्षण चोरी का खेल खेल रहे हो, ये खेल बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे स्वयं उस समाज से आए हैं और ओबीसी को रक्षण देकर रहेंगे।

# इंडी अलायंस परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन : नड्डा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भागलपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



प्रात : किरण

भागलपुर/एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि यह परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन है। इस गठबंधन में आधे जेल तो आधे जमानत पर हैं। बिहार के भागलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी यादव समेत पूरा परिवार जमानत पर है। जबकि, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन सहित आप के कई नेता जेल में हैं। आज देश बदल रहा है। भागलपुर में सड़कों की स्थिति बदल गई है। आज देश में राजनीतिक सोच, संस्कृति और तौर-तरीके बदल गए हैं। पहले चुनाव में जातियों की बात होती थी, आज विकास की बात होती है। आज विकासवाद पर लोग चर्चा कर रहे हैं। पहले पता नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। हमने वो दिन भी देखे हैं। आज बदलता बिहार और बदलता भागलपुर भी अपनी आंखों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव आपातकाल में जेल गए थे। लेकिन, आज वे उसी कांग्रेस के साथ गलबहियां कर रहे हैं। मटन बनाना सिखा रहे हैं। जो भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ रहे थे, वो अब उनके साथ हो गए। कोरोना और यूक्रेन युद्ध के बाद करीब सभी देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति लुढ़क गई। लेकिन, आज भी भारत खड़ा है। भारत की अर्थव्यवस्था आज पांचवें नंबर पर पहुंच गई है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रेष्ठ हो रहा भारत : सम्राट

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत श्रेष्ठ और विकसित हो रहा है। आज मोदी जी और नीतीश जी की जोड़ी बिहार को विकसित करने में जुटी है। भागलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में महती जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने देश में फिर एक बार मोदी सरकार के लिए ऐतिहासिक जीत का आह्वान करते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी को आपका आशीर्वाद चाहिए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पहले चरण में सफाई के बाद, दूसरे चरण में भी ठगबंधन दिखाई नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास का काम आगे बढ़ रहा हैं। जिन लोगों को भी पांच किलो अनाज मिल रहा है, उन सभी लोगों को सरकार पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज भी करवाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक जिनको पक्का मकान नहीं मिला है, उनको भी पक्का मकान दिया जाएगा, यह मोदी जी की गारंटी है। चुनाव के बाद भागलपुर में हवाई अड्डा बनाने का भरोसा देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह पूरा भी करती है। उन्होंने राजद और कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी है कि सभी भ्रष्टाचारी को जेल जाना पड़ेगा तो बिहार सरकार ने भी एक कानून लाई है जिसमे एक भी माफिया नहीं बचने वाला है। यहां बालू माफिया हो या जमीन और शराब माफिया उन्हें या तो जेल जाना पड़ेगा या बिहार छोड़कर जाना होगा। उन्होंने लोगों से पूरे बिहार में एनडीए प्रत्याशी को वोट देने की अपील लोगों से की।

# इंडिया की सरकार बनी तो करोड़ों लोग लखपति बनेंगे : राहुल

प्रात : किरण

अमरावती/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के शासनकाल में केवल 22-25 लोग अरबपति बने, लेकिन यदि इंडिया गठबंधन सरकार में आता है तो करोड़ों लोगों को लखपति बनाया जाएगा।

गांधी ने महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कोई ताकत भारत के संविधान को नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो जातीय जनगणना प्राथमिकता के साथ कराई जाएगी और किसानों का कर्ज भी माफ कर दिया जाएगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों में महालक्ष्मी योजना और प्रशिक्षुता के अधिकार को सूचीबद्ध किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के शासनकाल में 22-25 लोग अरबपति बने, लेकिन यदि इंडिया गठबंधन सरकार में आता है तो करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगा। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना का उद्देश्य गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये प्रदान करना है, वहीं प्रशिक्षुता का अधिकार प्रदान करने का उद्देश्य स्नातक और डिप्लोमा धारकों को प्रशिक्षु के रूप में एक साल की नौकरी पाने में सक्षम बनाना और उनके बैंक खातों में एक लाख रुपये डालना है।

# वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए अब मंगलसूत्र के बारे में हो रही बातें : तेजस्वी

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। पूर्णिया सहित कई लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सोना का दाम मोदी की वजह से काफी महंगा हो गया है। इनकी वजह से आज गरीब बहने मंगल सूत्र भी नहीं खरीद पाती है। मंगलसूत्र पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं पहनती है। लेकिन आज सोना खरीद पाना उनके बस की बात नहीं रही। सोना का दाम आज आसमान छू रहा है। सोना खरीदना आज हर किसी की बस की बात नहीं है। गरीब बहनें तो मंगलसूत्र तक नहीं खरीद पा रही है। ये सब मोदी जी के कारण हो रहा है। मोदी जी के चलते ही आज सोना का दाम बढ़ा हुआ है। इस दौरान तेजस्वी यादव ने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाया। कहा कि मुझे खबर मिली है कि बहुत सारा बैग दिल्ली से लेकर आए है और जहां-जहां चुनाव हो रहा है वहां-वहां बांट रहे हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि इसे चेक करवा लें जो हम कह रहे हैं वह सत्य है। हम झूठ नहीं बोल रहे हैं। एजेंसियां उनका खुलकर मदद कर रही है। दिल्ली से पांच बैग भर-भर कर लाए हैं और क्षेत्र में बांट रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि पूरे देश में दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। एक इंडिया है तो दूसरा एनडीए है। एक संविधान को बचाना चाहती है दूसरा नागपूरिया कानून को लाना चाहती है। तेजस्वी ने कहा कि सोना का दाम मोदी जी की वजह से काफी महंगा हो गया है। इनकी वजह से आज गरीब बहने मंगल सूत्र भी नहीं खरीद पाती है।

मंगलसूत्र पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं पहनती है। पुलवामा में जो हुआ किसने सुहाग छिना। चीन बार-बार अटैक करता है हमारे जवान शहीद होते है तो किसकी वजह से सुहाग छिना। नोटबंदी में कई लोग लाइन में मर गये किसने सुहाग छिना। किसान आंदोलन में 800 भाई शहीद हो गये किसने उनका सुहाग छिना। कोविड में लोग मरे किसकी वजह से सुहाग छिना। जेपी नड्डा बहुत सारा बैग लाए है जहां जहां चुनाव हो रहा है वहां बांट रहे हैं आरोप सत्य है एजेंसियां उनकी खुलकर मदद कर रहे है। दिल्ली से पांच बैग भर-भर कर ला रहे है जिसे क्षेत्रों में बांटा जा रहा है।

### तेजस्वी ने एनडीए को चुनो बयान पर दी सफाई

पूर्णिया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूर्णिया सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर जवाब दिया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने अपने बयान पर भी सफाई दी। उन्होंने एक रैली में कहा था, आप इंडिया गठबंधन को चुनिए। अगर आप इंडिया गठबंधन की बीमा भारती को नहीं चुनते हैं, तो आप एनडीए को चुनो। तेजस्वी ने अब इस बयान पर सफाई में कहा है कि हमने यह कहा था कि संविधान को बचाना है तो इंडिया को वोट करें, अन्यथा एनडीए चुनाव जीत गई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि हमारे देश में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। कोई भी व्यक्ति कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पप्पू यादव इससे पहले भी कई चुनाव लड़ चुके हैं, क्या हश्र हुआ है, सबको पता है।

# दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान थमा, मतदान कल

प्रात : किरण




पटना। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया। इस चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीट पर मतदान होगा। सात चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65 ।5 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा के तेजस्वी सूर्या, हेमा मालिनी, अरुण गोविल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) शामिल हैं। केरल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न राष्ट्रीय नेताओं ने प्रचार किया, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी शामिल थीं। इन नेताओं ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। कांग्रेस ने जहां इस चरण की सभी 14 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं वहीं, भाजपा ने 11 जबकि जद(एस) ने तीन सीट पर उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं।

### प्रॉपर्टी की समीक्षा करने वाले बयान से देश सन्न : तिवारी

पटना/एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद मनोज तिवारी बुधवार को चुनाव प्रचार को लेकर बिहार पहुंचे। पटना पहुंचने पर उन्होंने राजद और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रॉपर्टी जांचकर मुस्लिमों में बांट देने के उनके बयान से पूरा देश सन्न है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान राजद के नेता तेजस्वी यादव के एक बयान के संबंध में पूछने पर कहा कि तेजस्वी सूपड़ा साफ होने के महारथी बन चुके हैं। तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह कहना कि देश के लोगों की प्रॉपर्टी की समीक्षा करेंगे। सोने-चांदी की समीक्षा करेंगे, अल्पसंख्यक में, मुस्लिम में उसको हम बराबर बांट देंगे। मैं समझता हूं इसके बाद कुछ बताने की जरूरत नहीं है कि और देश को बांटने में लगे हुए लोग साफ हो जायेंगे।

# भारत का दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय : जेमी डिमन

## कहा-अमेरिका में मोदी जैसे नेता की सख्त जरूरत, पीएम मोदी की जमकर तारीफ की



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में किस कदर बढ़ती जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लागया जा सकता है कि लोग कहने लगे हैं कि उनके जैसे नेता की अमेरिका में भी जरूरत है। जी हां, दुनिया की दिग्गज कंपनी जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के सीईओ जेमी डिमन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के लिए उन्होंने अविश्वसनीय काम किया है। जेपी मॉर्गन चीफ जेमी डिमन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए आगे कहा कि वह तमाम चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इशारों में यह भी कहा कि अमेरिका में भी ऐसे नेता की जरूरत है। जो सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। जेपी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने प्रयासों से 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वह एक कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने इसके साथ ही यह भी उम्मीद भी जता दी कि इस गर्मी में पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटने वाले हैं. जेपी डिमन ने पीएम मोदी शासन के द्वारा हाल के दिनों में भारत में किए गए सुधारों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत में 700 मिलियन लोगों का बैंक अकाउंट है और उनका पेमेंट सीधे उनके खाते में ट्रांसफर हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में अविश्वनीय शिक्षा पद्धति और इंस्फ्रास्ट्रक्टर है। उन्होंने पीएम मोदी के सख्त होने और उनके द्वारा देश के सख्त नौकरशाही प्रणालियों को तोड़ने का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत के टैक्स सिस्टम की भी खूब प्रशंसा की और कहा कि राज्यों द्वारा अपनाई गई कर सिस्टम में असामनता को समाप्त करके पीएम मोदी की सरकार ने इससे भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया।

### लोकसभा चुनाव

### सीमांचल की सीटों को अपने पक्ष में करने को लेकर सभी दलों ने झोंक दी अपनी ताकत

# बिहार में दूसरे चरण की 5 सीटों पर कांटे की टक्कर

प्रात : किरण



पटना। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव में किशनगंज, पूर्णिया, बांका, भागलपुर और कटिहार के मतदाता 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सीटों को अपने पक्ष में करने को लेकर सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है।

इन पांच सीटों में से सीमांचल की किशनगंज और पूर्णिया में त्रिकोणात्मक मुकाबला देखने को मिल रहा है जबकि अन्य तीन सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। इस चरण में महागठबंधन की ओर जहां कांग्रेस के तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं, वहीं राजद के दो प्रत्याशी कड़े संघर्ष में दिख रहे हैं। एनडीए की ओर से सभी पांच सीटों पर जदयू के प्रत्याशी चुनावी रण में हैं। मुस्लिम बहुल किशनगंज में मुकाबला दिलचस्प है। यहां कांग्रेस से निवर्तमान सांसद मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम उम्मीदवार अख्तरुल ईमान के बीच है। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी यहां आकर रैलियां कर चुके हैं। ऐसे में यहां मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है। वैसे माना यही जा रहा है कि यहां किसी को आसानी से जीत नहीं मिलने वाली। भागलपुर में जदयू के अजय मंडल का सीधा मुकाबला कांग्रेस के अजीत शर्मा से है। शर्मा अजय मंडल को कड़ी टक्कर दे रहे हैं लेकिन एनडीए भागलपुर में पूरा जोर लगाए हुए है। बांका में जदयू के गिरधारी यादव का मुकाबला राजद के जय प्रकाश यादव से है। 2019 के लोकसभा में जदयू के गिरधारी यादव ने जय प्रकाश यादव को हराया था। जय प्रकाश इस चुनाव में खूब पसीना बहा रहे हैं। इस कारण यहां कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। कटिहार में जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर आमने-सामने हैं। पिछले चुनाव में यहां से दुलाल चंद गोस्वामी विजयी हुए थे। तारिक अनवर इसी सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं और इस चुनाव में ह्यछक्काह्न मारने को लेकर कठिन परिश्रम कर रहे हैं। इस चुनाव की सबसे हॉट सीट पूर्णिया है। यहां मुकाबला दिलचस्प बना हुआ है। पूर्णिया में जदयू के संतोष कुशवाहा और राजद की बीमा भारती के साथ पप्पू यादव के बीच कांटे की टक्कर है। पप्पू यादव ने निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर मुकाबला रोचक बना दिया है। बहरहाल, मतदाता 26 अप्रैल को अपने जनप्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान करेंगे। लेकिन इतना तय है कि दूसरे चरण में सियासी लड़ाई रोचक है और इस चरण में जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

# जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने में लगी हुई है कांग्रेस : अनुराग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि पिछले 60 वर्षों से कांग्रेस जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया और ह्यसबका साथ, सबका विकासह्न के हमारे दृष्टिकोण के तहत सभी को कल्याण प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का कहना है कि आपकी मौत के बाद आपकी मेहनत की कमाई का 55 फीसदी हिस्सा सरकार को ले लेना चाहिए। क्या आप चाहते हैं कि ऐसा हो? कांग्रेस आपका पैसा छीनकर घुसपैठियों को देना चाहती है। अनुराग ठाकुर ने हैदराबाद की उम्मीदवार माधवी लता द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा ने अच्छा किया कि उन्होंने देश की जनता को राहुल गांधी की सोच के बारे में बताया।

दरअसल, राहुल गांधी के मार्गदर्शक सैम पित्रोदा हैं। वह उनके पिता के भी मार्गदर्शक रहे हैं, और दार्शनिक और मित्र भी रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चाहती है कि किसी की मेहनत की कमाई उनके बच्चों के पास नहीं जाएगी, यह पैसा लोगों से वसूली टैक्स के रूप में लिया जाएगा और उन लोगों को दिया जाएगा, जो कांग्रेस के वोट बैंक हैं , घुसपैठिए हैं, और जिनके पास बड़े परिवार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लोस चुनाव को ले प्रशासन कर रहा निरोधात्मक कार्रवाई

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान विभिन्न थाना से मिले सूची के अनुसार धारा 107 के तहत चार हजार 324 और धारा 110 के तहत 135 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर हो रहे निरोधात्मक कार्रवाई में एक हजार 840 लोगों ने बांड भरा है। थाना स्तर पर चल रहे इस अभियान में पुलिस की ओर भेजे गए लोगों के खिलाफ चुनाव को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

### भक्तों ने सुना अखंड रामायण का पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। मच्छरहट्टा गली संकट मोचन मार्ग में श्री संकट मोचन हनुमत महाराज के 55वें जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार को उनका वैदिक पूजन का अनुष्ठान आचार्य विद्या भूषण पांडेय ने कराया। इस दौरान जजमान की भूमिका में डॉक्टर त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा थे। इसके बाद वाराणसी से आए मंडली के द्वारा 24 घंटे का मानस पाठ शुरू हुआ। गुरुवार को इसका समापन होगा। इसके बाद हवन व पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। तदुपरांत श्रद्धालुओं के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में संतलाल गोलवारा, बसंत लाल गोलवारा, उमा शंकर पंडित, हेमचंद्र जैन, गांधी जी, रोहित कुमार, अमित, सूरज लाल जी, राजकुमार चंद्रवंशी आदि सक्रिय थे।

### गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक बच्ची के डूबने से हुई मौत

दानापुर नगर के अंतर्गत दियारा के पुरानीपानापुर घाट पर चौठारी पर गंगा स्नान करने गयी 12 वर्षीय बच्ची रिया गंगा में डूब गयी। उसके डूबते देख उसकी मां सोनी देवी बचाने का प्रयास किये पर कामयाब नही हुए। बच्ची के साथ नहाने आयी मां चित्कार कर उठे। बच्ची की डूबने की खबर मिलते ही लोगो की भीड़ जूट गयी। लोग उसे निकालने के लिए प्रयाश करते हुए एसडीआरएफ को सूचित दिया। मिली जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के महिनांवा निवासी कार्तिक राय अपने परिवार के साथ पुरानीपानापुर ससुराल अपने साला सुरेश राय के पुत्री की शादी में शामिल होने आये थे। बुधवार को चौठारी की पूजा करने को लेकर परिवार के लोग गंगा घाट पर आये थे। सभी गंगा में स्नान करने लगे। इसी क्रम में रिया उम्र 12 वर्ष गहरे पानी में चली गयी और डूब गयी।कार्तिक राय ने बताया कि मंगलवार को साला के लडकी की शादी थी। आज चौठारी है उसी को लेकर सभी महिलाए व बच्चे गंगा स्नान करने आये थे। गंगा स्नान करने के दौरान ही रिया गंगा में डूब गयी। जिला पार्षद प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने बताया कि घटना की सूचना परएसडीआएफ की टीम को शव खोजने के लिए बुलाया गया है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम चलाया गए

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर परिषद के अधिकारियों के द्वारा मतदान की प्रतिशत बढाने को लेकर प्रशासन लगातार विभिन्न प्रकार से प्रयाश में लगी है। लोगो को जागरूक करने को लेकर विभिन्न विभागो के पदाधिकारी अपने अपने स्तर से मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम चलाने में लगे है। इसको लेकर अंचलाधिकारी चंदन कुमार नगर के निजी विद्धालयो के प्राचार्यो के साथ बैठक करने की तैयारी में है। उन्होने बताया कि मतादाता जागरूकता को लेकर निजी विद्धालय के साथ सरकारी विद्धालयो आंगनबाड़ी केन्द्र व डीलरो को भी इसके लिए विशेष कार्यक्रम बनाकर अभियान चलाया जायेगा। स्कूलो के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक किया जायेगा। ताकि वहां पढने वाले बच्चे अपने अभिभावको को मतदान में शामिल होने को प्रेरित करे। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर अभियान चल रहा है। इसके तहत वार्डो में डोर टू डोर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए टैक्स कलेक्टर, डेएनयूएलएम, केसीआरपी व कर्मियो को लगाया गया है। जो लोगो से मोबाइल नंबर व मतदान करने को लेकर शपथ पत्र ले रहे है। उन्होने बताया कि 15 मई से सभी को होल्डिंग धारको को मैसेज एवं फोन द्वारा आगामी 1 जून को होने वाले मतदान को जागरूक किया जायेगा।

# धमकी दिए जाने की चल रही जांच, अभी मामला दर्ज नहीं

## मामला तख्तश्री पटना साहिब की पूर्व जत्थेदार के द्वारा वर्तमान जत्थेदार पुत्र को धमकी देने का

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता


PRABANDHAK COMMITTEE
(Birth Place of Sri Guru Gobind Singh Ji Maharaj)
SRI TAKHT HARI MANDIR JI PATNA SAHEB - 800 008

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह पर वर्तमान जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने उन पर कमरे में आकर धमकी दिए जाने के बाबत पत्र तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष के नाम सौंपा है। इस पत्र के आधार पर अधीक्षक दलजीत सिंह ने चौक थाना के थानाध्यक्ष को धमकी दिए जाने के संबंध में आवेदन दिया है। साथ ही उसके साथ धर्मेंद्र के द्वारा दिए गए आवेदन की प्रति भी संलग्न करते हुए जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की सुरक्षा की उचित व्यवस्था करने का आग्रह किया गया है। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह अपने पुत्र मनजीत सिंह के साथ अपने स्वास्थ्य की जांच और इलाज कराने के लिए लखनऊ गए हुए हैं। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष को सौंपे गए पत्र में धर्मेंद्र सिंह ने लिखा है कि 22 अप्रैल,24 को रात करीब 8.20 में पूर्व जत्थेदार रणजीत सिंह गौहर अपने वाई प्लस बॉडीगार्ड के साथ उसके कमरा नंबर 65, जो लंगर हॉल के दूसरी मंजिल पर स्थित है, आए। उन्होंने कमरे का पर्दा उठा कर देखा। वह रूम से बाहर आया। तब रणजीत सिंह ने पूछा कि बलदेव सिंह का रूम यही है और उनके साथ जो बेटा रहता है, वह कहां है। हमने कहा कि घर पर कोई नहीं है। तब उन्होंने कहा कि उसे संभल कर रहने को बोलो, नहीं तो हम उसे ठीक कर देंगे। पत्र में कहा गया कि 22 अप्रैल की सुबह ही उनके बड़े भाई मंजीत सिंह पिता ज्ञानी बलदेव सिंह, जो यहां के जत्थेदार सह मुख्य ग्रंथी है, की सेहत की जांच एवं इलाज कराने के लिए लखनऊ गए हैं। यह भी कहा गया कि ज्ञानी रणजीत सिंह के द्वारा धमकी देने से पूरा परिवार सहमा और भयभीत है। आशंका है कि उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है। कारण कि इसके पूर्व परिसर में हेड ग्रंथी ज्ञानी राजेंदर सिंह की हत्या हो चुकी है।

इस संबंध में थाना में रिपोर्ट लिखवा कर उसे और उसके परिवार की सुरक्षा का उचित प्रबंध करवाने की कृपा की जाए। इसके बाद तख्तश्री कमेटी कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह ने चौक थाना के थानाध्यक्ष को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि जत्थेदार भाई बलदेव सिंह और उनके पुत्र की खोज करते हुए रणजीत सिंह गौहर अपने वाई प्लस सुरक्षा गार्ड के साथ लंगर भवन के कमरा संख्या 65 में गए तथा वहां उन्होंने धर्मेंद्र सिंह पुत्र भाई बलदेव सिंह तथा उनके बड़े पुत्र के बारे में पूछताछ करके धमकी दी है। इस संबंध में प्राप्त आवेदन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करके अगली कार्रवाई के लिए प्रेषित की जा रही है। आपसे आग्रह है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की कृपा करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी नहीं होने पाए। अनहोनी की आशंका को देखते हुए जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की सुरक्षा की उचित व्यवस्था प्रदान करने की कृपा की जाए। पत्र की प्रतिलिपि पटना के डीएम, एसएसपी, डीएसपी-2 और पटना सिटी के एसडीओ को भी सौंपा गया है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष**

इस संबंध में चौक थाना के थानाध्यक्ष से बात की गई, तब उनका कहना था कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन में जो लिखा गया है, उस आधार पर एफआईआर का मामला बनता नहीं है। उसमें कुछ ऐसा नहीं लिखा गया है। पत्र में लिखा है कि वह आए और बोले कि ठीक से रहना और कोई बात नहीं है। दरअसल दोनों पक्ष की ओर से कोर्ट में केस चल रहा है।। इसी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का मामला है। सीसीटीवी खंगाला गया है। पुलिस पदाधिकारी को भेज कर दोनों पक्ष का बयान लिया गया है। अभी मामला दर्ज नहीं हुआ है।

**ज्ञानी रणजीत सिंह का कथन**

इस मामले में बुधवार को ज्ञानी रणजीत सिंह से बात की गई तब उनका कहना था कि उनका मामला पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां चल रहा है। पहले 24 अप्रैल को तारीख थी फिर 26 को सुनवाई थी इसे लेकर वह रुके थे इस दौरान वह अपने प्रोविडेंट फंड के बारे में रुपया निकासी करने के लिए कार्यालय के वित्त शाखा के मनजीत सिंह शेठु से बात करने गया था उसी के सामने कमरे में हमारे साथ रहने वाले सेवादार गुरदेव सिंह रहते हैं उनसे भी मिलने चला गया कारण कि उनके पिता बीमार चल रहे थे बस इतनी सी ही बात थी उन्हें नहीं पता था कि मनजीत सिंह शेठु किसी कमरे में रहते हैं। उन्होंने ना तो किसी तरह की कोई धमकी दी है और ना कुछ गलत बात ही बोला है और न कभी बोलने की कोशिश ही करेंगे

# रक्तदान के साथ सत्संग का भी लिया लाभ



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है, इसका हर पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके, परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है, तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है। उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने मानव एकता दिवस पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर बाबा गुरबचन सिंह की मानवता के प्रति की गई उनकी सेवाओं को समर्पित है, जिसे निरंकारी जगत का हर भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देश स्तर पर लगे शिविर में करीब 50 हजार यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही पटना-गया बाइपास रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक भाव से लगभग 108 यूनिट रक्तदान किया। इसे पटना एम्स के ब्लड बैंक की टीम द्वारा संग्रहित किया गया।

इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जांच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं के लिए उत्तम जलपान की व्यवस्था की गई थी।

# नर्सिंग स्कूल के कचरा में लगी आग, कबाड़ वाहन व पेड़ जला

## सूचना पर सिटी फायर स्टेशन से पहुंची दो यूनिट ने बुझाई आग





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में एलएचवी नर्सिंग स्कूल चलता है। इसी के परिसर में कचरा व झाड़ियों में बुधवार की सुबह आग लग गई। आग नर्सिंग स्कूल के मेन गेट के दक्षिण-पूरब कोने पर लगी थी। वहां पर कचरे के साथ ही कंडम वाहनों का जमावड़ा था। इस दौरान वाहनों के पहिया एवं अन्य पाट्र्स आदि जल गया। पेड़ को भी नुकसान पहुंचा है। आग लगने से परिसर में स्थित छात्रावास में रहने वाली छात्राओं में अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। इसी बीच आग की तेज लपट को देख कर अस्पताल परिसर में तैनात फायर बिग्रेड की यूनिट आग बुझाने के लिए पहुंच गई। सिटी फायर स्टेशन से भी एक बड़ी यूनिट आग बुझाने को आई। इसके बाद लगी आग पर काबू पा लिया गया। आगलगी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग की तेज लपट ने झाड़ियों के साथ परिसर में पड़े कंडम वाहनों को भी चपेट में ले लिया। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि आगलगी की घटना में दो यूनिट आग बुझाने के लिए पहुंची और आग को बुझा दिया। नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या सुप्रिया कुमारी ने बताया कि सुबह में जिस वक्त आग लगी थी, उस वक्त छात्राएं तैयार हो रही थीं। गार्ड गेट पर तैनात था। जैसे ही आग की लपट उठी और नजर गई, तुरंत सूचना लोगों को दी गई। संभवतः शरारती तत्वों ने बीड़ी, सिगरेट या कुछ जला हुआ सामान का हिस्सा इस ओर फेंक दिया होगा, जिस कारण से आग लगी है। हालांकि एक चर्चा यह भी है कि पेड़ से गिरे पत्ते इकट्ठा था, जिसमें आग लगाया गया और वही आग लगने का कारण बन गया। हालांकि प्राचार्या सहित वहां मौजूद अन्य स्टाफ ने इसका खंडन किया। उन सबों का कहना था कि जब आग लगने की घटना हुई, उस वक्त सफाई कर्मी नहीं पहुंची थीं।

# पत्नी के वियोग में पति बंदूक लेकर पहुंचा ससुराल अपने ही पैर में मारी गोली



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। बुधवार की दोपहर एक युवक अपनी पत्नी के वियोग मे ससुराल मे जाकर अपने पास रखे देसी कट्टा से अपने ही पैर मे गोली मार ली। मौके पर खगौल थाना पहुंचकर उस युवक को गिरफ्तार करते हुए इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच अस्पताल भेज दिया। गिरफ्तार युवक नेउरा थाना क्षेत्र के पूरौनिया का रहने वाला स्वर्गीय विजय कुमार सिंह का पुत्र मोहित राज उर्फ अशोक है। जानकारी के मुताबिक मोहित राज की शादी 3 साल पहले आनंदपुरी के रहने वाला प्रमोद कुमार की पुत्री आकांक्षा सिंह से हुई थी। जहां इन दोनों का एक डेढ़ साल की बेटी भी है। पति-पत्नी के विवाद होने के कारण आकांक्षा कभी ससुराल रहती तो कभी खगौल के आनंदपुरी स्थित मायके। वही बुधवार के दोपहर लगभग 1 बजे मोहित राज अपने ससुराल आनंदपुरी पहुंच कर आकांक्षा को वापस अपने घर ले जाने की जिद्द करने लगा। जहां मोहित के ससुराल वालों ने उसके साथ आकांक्षा को भेजने से इनकार कर दिया। इस बात से गुस्से में आकर मोहित ने अपने पास रखा एक देसी कट्टा से अपने पैर के ऊपर गोली चला लिया। पिस्तौल से निकली गोली मोहित के पैर को छेदते हुए जमीन मे जा धसी। वही संबंध में दानापुर एसपी दीक्षा ने बतलाया कि गिरफ्तार युवक अपनी कर से ससुराल पहुंचकर गोली चलाई है जहां एक कट्टा वह दो जिंदा कारतूस के साथ एक खोखा भी पुलिस ने बरामद किया है पुलिस इस संबंध में हर पहलू पर छानबीन कर रही है।

# कमेटी के पदाधिकारियों के कारण सुर्खियों में आ जाते अधीक्षक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह कमेटी के पदाधिकारी के आदेश को मानकर काम करते हैं और विवाद में आ जाते हैं। इसके पूर्व भी वे तख्तश्री पटना साहिब से गेहूं और चीनी के बेचे जाने के मामले में सुर्खियों में आए थे। तब जांच कमेटी का गठन किया गया था जिसकी रिपोर्ट में भी तीन लोगों का नाम दोषी में आया था।

तब के अध्यक्ष ने मीडिया को बयान भी दिया था। इसके बाद दरबार साहिब में उस समय के अध्यक्ष अवतार सिंह हित (अब स्वर्गीय) ने उपाध्यक्ष जगजोत सिंह और महासचिव इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में इन्हें सेवानिवृत्ति का पत्र और पांच लाख का चेक सौंपा था। साथ ही सरोपा भी प्रदान किया गया था। मगर आज तक वह अपने पद पर कायम रहते हुए काम कर रहे हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर या बातचीत में इसे लेकर चर्चा आम होती है। वर्ष 2023 के अक्टूबर में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तख्तश्री पटना साहिब आयी थीं। तब भी अधीक्षक दलजीत सिंह सुर्खियों में आ गए, जब दरबार साहिब से संगतों को बाहर जाने के लिए कहने के दौरान ऊंची आवाज में बोलने का आरोप लगा। मामला श्री अकाल तख्त साहिब तक गया। वहां श्री दलजीत के अलावा कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव भी पेश हुए। वहां से पटना साहिब के पंज प्यारों के को मामला सौंपा गया। यहां वह पेश हुए। उन्हें धार्मिक सजा लगी, जिसे उन्होंने पूरा भी किया। अभी ताजा मामला 22 अप्रैल का है, जब वर्तमान जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के छोटे पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने तत्कालीन रणजीत सिंह गौहर पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष के नाम पत्र सौंपा। इसके बाद अधीक्षक दलजीत सिंह के द्वारा चौक थाना के थानाध्यक्ष को मामला दर्ज के लिए करने के लिए आवेदन दिया गया। इसके साथ धर्मेंद्र सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन भी संलग्न किया गया है। अब संगत और स्थानीय लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि जब ज्ञानी रणजीत सिंह ने धर्मेंद्र सिंह को धमकी दिया, तब उसे खुद चौक थाना जाकर मामला दर्ज कराया जाना चाहिए था, न कि अधीक्षक दलजीत सिंह के द्वारा थाना में रपट दर्ज कराए जाने के लिए पार्टी बनना चाहिए था। दूसरी और सेवादार कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा है कि एक सभ्य और संत ज्ञानी महापुरुष को लोग जबरन और नाहक झूठे मामले में फंसा कर परेशान करना चाह रहे हैं। जिसे धमकी दी गई, उसने मामला दर्ज नहीं कराया और अधीक्षक के द्वारा आवेदन दिए जाने का कोई मतलब नहीं है। क्या जिस वक्त ज्ञानी रणजीत सिंह और उनके सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी में धर्मेंद्र सिंह से बात हुई थी, तब क्या अधीक्षक दलजीत सिंह वहां पर मौजूद थे, जो उन्होंने पूरा वाकया आवेदन में दिया है। क्या वह अपनी आंखों से देखा और कानों से सुना है।

# लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में शत-प्रतिशत नागरिकों की सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी: ज़िलाधिकारी



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत हर क्षेत्र में नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ तथा कास्ट-योर-वोट अभियान चलाया जा रहा है। आज भी सम्पूर्ण ज़िला में यह चलाया गया। इन कार्यक्रमों का ध्येय लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत को कम से कम राष्ट्रीय औसत के अनुरूप अर्थात 68 प्रतिशत करना है। लोकसभा चुनाव 5 साल पर आया है। मतदान करने में 5 मिनट का समय लगता है। 5 साल में 5 मिनट का आपका प्रयास हमारे लोकतंत्र की नई दिशा तय करेगा। मतदान अब बस 37 दिन दूर है। 1 जून को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। . जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक का मतदाताओं से आह्वान जिलाधिकारी के निदेश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के सभी विभाग यथा कल्याण विभाग, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, नगर निकाय के कर्मी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। लोगों को उनके बूथ, एएमएफ, मतदान के लिए वैकल्पिक दस्तावेजों, टोल फ्री नंबर 1950 से संबंधित जानकारी दी जा रही है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में शामिल कोई भी मतदाता मतदान के अपने अधिकार से वंचित न हों। ऐसे निर्वाचक जो अपना एपिक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। कोई भी व्यक्ति टॉलफ्री वोटर हेल्पलाइन 1950 पर कॉल कर निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निर्वाचन के बारे में किसी भी तरह की सूचना, फीडबैक या सुझाव दी जा सकती है। अगर कोई समस्या हो तो इसपर कॉल करें। हर तरह की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन के कई विभागों द्वारा अभियान एवं अन्य माध्यमों से मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।नगर निकायों के द्वारा शहरी क्षेत्रों में अपार्टमेंट में जाकर वोटर्स मीट का आयोजन किया गया तथा जिलाधिकारी के द्वारा मतदाताओं एवं अभिभावकों के नाम जारी अपील पत्र सौंप कर उन्हें मतदान के दिन स्वयं तथा अपने सगे संबंधियों के साथ वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी के निदेशानुसार सहायक निवार्ची पदाधिकारियों की अध्यक्षता में मोहल्ले, सोसायटी एवं अपार्टमेंट में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कैंप लगाया जा रहा है तथा उनको उनके बूथ एवं मतदाता सूची के बारे में जानकारी दी जा रही है और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित भी किया जा रहा है। जिला के सभी प्रखंडों में जीविका दीदियों के द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठकों में लोकतंत्र में मतदान की उपयोगिता पर भी चर्चा की जा रही है। आज जीविका के द्वारा कम वोटर्स टर्न-आउट वाले बूथ के नजदीक पद-यात्रा/ रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। जीविका दीदियों द्वारा मतदाता शपथ लेकर भी लोगों को चुनाव हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है।

# यूटीएस ऑन मोबाइल हेतु निर्धारित बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध किया गया समाप्त




प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में यात्रा टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट दोनों के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इससे अब रेल उपयोगकर्ता घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन हेतु अपना अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं ।जबकि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी अर्थात केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति मिलेगी । विदित हो कि वर्तमान में यह बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध 20 किमी का था। अर्थात कोई भी यात्री वर्तमान में किसी स्टेशन से अधिकतम 20 किमी की दूरी तक ही उस स्टेशन से यात्रा हेतु अनारक्षित टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकता था । अब यह प्रतिबंध हटा दिया गया है । अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन (एनड्राइड या विंडो आधारित) के जरिए अनारक्षित टिकट बुकिंग (वळर ळ्́ी३) की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इस सुविधा से रेल यात्री अनारक्षित टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में लगने से बच सकते हैं और वे अपने मोबाइल से आसानीपूर्वक अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं ।

# बांद्रा, वडोदरा, वापी, पुणे, नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 25 अप्रैल को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15. बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।, गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25अप्रैल को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।, गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26अप्रैल को सहरसा से 07 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।, गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल 25अप्रैल को मुजफ्फरपुर से 17 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन13 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।, गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशलः गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशल 27अप्रैल को मालदा टाउन से 20.00 बजे खुलकर मुंगेर, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 30अप्रैल को 02 बजे वापी पहुंचेगी ।

# जिलाधिकारी ने की स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा, पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप तत्पर रहने का दिया निदेश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ तथा कास्ट-योर-वोट जैसे अभियान से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम को जन-अभियान का रूप दिया गया है जिससे शत-प्रतिशत मतदाताओं तक पहुँच बनाई जा सके। हर कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता थीम पर आयोजित किया जा रहा है। गाँव-गाँव एवं शहर-शहर में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की ज़िलाधिकारी की अपील गूंज रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की जाती है । आज भी उन्होंने जूम के माध्यम से इसकी समीक्षा की तथा प्रगति का जायजा दिया। ज़िलाधिकारी ने पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप तत्पर रहने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधा रहनी चाहिए। भीषण गर्मी के आलोक में हीटवेव मिटिगेशन प्लान का अच्छी तरह क्रियान्वयन करें। मतदान केंद्रों के आस पास सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। विगत चुनावों में कम वोटिंग वाले बूथ पर एआरओ विशेष अभियान चलायें। सभी स्टेकहोल्डर्स को अभियान में शामिल करें ।जिलाधिकारी ने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को मार्च टू बूथ) कार्यक्रम तथा सेल्फी विद बूथ कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह काफी प्रभावकारी साबित हो सकता है। मतदाताओं को उनकी बूथ की सटीक जानकारी मिलेगी। साथ ही मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध एएमएफ के बारे में भी वे अवगत होंगे। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मई दिवस के अवसर पर 1 मई को पूरे ज़िला में विभिन्न क्षेत्रों में मतदान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके द्वारा मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि वीटीआर में वृद्धि के लिए टारगेटेड इंटरवेंशन की जाए। मल्टीडाइमेंशनल (बहुआयामी) एप्रोच अपनाया जाए। पारंपरिक माध्यमों के साथ-साथ नए एवं आधुनिक माध्यमों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जाए। सभी भागीदारों को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल की जाए। चैम्बर ऑफ कॉमर्स, आईएमए, विद्यालयों के संघों, सोशल इंफ्ल्यूएंसर्स, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, केमिस्ट एसोसियेसन, शॉपकीपर्स एसोसिएशन, खिलाड़ियों के संगठनों आदि सभी की मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में आप सभी गर्व से वोट डालें। लोकतंत्र की जननी के तौर पर सुप्रतिष्ठित राज्य के हमारे ऐतिहासिक जिला में मतदान प्रतिशत कम-से-कम राष्ट्रीय औसत के अनुरूप (68 प्रतिशत) हो। इसबार हमारे प्यारे ज़िलावासी मतदान का रिकॉर्ड स्थापित करें। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम; चुनाव का पर्व, देश का गर्व; जैसे मतदान जागरूकता को प्रेरित करने वाले नारों से गाँवों एवं नगर क्षेत्रों में स्वीप-कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी तथा कर्मीगण लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर विजिट किया जा रहा है। मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली, शपथ-ग्रहण, स्लोगन, रैली, संगोष्ठी, पद यात्रा, खेल इत्यादि कार्यक्रमों से मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ज़िला प्रशासन के विभिन्न विभागों जैसे नगर निकाय, आईसीडीएस, कल्याण, जीविका, शिक्षा, खेल सहित अन्य सभी विभागों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में युवा एवं महिला मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने तथा मतदान के दिन सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के अपील संदेश के साथ पटना में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 25 अप्रैल, 2024



# इंडी गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति उजागर : सम्राट

- कांग्रेस को नहीं है बाबा साहेब के संविधान पर भरोसा
- मुसलमानों को आरक्षण देने की कांग्रेस कर रही है साजिश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इंडी गठबंधन में शामिल राजद, कांग्रेस सहित उसके अन्य घटक दलों की वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति उजागर हो गई है। राजद और कांग्रेस की मंशा संविधान की अवहेलना करते हुए दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के लिए निर्धारित आरक्षण को कम कर उसे मुसलमानों को देने का है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन लाख कोशिश कर लें भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रहते एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता है। श्री चौधरी ने कहा कि लालू यादव और उनका दल राजद सबसे बड़ा आरक्षण विरोधी है। ये वहीं लालू यादव है जिन्होंने 2001 में बिना आरक्षण दिए पंचायत चुनाव करा कर ओबीसी की हकमारी की। आज लालू यादव उस कांग्रेस के साथ गलबहियां कर के चुनाव लड़ रहे हैं जिसने यूपीए-1 की सरकार बनते ही 2004 में आंध्र प्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी की हकमारी कर तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था, मगर सुप्रीम कोर्ट की सजगता की वजह से उसे सफलता नहीं मिली थी। बाद के वर्षों में भी कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी की हकमारी कर उनके हिस्से का आरक्षण मुसलमानों को देने का कई बार कोशिश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस की इस साजिश को उजागर किया है तो इंडी गठबंधन के नेताओं को मिर्ची लगी है और वे मोदी को गाली देने की होड़ लगा रहे हैं। छुपे एजेंडा उजागर होने से कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य दलों में इतनी घबराहट पैदा हो गई है कि उनके नेता तिलमिला गए हैं। देश का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है, मगर कांग्रेस संविधान को बदलने पर आमदा है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और उसके घटक दलों को बाबा साहेब अम्बेदकर के संविधान पर भी भरोसा नहीं है। इंडी गठबंधन के एक नेता दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की तो दूसरा नेता गोवा में भारतीय संविधान लागू नहीं करने की बातें कर रहे हैं। देश को उत्तर और दक्षिण के आधार पर बांटने की मानसिकता वाले इंडी गठबंधन देश की एकता के लिए एक गंभीर खतरा है।

**गरीब-वंचित की सरकार बनानी है तो मोदी जरूरी हैं :**

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खगड़िया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा, बिहार बदल रहा है। श्री चौधरी ने खगड़िया की जागरूक जनता को किसी भी प्रपंच में ना फंसकर एनडीए समर्थित लोजपा उम्मीदवार श्री राजेश वर्मा जी को विजयी बनाने का आग्रह किया। खगड़िया का एक-एक वोट सीधे मोदी जी के नाम होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश को आगे बढ़ाना है, गरीब-वंचित की सरकार बनानी है तो मोदी जी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के चार करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की योजना तीन करोड़ और गरीब परिवारों को पक्का मकान देने की है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत और विकसित बिहार बनाने के लिए एनडीए के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त पांच किलो अनाज प्रति महीने दिए जा रहे हैं, इन सभी लोगों को पांच लाख रुपये तक का इलाज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को श्रेष्ठ बनाने का सपना देखा है। आज एनडीए प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में विकसित भारत का सपने को साकार करने के लिए आगे बढ़ रहा है, इस कारण आपका एक -एक वोट इस सपने को साकार करेगा।

# परिवारवादी जमींदारों के मायाजाल में नहीं फंसने वाली जनता : विजय कुमार

- 4 जून का परिवारवादियों के कहर से मुक्ति का जनादेश होगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज बिहार और बिहारी विकसित बिहार बनाने के संकल्प के साथ 40 की 40 लोकसभा सीट मोदी के नेतृत्व वाले ठऊअ की झोली में डालने को तैयार खड़ा है। बिहार की जनता अब परिवारवादी जमींदारों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के मायाजाल में नहीं फंसने वाली है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार के लोग आज भी 1990 से 2005 का वह दौर नहीं भूले हैं जब यहां अपराध और अराजकता का बोलबाला था। देशभर में बिहार और बिहारी जंगलराज के कारण लज्जित और शर्मिंदा महसूस करता था। उस दौर में राज्य के युवाओं के पास दो ही विकल्प थे वे या तो बिहार में रहकर गोली खाने को मजबूर थे या फिर यहाँ से पलायन कर बाहर गाली सुनने को विवश थे।

श्री सिन्हा ने कहा कि खुद को गरीबों का मसीहा कहने वाले लालू प्रसाद और उनके परिजनों ने कभी जाति और धर्म के नाम पर गरीबों को आपस में लड़ाया, संगठित अपराध को प्रश्रय दिया, तो कभी बलात्कार और नरसंहार करने वाले असामाजिक तत्वों को खुलेआम संरक्षण दिया। जब उससे मन नहीं भरा तो नौकरी का झांसा देकर गरीबों की जमीन और गाढ़ी कमाई को लूटने में जुट गए। श्री सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस भी लालू परिवार के काले कारनामों में बराबर की साझेदार रही है। जब जब लालू परिवार भ्रष्टाचार के भंवर में घिरा है कांग्रेस ने उनका साथ दिया है। खुद को बिहार में मिटाकर भी कांग्रेस ने लालू परिवार की जमींदारी को मिटने नहीं दिया। श्री सिन्हा ने कहा राजद और कांग्रेस दोनों तुष्टिकरण, परिवारवाद, सामाजिक विद्वेष को प्रश्रय देने की नीति पर चलते हैं। इसलिए दोनों एक दूसरे के स्वाभाविक साझेदार हैं। इसे बिहार की जनता भलीभांति जानती है। श्री सिन्हा ने कहा कि 4 जून का जनादेश बिहार में जातीय जहर के लहर और परिवारवादी जमींदारों के कहर से मुक्ति के साथ विकसित भारत के संकल्प में सार्थक योगदान करने वाले विकसित बिहार के निर्माण के लिए होगा। एक बार फिर दिल्ली और पटना के युवराज राहुल और तेजस्वी हार का दंश मिटाने विदेश जाकर छुट्टियां मनाने की योजना में अभी से जुट गए हैं ।

# सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए के पक्ष में माहौल : उमेश

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने ताबड़तोड़ रोड शो और जनसभाएं की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सांसद मनोज तिवारी के साथ अररिया एवं भागलपुर लोकसभा में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में भव्य रोड शो किया। साथ ही उन्होंने कटिहार लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया एवं स्थानीय जनता से एनडीए के पक्ष में वोट देने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि कटिहार के मतदाताओं ने हमेशा राजनीतिक निर्णय लेने में अपनी संवेदनशीलता और सूझबूझ का परिचय दिया है इसलिए हमें पूरा विश्वास है कि लोकतंत्र और परिवारतंत्र की लड़ाई में यहाँ की जनता लोकतंत्र को चुनेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कटिहार ने कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, ना ही कभी फिरकापरस्त ताकतों को बढ़ावा नहीं दिया, कटिहार ने हमेशा सत्य और न्याय का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भावी पीढ़ियों की बेहतर भविष्य के लिए है। एनडीए प्रत्याशी को दिया गया प्रत्येक वोट विकसित भारत और विकसित बिहार की संकल्पना को मजबूत करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड गरीब कल्याण और विकास का रहा है दूसरी ओर विपक्ष की कार्यशैली पर नजर डालें तो उन्होंने सत्ता में रहकर सिर्फ मलाई खाने का काम किया। विपक्षी दलों का गठबंधन घोटालेबाजों का गिरोह है, जनता कभी इनके भ्रमजाल में नहीं फँसेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए के पक्ष में एकतरफा माहौल है, एनडीए के प्रति जनता का अप्रतिम उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास के कामों से जनता बेहद प्रभावित है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार की जनता से वोट मांगने से पहले अपने माता-पिता के कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। उनके माता-पिता के कार्यकाल में बिहार जंगलराज और भ्रष्टाचार का पर्याय बना। विपक्ष के पास जनता के विकास का कोई विजन नहीं है बल्कि एनडीए सरकार ने बिहार एवं देश में विकास का अनूठा मॉडल पेश किया है, इस बार जनता विकास के मुद्दों को केंद्र में रखकर वोट करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों को अपना बताकर तेजस्वी यादव जनता की आँखों में धूल झोंक रहें हैं। बदहाल और बीमारू राज्य बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास की पटरी पर दौड़ाने का काम किया, नीतीश कुमार के प्रयास से आज पूरी देश-दुनिया में बिहार की बेहतर छवि हुई है।

# प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते : भापका

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते हैं। सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई आसमान छू रही है। 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर 410 रुपये, डीजल 55.48 रुपये लीटर और पेट्रोल 72 रुपये प्रति लीटर मिलता था। मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में डीजल 94 रुपये लीटर, पेट्रोल 107.31 रुपये लीटर और घरेलू गैस सिलेंडर 1000 रुपये से अधिक में मिल रहा है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि देश के 83 फीसदी युवा बेरोजगार हैं।भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में 30 लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। इन मुद्दों पर प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोलते हैं। दस वर्षों की उपलब्धि नहीं बताते हैं। दरअसल में प्रधानमंत्री के पास उपलब्धि बताने के लिए कुछ है ही नहीं, इसलिए फिर से हिन्दू-मुस्लिम करने लगे हैं। भाजपा के उम्मीदवार खुलेआम संविधान बदलने की मांग कर रहे हैं। इस पर प्रधानमंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने की है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया तो अन्य आठ उम्मीदवारों पर दवाब बनाकर नामांकन वापस कराया गया और भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। यह लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है।

# कांग्रेस-राजद छीन लेगी आपके बच्चों की संपत्ति : मंगल पांडेय

- आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को वोट न देने का लें संकल्प

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के उस बयान की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि देश में अमेरिका की तर्ज पर विरासत टैक्स लगना चाहिए। कांग्रेस की सरकार आएगी तो इस पर चर्चा की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि मैं देश की जनता से अपील करना चाहता हूं कि वो लोकसभा चुनाव में किसी कीमत पर कांग्रेस-राजद को अपना बहुमूल्य मत न दें। इंडी गठबंधन ने अपनी मंशा उजागर कर दी है कि यदि वो सत्ता में आएगी तो देश की जनता की निजी व बहुमूल्य संपत्ति छीन लेगी। इंडी गठबंधन आपके मेहनत से अर्जित की गयी संपत्ति आपके बच्चों के लिए नहीं छोड़ेगी बल्कि उसका 55 प्रतिशत हिस्सा कब्जा कर लेगी। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा का बयान अति निंदनीय है। जिसमें वो अमेरिका की तर्ज पर विरासत टैक्स लगाने का जिक्र कर रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां हमेषा देश को बर्बाद करने वाली हैं। कांग्रेस ने हमेशा देश की जनता को सड़क पर लाकर अपने खजाने को भरा है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अमेरिका के शिकागो में कहा है कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। जिसका मतलब है कि अगर किसी के पास 100 रूपया है तो वह केवल 45 रूपया ही अपने बच्चों को दे सकता है। बाकी का 55 फीसदी कांग्रेसी व्यवस्था हड़प लेगी। अब यही व्यवस्था भारत में कांग्रेस लाने की कोशिश में है। श्री पांडेय ने कहा कि देश में वोटरों को कांग्रेस की योजनाओं से सचेत हो जाना चाहिए। ये पार्टी कभी सर्जिकल स्ट्राईक पर सबूत मांगती है तो कभी चीन व पाकिस्तान का समर्थन करती है। तुष्टिकरण एवं भ्रष्टाचार इनके एजेंडें में सर्वोपरी रहा है। अब तो अपनी मेहनत और उद्यम से बनाई संपत्ति छीन लेने की योजना इंडी गठबंधन की है। सैम पित्रोदा वहीं शख्स हैं जो राहुल गांधी के पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के भी सलाहकार थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सलाहकार भी हैं। उनकी बनाई योजना पर पार्टी अमल करती रही है। इस पार्टी ने सेना के शहीदों का अपमान किया, द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर अनुसूचित जाति का अपमान किया, राहुल ने यूपी में युवाओं को नशे में डूबा हुआ बोलकर अपमानित किया। वहीं किसानों व गरीबों को हमेशा धोखे में रखा। इन सभी का जवाब देश की जनता एनडीए गठबंधन को 400 पार करके देगी।

# परम वैज्ञानिक थी महात्मा सुशील की आध्यात्मिक दृष्टि

## इस्सयोग-प्रवर्त्तक के दो दिवसीय महानिर्वाण महोत्सव का हुआ समापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुदेव की वाणी में अद्भुत शक्ति थी। वे वैज्ञानिक दृष्टि से अध्यात्म की व्याख्या करते थे। वे कहा करते थे कि हर एक व्यक्ति ऊर्जा की घनीभूत इकाई है। संपूर्ण ब्रह्माण्ड ही विराट ऊर्जा का पूँज है। वही परमात्मा है। परम वैज्ञानिक थी ब्रह्मलीन सदगुरुदेव की आध्यात्मिक दृष्टि, जो आधुनिक संसार को आकर्षित करती है। आज दुनिया के वैज्ञानिक भी वही बात कहने लगे हैं, जो हजारों वर्ष पूर्व हमारे संत-षि कह चुके, जो हमारे सदगुरु कहा करते थे।

यह बातें बुधवार को, बी-१०८, कंकड़बाग हाउसिंग कौलोनी स्थित गुरुधाम में, अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में, इस्सयोग के प्रवर्त्तक और अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के संस्थापक ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के २२वें महानिर्वाण महोत्सव में अपना उद्गार व्यक्त करते हुए, संस्था के उपाध्यक्ष पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि परमात्मा कुछ चुने हुए लोगों को किसी सक्षम सदगुरु का सान्निध्य प्रदान करते हैं। हम सभी सौभाग्यशाली है, जिन्हें सदगुरु एवं सदगुरुमाँ का दिव्य-सान्निध्य प्राप्त हुआ है। दो दिनों के इस उत्सव में अद्भुत दिव्यता व्याप्त थी। मौसम को भी अनुकूल होना पड़ा। यह इस्सयोगियों की आत्म-शक्ति का परिचायक है। अपने आशीर्वचन में संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रहनिष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी ने कहा कि परमात्मा और सदगुरु की दृष्टि से कोई भी ओझल नहीं है। सब पर उनकी दृष्टि होती है। हमारा कुछ भी उनसे छुपा नहीं होता। इसलिए हमारा मन शुद्ध रूप से सदगुरु परमात्मा में लगा होना चाहिए। माताजी ने कहा कि मन्दिर अथवा मूर्ति चेतन नहीं होते, हमारा मन चेतन होता है। हम चेतन हैं। एक श्रद्धालु जिस भाव से किसी मूर्ति के समक्ष खड़ा होकर प्रार्थना करता है, उसी अनुरूप उसे प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सुख और दुःख और कुछ नहीं, मन की अवस्थाएँ हैं। एक ही बात से कोई व्यक्ति दुखी तो कोई प्रसन्न हो सकता है, और,किसी पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। ह्यइस्सयोगह्ण की साधना एक साधक को मन पर अधिकार करने की शक्तियाँ प्रदान करती है। इसलिए प्रत्येक साधक को प्रतिदिन कमसेकम एक घंटे की सूक्ष्म आंतरिक साधना श्रद्धापूर्वक अवश्य करनी चाहिए। सदगुरुदेव ने इस्सयोग के रूप में जो वरदान दिया है, उसके प्रसार का समय आ चुका है। इसके पूर्व माताजी के निर्देश पर पूज्य बड़े भैया ने अमेरिका की इस्सयोगी बालिका सुभी राज तथा थाईलैंड की इस्सयोगी बालिका आकर्षा पाण्डेय को, उसकी विशेष प्रतिभा के लिए, इस वर्ष का ह्यमहात्मा सुशील कुमार माँ विजया प्रोत्साहन पुरस्कारह्ण प्रदान किया।यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि , कल दूसरे पहर के पश्चात आरंभ हुई २२ घंटे की अखंड-साधना और भजन-संकीर्तन का आज प्रातः साढ़े नौ बजे समापन हुआ।

# अपनी संपत्ति बांट कर योजना की शुरूआत क्यों नहीं करते राहुल : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस पर हमला बोलते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि लगातार मिल रही हार से कांग्रेस के नेताओं का मानसिक संतुलन हिल गया है। लंबे समय से घोटाला न कर पाने की कसक इनके बयानों में साफ दिखायी दे रही है। राहुल गाँधी के लोगों की संपत्ति का पता लगाने के बाद उसे बांट देने के बयान के बाद अब उनके राजनीतिक गुरु सैम पित्रोदा ने अमेरिका की तर्ज पर लोगों के मरने पर कम से कम उनकी आधी संपत्ति सरकार द्वारा ले लिए जाने की वकालत की है। इससे साफ है कि आम जनता की खून-पसीने से अरजी हुई कमाई के साथ-साथ कांग्रेस अब उनके पुरखों की संपत्ति पर भी कांग्रेस अपना पंजा मारने की फिराक में है। उन्होंने कहा कि मामला वायरल होने पर कॉन्ग्रेस के अन्य नेता अब इस मसले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके सर्वमान्य नेता राहुल गाँधी लगातार देश के लोगों के सम्पत्ति के सर्वे की बात कर रहे हैं। साथ ही कॉन्ग्रेस के घोषणा पत्र में भी इस तरह के सर्वे की बात की गई है। कांग्रेस नेताओं को बताना चाहिए कि क्या राहुल गाँधी झूठ बोल रहे हैं? वह बताएं कि क्या उनका घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है? राहुल के इरादों को खतरनाक बताते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि यदि दुर्भाग्य से भी राहुल के वादे जमीन पर उतर गये तो देश का बेडा गर्क हो जाएगा। इससे न केवल समाज का आर्थिक तानाबाना छिन्न-भिन्न हो जाएगा बल्कि लोगों का आपसी भाईचारे की भी धज्जियां उड़ जायेंगी। ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल के मन देश की जनता के प्रति बचा-खुचा प्रेम भी समाप्त हो गया है। कांग्रेस के बाद अब वह देश के टुकड़े-टुकड़े पर आमदा हो गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व उनके सहयोगियों के घोटालों का इतिहास देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इस कानून के जरिये भी वह देश का सबसे बड़ा घोटाला करने के मंसूबे पाल रहे हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि जिस तरह राजद के नेता बेनामी जमीन लिखवाते थे, उसी तरह इस कानून के जरिये कांग्रेस के नेता अपने नौकर-चाकरों के नाम पर आम जनता की संपत्ति हड़पना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल को यह बताना चाहिए कि यदि वह सही में इस वादे को जमीन पर उतारना चाहते हैं तो सत्ता पाने का इंतजार क्यों कर रहे हैं? क्यों नहीं वह अपने साथी युवराजों के साथ अपने घर और अपनी संपत्ति बाँट कर इस कार्य की शुरूआत आज-कल में ही कर देते हैं।

# 17 वर्षों के शासन काल में बिहार में कितने उद्योग धंधे स्थापित हुए : राजद

पटना। राजद के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन अन्य प्रवक्ताओं मृत्युंजय तिवारी, अरूण कुमार यादव एवं आरजू खान के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नाम से एक अपील जारी किया गया है जिसमें केवल झूठे तथ्यों के आधार पर वोट की अपील की गई है। राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि यह अपील भले ही नीतीश जी के नाम से जारी किया गया है पर ऐसा लगता नहीं है। क्योंकि 2005 के बाद उन्होंने राजद के साथ मिलकर सरकार बनायी है, वह भी एक बार नहीं दो-दो बार। हमसबों के लिए नीतीश जी काफी सम्मानीय हैं। पर आज उनकी जो स्थिति है वे चुनावी सभाओं में भी लिखा हुआ भाषण पढ़ते हैं जबकि पहले ऐसी बात नहीं थी, केवल आंकड़ों को ही लिखकर रखते थे। उनके नाम से जारी अपील में यह बताना चाहिए था कि पिछले सत्रह वर्षों में बिहार में बेरोजगारी और महंगाई दूर करने एवं किसानों की दशा सुधारने में उनकी क्या उपलब्धी रही? उनके 17 वर्षों के शासन काल में बिहार में कितने उद्योग धंधे स्थापित हुए? स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति क्या रही? कानून व्यवस्था में कितना सुधार हुआ? डबल इंजन की सरकार में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज क्यों




नहीं मिला? उनके करबद्ध अनुरोध के बावजूद पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बनाया गया? बिहार को बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं को उंचे दरो पर क्यों दिया जा रहा है? कितने क्षेत्रों में सिंचाई का विस्तार हुआ? छोटे और मध्यम कारोबारी अपना व्यवसाय बंद करने के लिए क्यों मजबूर हो रहे हैं? राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव के 17 महीने के उपमुख्यमंत्रीत्व काल में जो उपलब्धियां रहीं उसका जवाब जदयू और भाजपा नेताओं के पास नहीं है। इसलिए 17 वर्ष पहले की चर्चा इनके द्वारा बार-बार की जाती है और 2005 के पहले की हकीकत को छुपाया जाता है और केवल दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जाता है। उनके दुष्प्रचार में यदि थोड़ी भी सच्चाई रहती तो तीन-तीन बार राजद को बिहार की जनता का अपार जन समर्थन नहीं मिलता और 2004 के लोकसभा चुनाव में 40 लोकसभा क्षेत्रों में राजद गठबंधन को 31 और राजद को अकेले 22 सीटें नहीं मिलती। राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि जब 1990 में लालू जी मुख्यमंत्री बने उस समय देश भयंकर मंदी के दौर से गुजर रहा था। इसके बावजूद लालू जी ने बिहार में मंडल आयोग के आरक्षण प्रावधानो के अनुसार बड़ी संख्या में सिपाही, दारोगा, शिक्षक, ईजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर एवं अन्य सेवाओं में नियुक्तियां की गई थी। जबकि 2005 के बाद एक भी डॉक्टर, इंजीनियर और प्रोफेसर की बहाली नहीं हुई है और संविदा के आधार पर काम कराया जाता है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत 2 लाख शिक्षा मित्रो की नियुक्ति हुई, जो बाद में नियोजित शिक्षक कहलाये। स्थानीय निकायों का चुनाव कराया गया जिसमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। 70 के दशक में बेलछी और पिपरा जैसे शुरू हुए नरसंहारों के दौर को नियंत्रित किया गया और राबड़ी जी के दूसरे मुख्यमंत्रीत्व काल में नरसंहार की एक भी घटना नहीं घटी।

# मशीनों द्वारा अब लगातार होगी नालों की पूर्ण उड़ाही

- पटना नगर निगम द्वारा दो सुपर सकर मशीन की खरीद
- लगभग 3 करोड़ 75 लाख 58 हजार की लागत से की गई खरीद

पटना। पटना नगर निगम द्वारा शहर की सफाई को मशीनीकृत बनाने के लिए नई पहल निरंतर किया जा रहे हैं इसी कड़ी में पटना नगर निगम द्वारा दो सुपर सकर मशीन की खरीद की गई है। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा शहर की सफाई मशीनों के माध्यम से लगातार की जाती रही है। इसी कड़ी में अब 2 नई मशीनों के माध्यम से शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा सुपर सकर मशीन, जेट्टिंग मशीन हाईवा सहित कई मशीनों के माध्यम से लगातार यह प्रयास किया जा रहा है शहर के सड़क, बड़ें नालों, मैनहोल, सड़कों की धुलाई के साथ शहर की पूर्ण रूप से सफाई को मशीनों द्वारा की जाए। इसी कड़ी में अब 2 नई मशीनों को खरीद की गई है। इस मशीन के माध्यम से बिना नाले में उतरे सफाई कर्मी बेहतर तरीके से नाला उड़ाही का कार्य कर सकते हैं। बता दे की दो सुपर शकर मशीन की लागत 3 करोड़ 75 लाख 58 हजार रुपए है।

# सात निश्चय 2 कार्यक्रम के तहत लाखों नौजवान बने शिक्षक : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पूर्णिया में दिये गये बयान की हमारी बड़ी पार्टी होते हुए भी नीतीश कुमार को हमने मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी शर्तों पर राजनीति करते हैं और सफलतापूर्क गठबंधन की राजनीति के संचालन के रॉलमॉडल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने लंबे संसदीय जीवन में सुचिता की राजनीति के लिए जाने जाते हैं। तेजस्वी यादव को जानना चाहिए कि तत्कालीन जनता दल के नेता के तौर पर नीतीश कुमार के चाणक्य की भूमिका के कारण ही लालू प्रसाद यादव को पहली बार 1990 में मुख्यमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ। नीतीश कुमार ने महागठबंधन के तहत वर्ष 2015 में सात निश्चय कार्यक्रम के एजेंडा पर विधानसभा का चुनाव जीत कर आये और मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2017 में जदयू का भाजपा के साथ गठबंधन होने पर भी सात निश्चय कार्यक्रम पूर्व की भाँति जारी रहा। विधानसभा चुनाव 2020 में सात निश्चय पार्ट 2 को लेकर चुनाव में जदयू गई और राज्य में जेडीयू भाजपा की सरकार बनी। जदयू-भाजपा सरकार बनने के उपरांत सात निश्चय पार्ट 2 का सफलतापूर्वक संचालन होता रहा। वर्ष 2022 में पुनः महागठबंधन की सरकार बनी जिसमें राजद भी शामिल था। पूर्व की भाँति महागठबंधन सरकार में सात निश्चय 2 कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित होते रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार में किये गए वादे के मुताविक सात निश्चय 2 कार्यक्रम के तहत लाखों नौजवान शिक्षक बने। वर्ष 2015 के महागठबंधन सरकार में पुरे राज्य में पूर्ण शराबबंदी की गई। शराबबंदी की नीति जदयू-भाजपा सरकार में भी पूर्व की भांति सफलतापूर्वक लागू है।

# कांग्रेस, राजद का असली चेहरा तुष्टिकरण का घिनौना राजनीतिक चेहरा : ऋतुराज

## घुसपैठियों को बुलाकर वोटर बनाने की राजनीति को भाजपा करेगी समाप्त

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज कांग्रेस और राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन का असली चेहरा तुष्टिकरण का घिनौना राजनीतिक चेहरा है। उन्होंने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव मुद्दे और तथ्यों की बात करने की बात करते हैं । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि देश का एक्सरे करेंगे। सर्वेक्षण कराएंगे और सभी जाति, धर्म के लोगों की सम्पत्ति का सर्वे करेंगे। इसके बाद कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र में कहा कि अल्पसंख्यक का सशक्तिकरण आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा, सरकारी नौकरी और पीएसयू में इन्हें उचित अवसर प्रदान करेंगे। भाजपा मीडिया सेंटर में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बातें अचानक नहीं बोल रही है। कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण का एजेंडा हमेशा रहा है। 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति और संसाधन पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक यानी मुसलमानों का है। श्री सिन्हा ने कहा कि यही नहीं उसी दौर में सच्चर कमिटी की रिपोर्ट में कहा गया था कि दलितों से बुरी हालत अल्पसंख्यकों की है। रंगनाथ कमीशन की रिपोर्ट में यहां तक कहा गया था कि सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण उनके लिए किया जाए। ऐसी स्थिति में कांग्रेस से सवाल है कि क्या ओबीसी से कोटे से काटकर यह आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संपत्ति का सर्वे कराकर जनसंख्या के आधार पर बांटने की बात होगी । कांग्रेस क्या बाबा साहब के संविधान के साथ छेड़छाड करेगी। उन्होंने साफ लहजे मे यह भी कहा कि कांग्रेस 1963 और 1974 में कम्पलसरी डिपॉजिट एक्ट ला चुकी है। उन्होंने राजद के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सवाल किया कि क्या वे भी कांग्रेस की तरह ओबीसी आरक्षण कोटे से काटकर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि क्या तेजस्वी यादव एनआरसी का भी विरोध करते है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि तेजस्वी सर्व नागरिक को समान अधिकार का क्या समर्थन करते है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमांचल में जो आज हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं उनकी सम्पत्ति का सर्वे कराकर क्या तेजस्वी भी मुसलमानों के बीच वितरित करवाने के कांग्रेस के एजेंडे के साथ हैं। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ने इंडी गठबंधन को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा कभी भी सीमांचल में ममता मॉडल को लागू नहीं होने देगी। सीमांचल बिहार का अंग है। घुसपैठियों को बुलाकर वोटर बनाने की राजनीति को भाजपा समाप्त करेगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल,प्रवक्ता जयराम विप्लव, मीडिया सह प्रभारी सूरज पांडेय, सुमित शशांक भी उपस्थित रहे।

# मनेर के पूर्व विधायक श्रीकांत निराला भाजपा में हुए शामिल

पटना। बिहार भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में बुधवार को पटना के मनेर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे श्रीकांत निराला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री निराला को भाजपा प्रदेश सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका पार्टी में स्वागत किया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री निराला ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा मनेर विधानसभा क्षेत्र से लीड करेगी। उन्होंने कहा कि लोगों को यह गलतफहमी है कि मनेर विधानसभा में भाजपा के कार्यकर्ता नहीं रहते हैं। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह मेरी घर वापसी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में एमएलसी डॉ राजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रवक्ता सुहेली मेहता और राजेश सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न मामलों में 18 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर।पुलिस ने बीते 24घंटे में 18अभियुक्तोंको गिरफ्तार कर जेल भेजा है।इसमें शराब मामले म 13 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कई है। एसएसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इस दौरान 36 2लीटर देशी एवं 875लीटर विदेशी शराब की बरामदगी के साथ -साथ एक आग्नेयास्त्र ,एक कारतूस,850ग्राम गांजा एवं तीन वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस द्वारा चलाए करें सघन वाहन चेकिंग अभियान में 6लाख 85 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया है।

### वरिष्ठ नागरिक घर से ही करेंगे मतदान : एसडीएम

बेनीपुर (दरभंगा), 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं को मतदान केंद्र पर नहीं जाना पड़ेगा। वह अपने घर पर ही पोस्टल वैलेट पेपर के माध्यम से अपना मतदान करेंगे। बुधवार को एसडीएम सह सहायक निर्वाचन अधिकारी शंभू नाथ झा एवं वीडियो सह सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र बेनीपुर के मझौड़ा, बहेड़ा ,बेनीपुर हनुमान नगर के 11 पचासी प्लस उम्र के वोटरों की भौतिक सत्यापन किया। इसकी रिपोर्ट डीएम सह जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा गया है। एसडीएम ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक को मतदान केंद्र पर नहीं जाना पड़ेगा। चुनाव कमी उनके घर पहुंच कर पोस्टल वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराऐंगे। नगर व प्रखंड क्षेत्र में लगभग 15 00 वरिष्ठ नागरिक वोटर हैं।

### आग से बचाव व सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के जनता कॉलेज प्रांगण में जिला रिसर्स पर्सन आपदा मोहम्मद गुलाम कादरी के नेतृत्व में संभावित आगजनी से बचाव एवं सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विभूतिपुर अंचलाधिकारी रणधीर रमन ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षक मनोज कुमार, प्रखंड आपदा प्रबंधन प्रशिक्षक विश्वजीत कुमार, अग्निशामक टीम से सद्दाम हुसैन व अफसाना खातून ने आगलगी से बचाव एवं सुरक्षा के उपाय विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, एवं दर्जनों की संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच घर जले

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड 10 में बुधवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते पछुआ हवा के साथ आग विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों द्वारा स्थानीय बोरिंग के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पांच घर पूरी तरह जलकर राख को गई। इस आगलगी की घटना में शिव शंकर दास, राम शंकर दास, राजेश दास, राम श्रय दास एवं संतोष कुमार दास के घर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। लाखों की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं पूर मुखिया अर्चना कुमारी दुख व्यक्त करते हुए अंचलाधिकारी से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### पूर्व शाखा मंत्री का निधन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। सीपीएम के पूर्व शाखा मंत्री पटपारा उत्तर निवासी महेश प्रसाद का निधन बुधवार को हृदय गति रुकने से हो गई। उनके निधन की खबर सुनते ही अंतिम दर्शन के लिए सीपीआईएम के जिला सचिव मंडल सदस्य महेश कुमार, लोकल सचिव श्याम किशोर कमल, जिला कमेटी सदस्य सिया प्रसाद यादव, क्रांति कुमार, राम विनय कुमार, पूर्व मुखिया विजय झा, दिनेश प्रसाद सिंह, शिक्षक जय नारायण शर्मा, रामबाबू राय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त किया।

### बीच सड़क पर ट्रक खड़ा। आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के वासुदेवपुर चोक के समीप बुधवार को ट्रक बीच सड़क पर रखकर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम असामाजिक तत्वों के लोगों ने ट्रक टेंपो को बेवजह रोक कर शीशा फोड़ दिया। ट्रक ड्राईवर के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। जिससे आक्रोशित लोगों ने असमाजिक तत्वों के लोगों को देख सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम करीब दो घंटे तक रही।

# ई-रिक्शा चालक और उसके भतीजे को मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल, 70 हजार छीनने का आरोप

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे बांध के पास मंगलवार की शाम बदमाशों ने मारपीट कर ई-रिक्शा चालक से 70 हजार रुपए छीन लिया और उसे बचाने पहुंचे उसके भतीजे को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे सूचना पर पहुंचे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 मूसेपुर नरगा के स्व. बिलट महतो के पुत्र ई-रिक्शा चालक सुनील महतो (30 वर्ष) एवं मनोज महतो के के पुत्र चंदन कुमार (28 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल परिजनों का बताना है कि सुनील महतो शाम के चार बजे करीब मथुरापुर थाना क्षेत्र के शेखोपुर दौलतपुर स्थित अपने बहनोई रामबाबू महतो के यहां गया हुआ था। जहां से वह किसी काम को लेकर अपने बहनोई से 70 हजार रुपए नगद लेकर ई-रिक्शा से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान झिल्ली चौक के पास पहुंचने पर उसका भतीजा विकाश कुमार वहां आ गया और वह अपने चाचा से ई-रिक्शा लेकर घर चला गया। उसके बाद सुनील महतो पैदल ही अपने घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान मथुरापुर रेलवे बांध के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसके ऊपर हमला कर दिया और उससे 70 हजार रुपए छीन लिया। दौरान बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक सुनील महतो के साथ मारपीट भी किया और शोर-शराबा सुनने के बाद उसे बचाने पहुंचे उसके भतीजे चंदन कुमार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद मथुरापुर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। इस संबंध में मथुरापुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटना दो पक्षों के बीच पहले से चले आ रहे पुरानी रंजिश का है। घटना से पहले दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए आवेदन पर मथुरापुर थाना में मामला भी दर्ज किया गया था। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जो भी घटना में दोषी पाए जाएंगे उन पर आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पति-पत्नी विवाद में पति ने घर में लगाई आग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पति - पत्नी विवाद में एक पति ने अपने ही घर में आग लगा दिया और देखते ही देखते 5 घर इसकी चपेट में आ गए.। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने आरोपी व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी और उसे घंटों धूप में थ्रेसर से बांधकर रखा।. मामला जिले के हत्था थाना क्षेत्र के मुन्नी गांव का है। बताया जा रहा है कि आरोपी को ग्रामीणों ने हत्था थाने के हवाले कर दिया है।. पुलिस उसे थाने ले गयी है और इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मुन्नी गाँव के नरेश सहनी की पत्नी एक किसान के खेत में गेहूं कटनी करने चली गई थी, इस पर उसके पति ने सोमवार उसकी जमकर पिटाई कर दी ।. इससे नाराज ग्रामीणों के द्वारा बाद में उसके पति की पिटाई कर दी.। पिटाई से पति का आक्रोश भड़क गया और मंगलवार की सुबह पति-पत्नी के विवाद के बाद पति ने अपने घर में आग लगा ली।. देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती गई और पड़ोस के 5 परिवारों के घर जल गए.। इस, घटना में घर में रखे सारे सामान जल कर नष्ट हो गए।. दो गैस सिलेंडर में भी विस्फोट भी हुआ।. कई बकरियां भी जिंदा जल गईं. तकरीबन 10 लाख से ज्यादा की परिसम्पत्तियों के जलने का अनुमान है। इससे गुस्साए कुछ ग्रामीणों ने आरोपी नरेश सहनी को सरेआम थ्रेसर से बांध घंटों धुप में रखा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नरेश सहनी अक्सर पी-खाकर टोला एवं गांव में उपद्रव मचाता है।. अक्सर गाली-गलौच एवं अपनी पत्नी की भी अक्सर पिटाई करता है।. इससे सामाजिक मयार्दा भंग होती है. बाद में आरोपी नरेश सहनी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## गड़बड़ी रोकने के लिए विभाग ने उठाया कड़ा कदम



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा) । एनएच और दो एसएच को जोड़ने वाली बहेड़ा सकरी पथ की चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य में कथित गड़बड़ी को रोकने के लिए पथ निर्माण विभाग ने कड़ा कदम उठाया है।इसके लिए एक अतिरिक्त सहायक अभियंता को प्रतिनियुक्ति किया है। दो सहायक अभियंता 8 किलोमीटर सड़क के कार्य की निगरानी करेंगे। सड़क चौड़ा करने के कार्य में संवेदक द्वारा गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद पथ प्रमंडल बेनीपुर के ई ई मनोज कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बहेड़ा सकरी मार्ग की लंबाई 16 किलोमीटर है। दो पथ प्रमंडल बेनीपुर एवं दरभंगा के अधीन है ।सकरी से नेहरा पीएनबी बैंक तक दरभंगा जबकि नेहरा गणपति झा के घर से धरौरा बेनीपुर के नियंत्रण में है। 8 -8 किलोमीटर दोनों पथ प्रमंडल में अलग-अलग संवेदक कार्य कर रहे हैं। धरौड़ा से नेहरा के बीच 6 पुलिया बनाना है ।जिसमें फिलहाल धरौड़ाएवं हावीभौआर में पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया गया है। हरिपुर में पुलिया बनाने के लिए सड़क काटा गया लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ। हरिपुर और नवटोलिया के बीच में भी एक पुलिया बनाने के लिए डायवर्सन बनाने का कार्य मंथर गति से चल रहा है।पथ निर्माण विभाग के गाइडलाइन के विपरीत धरौड़ा , हावीभौआर,हरिपुर में डायवर्सन बनाया गया है। विभागीय के कई अधिकारियों ने कहा कि डायवर्सन पर जीएसबी बिछाने एवं मरम्मत करने में भी गड़बड़ी की गई है। तेज पछिया एवं प्रचंड धूप में डायवर्सन पर धूल की होली राहगीर खेल रहे है। नियमित डायवर्शन पर पटवन नहीं हो रहा है। धूल की आंधी चलने से आने जाने वाली वाहन दिखाई नहीं पड़ती है। जिससे सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। धरौड़ा,कन्थुडीह ,हावीभौआर के ग्रामीण राम लखन महतो, टूना कांत झा, महेंद्र लीडर आदि ने बताया कि धरौड़ा में पुलिया का ढाला गया प्लिंथ को पर्याप्त पानी से भिंगाया नहीं जा रहा है। हावीभौआर में पुलिया के वाल को नियमित रूप से नहीं भीगाने से इसकी मजबूती क्या होगी। राजद के प्रदेश सचिव कमल राम विनोद झा कमल सेठ ने डी एम एवं विभाग के सचिव से सड़क निर्माण कार्य में हो रही गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की है। पथ प्रमंडल बेनीपुर के ई मनोज कुमार ने बताया कि धरौड़ा से नेहरा 8 किलोमीटर चौड़ी एवं मजबूतई कार्य के लिए 26 करोड़ 63 लाख का टेंडर मे राय राज कंस्ट्रक्शन पटना कार्य कर रही है।6 किलोमीटर नाला ,डेढ़ किलोमीटर पी क्यू सी ढलाई शामिल है। शेष कालीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 पुलिया का भी निर्माण होगा। सड़क की मौजूदा चौड़ाई साढे 5से 7 मीटर किया जाएगा। दरभंगा पथ प्रमंडल के ई ई वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र अंतर्गत सकरी से नेहरा 8 किलोमीटर पथ है। इसमें आधा दर्जन पुलिया बनाया जाएगा। तीन चार में कार्य चल रहा है।सवा 3 किलोमीटर पी क्यू सी ढलाई और 6 किलोमीटर नाला बनाया जाएगा। शेष सड़क कालीकरण किया जाएगा। इसकी प्राकलित राशि 27 करोड़ है। राजकिशोर सिंह कंस्ट्रक्शन सड़क बनाने का कार्य कर रही है।

## भाजपा के बागी अजय निषाद को मिला कांग्रेस का साथ

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । दो टर्म से मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे भाजपा के बागी अजय निषाद को इसबार कांग्रेस ने मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी के रूप में अपना उम्मीदवार बनाया है।भाजपा छोड़ कर पार्टी में शामिल हुए सांसद अजय निषाद को चुनावी सिंबल मिल गया है। हालांकि जिस तरीके से बिहार में पिछले कुछ वर्षों में सरकार नहीं, विपक्ष बदल जा रहा है, ठीक उसी प्रकार मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र में अजय निषाद और राज भूषण चौधरी निषाद के बीच कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी राज भूषण चौधरी वीआईपी का नेतृत्व कर रहे थे,इसबार वे मौजूदा चुनाव में राजग प्रत्याशी के रूप में मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। और जो अजय निषाद पिछले चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नरेंद्र मोदी का झंडा लिए घूम रहे थे मौजूदा चुनाव में कांग्रेस का हाथ थाम कर लोगों के बीच सोनिया गांधी और राहुल गांधी का गुणगान कर लालटेन जलाने की गुहार लगाने निकल पड़े हैं । कुछ दिनों पहले तक सांसद के रूप में अजय निषाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों का गुणगान करते नहीं थकते थे अब चुनावी रण में निश्चय ही वह नरेंद्र मोदी के करसाजियों का खुलासा करते दिखेंगे वही अब चुनाव परिणाम के लिए लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है। कहीं न कहीं मतदाता भी इन चेहरों को लेकर ऊहापोह की स्थिति में है क्योंकि चुनाव मैदान में पिछली बार मतदाताओं ने जिसका विरोध किया था उसे समर्थन करना है और जिसका समर्थन किया था उसका विरोध करना है यह कवायद भी कहीं ना कहीं मतदाताओं के रुझान का इम्तिहान लेगी। अब यह तो आने वाला समय ही बतायेगा कि मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की ओर से विजय की वरमाला किसके गले में पड़ेगी लेकिन मौजूदा चुनाव से पिछले चुनाव की तरह इस बार भी निषाद समुदाय से ही दो प्रत्याशी आमने सामने हैं। अन्य समुदाय के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

## डीआरपी प्रोग्राम के तहत छह डॉक्टरों ने सदर अस्पताल में दिया योगदान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सदर अस्पताल में मरीजों का इलाज अब पहले से अधिक बेहतर ढंग से हो सकेगा। डीएमसीएच में मेडिकल में पीजी कर रहे छह डॉक्टरों ने बुधवार को डीआरपी के तहत समस्तीपुर सदर अस्पताल में अपना योगदान दिया। उनका यह योगदान तीन महीने के लिए है। योगदान देने वालों में मेडिकल पीजी के छात्र डॉ आशीष रंजन, डॉ ज्योति कुमारी, डॉ सुमित कुमार, डॉ रवीना भारती, डॉ निपुण डंगवाल एवं डॉ प्रिंस कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी ने बुधवार को सदर अस्पताल उपाधीक्षक कार्यालय में अपना योगदान पत्र समर्पित किया। बता दें कि नेशनल मेडिकल कमिशन के निदेर्शानुसार मेडिकल पीजी के छात्रों को संबद्ध जिला अस्पतालों में जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम (डीआरपी) के तहत तीन महीने के लिए सेवा देना अनिवार्य है। वहीं इस संबंध में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार ने बताया कि डीआरपी कार्यक्रम से जिला अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर होती है व उसमें सुधार होता है। डीआरपी कार्यक्रम से जहां डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे जिला अस्पतालों को संजीवनी मिलती है। वहीं इसका सीधा लाभ अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों को मिलता है। वहीं डीआरपी कार्यक्रम के तहत के मेडिकल पीजी के छात्र चिकित्सकों को मरीजों की बीमारी, लक्षण, उम्र के अनुसार लक्षण व अलग-अलग उम्र के मरीजों के उपचार के संबंध के साथ-साथ संस्थागत अनुभव प्राप्त होता है। ताकि यहां से बाहर निकालने के बाद वह मरीजों की बीमारियों का इलाज में पारंगत हो सकें।

## चोरी हुए बाइक, कुछ ही घंटों मे बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक युवक की नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी हुई बाइक को पुलिस ने कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया। मामला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 पत्थर मोहल्ले का है। जहां मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के आदर्शनगर मोहल्ला के रोड नंबर 1-ई के राजेंद्र प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार की बाइक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत से गायब हो गया था। जिसकी सूचना उन्होंने 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना के बाद नगर थाना पुलिस ने बाइक की बरामदगी को लेकर तलाशी अभियान तेज कर दिया। वहीं पीड़ित सोनू कुमार ने लिखित शिकायत पर नगर थाना में सनहा भी दर्ज कराया। वहीं पुलिस ने चोरी हुई बाइक को नगर थाना क्षेत्र के 12 पत्थर मोहल्ला स्थित एक चाय नाश्ता की दुकान के पास से बरामद कर लिया। वहीं इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि नगर थाना से बाइक चोर के फरार होने की खबर भ्रामक है। बाइक चोरी होने की शिकायत लेकर शिकायतकर्ता थाने आए थे और उनके आवेदन पर सनहा दर्ज किया गया था। सनहा के आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने 12 पत्थर मोहल्ले से लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ बाइक बरामद किया है।

## दो जगह आग लगने से पांच घर व दो भूस्कार जलकर राख



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के झहुरी गांव में बुधवार की दोपहर आग लगने से दो घर जलकर राख हो गया। वहीं अगलगी की घटना में घर में रखा कपड़ा, अनाज, सोना-चांदी सहित सभी सामान जल कर राख हो गया। वहीं आग लगने से मो. नाहीद, मो. परवेज, मो. जाकीर का फूस का घर जलकर राख हो गया। वहीं आग पर काबू निजी पंप से पाया गया। वहीं दूसरी ओर चकमेहसी थाना क्षेत्र के बेलसंडी गांव में बुधवार को आग लगी की घटना में तीन घर एवं दो भूस्कार जलकर राख हो गया। वहीं अगलगी की घटना में रघुनाथ राय, रघुवीर राय, सत्येन्द्र कुमार भारद्वाज का घर जलकर राख हो गया। वहीं घर में रखा कपड़ा, अनाज सहित सभी सामान जल कर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में अशोक साह और मनोज साह भूस्कार जलकर राख हो गया। आग कैसे लगा यह पता नहीं चल पाया है। वहीं अंचलाधिकारी शशी रंजन कुमार ने बताया कि हल्का कर्मचारी से स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा सीमा पर किया नेपाली शराब को जब्त, तस्कर फरार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए की जा रही 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी गंगौर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है, इलाके में लगातार हो रही तस्करी के क्रम को रोकने के लिए सम वाय प्रभारी गंगौर के निदेर्शानुसार वाह्य सीमा चौकी गंगौर के जवानों द्वारा गश्त ड्यूटी के दौरान सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में अन्य जवानों के साथ की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 291/09 से लगभग 800 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ नेपाली देसी शराब सौफी दिलवाले 300एमएल 600 बोतल कुल180 लीटर एवं दो साईकल के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति साइकिल पर नेपाल से भारत क्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। सशस्त्र सीमा बल के जबानों को देखते ही तस्कर भागने शुरू किया और अंतः में शराब की बोतलों को नो मैंस लैंड पर छोड़ कर नेपाल की तरफ भाग गया ।जब्त की गई शराब की बोतलों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सहरघाट थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।आगामी चुनाव के मद्देनजर जो भी तत्व या सामग्री मतदाता को गलत तरीके से प्रभावित करने में मददगार होगी उन सभी पर कारवाई की जा रही है।साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

## एसडीओ कार्यालय के पीछे बने रेस्ट रूम में शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगा आग, दो सोफा जला

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सदर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ कार्यालय के पीछे बने रेस्ट रूम में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इस घटना के बाद अनुमंडल कार्यालय कर्मियों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। विद्युत तारों के बीच शॉर्ट-सर्किट होने के कारण आग लगने की घटना हुई है। हालांकि सूचना पर पहुंचे अग्निशामक विभाग के टीम के द्वारा समय रहते आग की लपटों पर काबू पा लिया गया। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार इस अगलगी की घटना में अन्य सवालों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, केवल रेस्ट रूम में रखा हुआ दो सोफा इस घटना में जल गया है। वहीं शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लगने की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में बिजली विभाग के द्वारा तुरंत बिजली काट दिया गया। अग्निशामक विभाग, अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों और विद्युत विभाग की तत्परता की वजह से एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। बताया गया कि जिस समय यह घटना हुई उस समय एसडीओ दिलीप कुमार चुनावी कार्य आदि को लेकर क्षेत्र में निकले हुए थे।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारी मात्रा में प्याज, कपड़ा सामान एवं मोटर स्पेयर पार्ट्स किया जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वी वाहिनी द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए की जा रही 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल सीमा चौकी खौना के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है। सीमा शुल्क जयनगर के साथ संयुक्त छापेमारी के दौरान उप निरीक्षक लछी राम की अगुवाई में सीमा चौकी जानकीनगर एवं सीमा चौकी कमला के जवानों ने सीमा शुल्क जयनगर के साथ की गई संयुक्त कार्यवाही में भारतीय नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 278/20 से लगभग 500 मी भारतीय क्षेत्र की तरफ ब्रह्मस्थान के नजदीक 04 मोटरसाइकिलों पर भारत से नेपाल ले जाया जा रहा भारी मात्रा में प्याज कपड़े का सामान एवं मोटर स्पेयर पार्ट्स के साथ एक तस्कर श्रवण महतो उम्र 41 वर्ष सुपुत्र यमुना महतो गांव खोना वार्ड नंबर 3 पोस्ट ऑफिस खोना पुलिस थाना बासोपट्टी जिला मधुबनी बिहार को जब्त कर गिरफ्तार किया । कुछ तस्कर भागने में सफल रहे ।जब्त किए गए सामान मोटरसाइकिलों एवं गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्रवाई सीमा शुल्क कार्यालय जयनगर को सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है।और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है।और भारत नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है। ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

## राम तुम हमारे लिए सिया के सुहाग हो, सिया कमल फूल है तुम भरे तराग हो : ईश्वर करूण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। राष्ट्रभाषा हिंदी विकास परिषद के तत्वावधान में चैत्र पूर्णिमा मधु पर्व के अवसर पर आयोजित कौमुदी महोत्सव एवं पुस्तक दिवस के अवसर पर दोनार में जन चेतना कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। चेन्नई से आए वरिष्ठ कवि ईश्वर करूण ने बतौर मुख्य अतिथि अपने कविता पाठ में देशभक्ति एवं कई श्रंगारिक रचना भी सुनायी। श्री करुण ने कहां की साधु में दिल फेक नहीं हूं प्रत्यय हूं प्रत्येक नहीं हूं एवं मिथिला में राम और सीता के संबंध में अपने उधर में कहा कि राम तुम हमारे लिए सिया के सुहाग हो सिया कमल फूल है तुम भरे तराग हो। समसामयिक कविता प्रस्तुत करते हुए कहा कि नव वर्ष शांति के रास्ते से लाना कुछ उपहार सृजन के बस्ते से। कवि हीरालाल सहनी ने देश की वर्तमान स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश में आज नवजागरण चाहिए सिर्फ भाषण नहीं आचरण चाहिए।प्रो आशुतोष वर्मा ने अपने कविता पाठ में कहा कि नैतिकता छूमंतर हो गई है चेहरे पर है डबल मुखोटे, सच्चे दिखने वाले भी अब अंदर से है खोटे के खोटे। कवि कुमार अनुराग, रामचंद्र मंडल,केशव कुमार मिश्रा,नारायण जी चौधरी,ने कविता सुनायी। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ नीत प्रिया प्रलय के सरस्वती वंदना से शुरू हुई। श्रीमती प्रिया ने अपनी गीत प्रस्तुत करते हुए कहा कि दौलत या सम्मान चाहिए जीने का अरमान चाहिए रोजी-रोटी मिले सभी को ऐसा हिंदुस्तान चाहिए। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रभाषा हिंदी विकास परिषद के अध्यक्ष हीरालाल सहनी ने किया वहीं कार्यक्रम का संचालन राजन कार्तिकेय ने किया।कार्यक्रम में चेन्नई से आए वरिष्ठ कवि ईश्वर करूण को राष्ट्रभाषा हिंदी विकास परिषद की ओर से मान पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

## वीर रस के कवि थे रामधारी सिंह दिनकर, टभका स्थित ससुराल में मनाई गई 50वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। वीर रस के कवि दिनकर की रचनाये राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत था। उनकी रचनाएं आज भी युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। ये बातें प्रखंड के टभका स्थित रामधारी सिंह दिनकर आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उनकी 50वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सह साहित्यकार चांद मुसाफिर ने कही। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में द्वारिका राय सुबोध, अनिल कुमार झा, शशिभूषण चौधरी, सुमन कुमार मिश्र, अरुण सिंह मालपुरी, स्मृति झा, सुनीता झा, सुशील कुमार झा, प्रियरंजन ठाकुर आदि ने दिनकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी ने सस्वर कविता पाठ भी किया। मौके पर हरे कृष्ण ठाकुर, विद्यानंद ठाकुर, ललित प्रसाद ठाकुर, विजय महतो सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जीविका दीदीयों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रौशन के आदेश के आलोक में स्वीप गतिविधियों के तहत स्वीप कोषांग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वही सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंहवाड़ा उत्तरी पंचायत में जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ , संकल्प अभियान का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक जीविका डॉ.ऋचा गार्गी के द्वारा जीविका दीदियों को बताया गया कि आप सभी 13 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करें तथा दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें ।सभी जीविका दीदियाँ दरभंगा मतदान केंद्र मोबाइल एप्प का उपयोग कीजिए और अपने आस पास भी इस एप्प के बारे में बताइये ।इस एप्प पर चुनाव से जुड़ी सभी प्रकार की छोटी-बड़ी न सिर्फ जानकारी उपलब्ध है, बल्कि चुनाव कार्य में लगे अधिकारी के नाम और कॉन्टेक्ट नंबर आदि भी दिया गया है ।एप्प के माध्यम से जीविका दीदियाँ न सिर्फ अपना मतदान केंद्र देख सकते हैं, बल्कि अपने वोटर लिस्ट को भी यहां से चेक कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि मतदान का महत्व अधिक है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मतदान आवश्यक है ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 25 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### विवाह और बाल मजदूरी रोकथाम हेतु रैली का आयोजन

जमुई/सिकंदराः आज कोड़ासी गांव में परिवार विकास/चाइल्ड फण्ड इन्टरनेशनल के तत्वावधान में बाल विवाह और बाल मजदूरी रोकथाम हेतु रैली का आयोजन किया गया। समन्वयक अभिषेक कुमार के द्वारा सर्वप्रथम बच्चों को बाल मजदूरी और बाल विवाह से बच्चों पर पड़ने वाला असर के बारे में जानकारी दी गई कि बाल मजदूरी से बच्चों का पढ़ाई बाधित हो जाता है ।उस बच्चे का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है ।बाल विवाह होने से प्रसव के समय जच्चा-बच्चा दोनों को खतरा बना रहता है। तथा असामयिक पारिवारिक बोझ बच्चों पर लद जाता है। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं ।समाज में जागरूकता लाकर ही इसे कम किया जा सकता है। रैली में शामिल बच्चे नारे लगा रहे थे,बाल मजदूरी बंद करो, शिक्षा का प्रबंध करो। खेलने पढ़ने की उम्र है,बाल विवाह जुर्म है ।बाल मजदूरी है अभिशाप, बच्चों से मजदूरी करवाना है पाप। मौके पर रानी सिंह, रामवृक्ष महतो कम्युनिटी मोबलाजर के अलावे दर्जनों उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने नाम निर्देशन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया दिशा निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मुजफ्फरपुर एवं वैशाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम निर्देशन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों की ब्रीफिंग समाहरणालय सभागार में की। विदित हो कि 26. अप्रैल से मुजफ्फरपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 29 अप्रैल से -वैशाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन का कार्य शुरू होगा। उक्त कार्य का सफल एवं सुचारू संपादन सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पर्याप्त संख्या में योग्य एवं कुशल अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की है। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत दिशा निर्देश के अनुरूप नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से कर्मियों को अवगत कराया। उन्होंने चरणबद्ध रूप से नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया के तकनीकी, सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक पहलू से अवगत कराया तथा पूरी सावधानी से आयोग के नियमों एवं दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करने को कहा। इस क्रम में उन्होंने हेल्प डेस्क एवं निवार्ची पदाधिकारी कक्ष को आवश्यक संसाधन से सुदृढ़ कर सभी कार्य पूरी सावधानी एवं जिम्मेदारी से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ब्रीफिंग के उपरान्त जिलाधिकारी ने इन्टीग्रेटेड नियंत्रण कक्ष, व्यय अनुश्रवण कोषांग तथा एम.सी.एम.सी. कोषांग का निरीक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी ने कोषांग में रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कोषांग का कार्य नियमित एवं निर्वाध रूप से संचालित करने का सख्त निर्देश संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा श्री मनोज कुमार, संयुक्त आयुक्त -सह-नोडल पदाधिकारी व्यय अनुश्रवण कोषांग श्री जाकिर हुसैन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम बृजेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## जमीनी विवाद को ले हुई मारपीट



प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के पुरैनी पंचायत स्थित टपड़ा टोला में जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के एक व्यक्ति घायल हो गए परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। एक पक्ष के मैतुन खातून दूसरा पक्ष के शुऐब आलम के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हो गई है। मैतुन खातून के दामाद पोखरिया टोला वार्ड नंबर दो निवासी घायल सैफुद्दीन आलम ने बताया कि मेरे ससुर के खेत होकर दूसरा पक्ष के शुऐब आलम ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। खेत में फसल लगा हुआ था। उक्त व्यक्ति को मना किया तो मेरे सास के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। उक्त सभी व्यक्ति गाली गलौज कर कर रहे थे। मना करने गए तो दूसरा पक्ष के शुऐब आलम , प्रवेज आलम, इमरान आलम, सज्जाद आलम अन्य परिजन गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे मारपीट की घटना में सैफुद्दीन आलम घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। थाना अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया मारपीट की घटना हुई है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है आवेदन मिलते ही जांच कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

## आग लगने से तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा जिले के घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के परमानंदपुर थाना अंतर्गत परमानपुर वार्ड 15 के बहियार में जगन्नाथ यादव के गेहूं के बोझ में मंगलवार को लगी आग के कारण तीन एकड़ खेत में काटकर रखे गेंहू का बोझ जलकर राख हो गया। खेत में आग लगी देख मौके पर किसान सहित अन्य ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। किसानों के माध्यम से दमकल कर्मियों को फोन से अवगत कराया गया मगर जल्दी नहीं पहुंचने के कारण किसान और ग्रामीण निजी साधनों के माध्यम से स्वयं ही आग को रोकने का प्रयास करने लगे। किसानों ने आनन फानन में ट्रैक्टरों के माध्यम से सबसे पहले आगे की खेत को जोतना शुरू कर दिया ताकि आग की चिंगारी गांव की तरफ नहीं जा सके। उसके बाद पानी के माध्यम से घंटो मशक्कत के बाद आग को काबू करके उसे बुझा दिया गया। इस दौरान पीड़ित किसान ने बताया कि उसकी तीन एकड़ गेहूं कटाई की थी। लगभग डेढ़ सौ बोझ इकट्ठा कर रखा हुआ था। सभी जलकर राख हो गया। फसल जलने से हजारों का नुकसान हो गया है। वही पछुआ हवा की इतनी तेज लपटे थी कि आग की चिंगारी गांव की तरफ उड़ने लगी। ग्रामीणों ने पंपसेट चला कर आग पर काबू पाया। बताया गया कि बहियार में लड़के सब क्रिकेट खेल रहे थे। उसी दौरान किसी ने सिगरेट पीकर ऐसा हरकत किया होगा। इस बात की जानकारी परमानंदपुर थाना और अंचलाधिकारी को दी गई। मौके पर थाना अध्यक्ष रंजन कुमार, सीओ बंदना कुमारी, राजस्व कर्मचारी राजीव कुमार दमकल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक में आग पर काबू पा लिया गया था। सीओ वंदना कुमारी ने पीड़ित किसान से मिलकर आवेदन देने की बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि आपदा से जो मिलने वाला प्रावधान होगा वह दिया जाएगा। वैसे गैर आवासीय होने के कारण सरकार की ओर से दो हजार रुपया प्रति एकड़ देने का प्रावधान है। वही मौके पर पहुंच कर मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार, सुमन यादव, दीपक कुमार, भूपेंद्र यादव आदि ने जायजा लिया।

## मतदाता जागरूकता अभियान का डीएम ने किया उद्घाटन, युवा वोटरों को प्रोतसाहित कर दी जिम्मेदारी



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। जमुनी लाल महाविद्यालय, हाजीपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ रजनीश कुमार द्वारा प्राचार्य डॉ नंद किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियानका आयोजन किया गया ' मतदाताओं को विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री यशपाल मीना उपस्थित थे ' उन्होंने छात्र/छात्राओं को मतदान के दिन स्वयं के साथ साथ आस पास के 05 लोगों को भी मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुँचने का लक्ष्य दिया ' चुनाव और मत के महत्व को भी बतलाया ' जिलाधिकारी मतदान के दिन मतदाताओं की उदासीनता के प्रति चिंता प्रकट करते हुए , इसे एक चुनौती के रूप में भी लिया ' वैशाली जो प्राचीनतम गणतन्त्र की भूमि रही है, वहाँ मत प्रतिशत राज्य में अव्वल हो, इसी लक्ष्य के साथ मतदान में शामिल होने की बात कहीं ' युवाओं के साथ साथ महिला और दिव्यांग जनों के लिए भी मतदान की अनिवार्यता पर बल दिया ' कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता गुब्बारा को आसमान में उड़ाकर किया गया, उसके बाद जागरूकता सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया गया ' महाविद्यालय की ब्रांड एम्बेसडर अंशु और लक्ष्मी को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया' कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ रजनीश कुमार द्वारा किया गया ।

## गिद्धौर में लंगूरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में काले मुंह वाले लंगूरों के आतंक से लोग दहशत में हैं। लोग घर के छत, सब्जी के खेत, सड़क पर सब्जी लेने जाते बच्चे अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। कारण की अत्यधिक गर्मी की वजह से नदी, तालाब सूख गए हैं। इसलिए पानी की तलाश में लंगूरों का जत्था घूमते हुए गिद्धौर के घनी आबादी क्षेत्र की ओर आ पहुंचा है। जिससे लोगों को सड़क पर आवाजाही करने में भी खासकर बच्चे को हमेशा भय बना रहता है कि कहीं लंगूर के चपेट न ले या फिर उन्हें घायल कर दे ।गिद्धौर के पंच मंदिर मुहल्ले में लंगूरों के आतंक से लोग परेशान हैं। राहगीर और स्कूली बच्चों का गली मोहल्लों से लेकर मुख्य मार्गो से गुजरना मुश्किल हो गया है। लंगूर मकानों की छतों पर जम कर उत्पात मचाते हुए टंकियों के ढक्कन खोल कर उसके पानी में जम कर नहाते हैं। यदि कोई उन्हें भगाने जाए तो वह उसे काटने के लिए दौड़ते हैं। इसके अलावा बंदर छतों पर सुखाने के लिए लटकाए गए कपड़ों को भी फाड़ देते हैं और फेंक देते हैं ।गायत्री मंदिर के निकट रहने वाली गृहणी कामिनी सिन्हा बताती हैं कि उनकी रसोई में लंगूरों ने जमकर उत्पात मचाया। एक साथ रसोई में चार लंगूर घुस गए और सारा सामान बिखेर दिया। मर्तबान फोड़ दिया और फल, सब्जियां लेकर चले गए। स्थानीय निवासी राजीव सिंह,अंजू कुमारी,ललिता देवी,शालू ने बताया कि लंगूरों का आतंक काफी अधिक बढ़ गया है। घर की छतों पर रखी पानी की टंकियों के ढक्कन तोड़ कर उसमें नहाते हैं। आंगन में उत्पात मचाते हैं। ये लंगूर कब किस पर हमला कर दे और सामान छीन ले कहां किसकी छत पर का कपड़ा लेकर भाग जाए कहा नहीं जा सकता। लंगूरों के आतंक से लोग परेशान है। लंगूर आने जाने वालों को रोक कर सामान छीन ले जाते हैं।

स्थानीय राजो पंडित ने कहा कि अधिक संख्या में लंगूरों के आ जाने से हम बुजुर्गों को काफी डर सताने लगा है। जानू बेवफा चाय दुकान के राहुल कुमार छोटू ने कहा कि अत्यधिक लंगूर हो जाने के कारण मोहल्ले में उनका आतंक बढ़ गया है, मेरे दुकान के बाहर लटकता हुआ चिप्स, कुरकुरे का पैकेट बंदर ले भागते हैं, जिससे नुकसान होता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित कदम उठाते हुए इनसे निजात दिलाने का अनुरोध किया है।

## मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

### स्कूटी रैली निकाल घर घर जाके किया मतदान में भाग लेने की अपील



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र कमलेश्वरी मध्य विद्यालय, मुरहो दायां भाग के मतदान केंद्र संख्या 265 में समावेशी स्वीप कार्यक्रम , मधेपुरा के तहत आईसीडीएस की महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड समन्वयक तथा कार्यपालक सहायक के द्वारा स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी श्री विजय प्रकाश मीणा द्वारा संबोधन करते हुए उपस्थित सभी सेविका/सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका तथा जीविका दीदी को घर-घर जागरूक अभियान के तहत सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक करने का अपील किया गया। साथ ही सभी बूथ पर ए.एम.एफ सुविधा से संबंधित प्रतिवेदन भी देने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में उनके द्वारा मतदान और मताधिकार पर प्रकाश डालते हुए मतदाता शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में डीपीओ, आईसीडीएस, मधेपुरा, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, कार्यपालक सहायक, महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविका, सहायिका तथा जीविका दीदियों उपस्थित हुए।

## कुंधुर गांव जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर

### चौरा रेलवे हाल्ट जाने के लिए लोगों को हो रही परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड के कुंधुर पंचायत के चौरा रेलवे हाल्ट से कुंधुर गांव जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उक्त सड़क में प्रत्येक दिन दर्जनों से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का आना-जाना होता रहता है ।इस सड़क की हालत यह है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। जगह-जगह गिट्टी उखड़ गयी है। हर जगह गिट्टी व गढ्ढे ही दिखायी देते है। इस सड़क से चौरा रेलवे हाल्ट तक जाने वाले वाहन हिचकोले खाते हुए जाना पड रहा है। पैदल चलने में भी लोगों को काफी परेशानी होती है। अगर थोड़ी सी भी बरसात होती है तो इस सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है ।इससे इस सड़क से गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों की मुसीबत और बढ़ जाती है ।कुंधुर गांव के लोगों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मति तत्काल नहीं करायी गयी तो यह सड़क कुछ दिनों बाद चलने के लायक नहीं रह जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मती की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों से की गयी है ।लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इसी सड़क से चौरा रेलवे हाल्ट तक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का आना-जाना होता है,परन्तु प्रखंड के महत्वपूर्ण इस सड़क की जर्जर स्थिति पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। ऐसी हालात में यह सड़क कब बनेगी, इसको लेकर ग्रामीण टकटकी लगाए है। फिलहाल, इस सड़क की मरम्मति नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

## वोट बहिष्कार को लेके प्रशासन और पदाधिकारी ने लिया संज्ञान

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा प्रखंड के मानिकपुर में रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानिकपुर दायां भाग (248), उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानिकपुर बायां भाग (249) में वोट बहिष्कार का मामला संज्ञान में आने के बाद मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, मधेपुरा एवं अंचल अधिकारी, मधेपुरा द्वारा लोगों से बात की गई। मानिकपुर वार्ड-01, 02 एवं 03 के लोगों का कहना है कि एनएच-107 पर रेलवे ट्रैक पार करके जाने पर मात्र 300 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। कुछ माह पूर्व रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ रेल विभाग द्वारा पिलर गाड़ दिया गया है। दूसरी तरफ से घूमकर एनएच पर जाने में लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। लोगों ने कहा कि उन लोगों का मतदान केन्द्र भी रेलवे ट्रैक के दूसरी तरफ है। अगर रेलवे ट्रैक के समीप अंडर पास या बगल से लगभग 300 मीटर का सड़क बन जाती है तो सुविधा होगी। सदर बीडीओ श्री अखिलेश कुमार एवं सीओ सुश्री केशिका कुमारी ने मानिकपुर में करीब एक घंटे तक स्थानीय लोगों से बात की और तत्काल समस्या समाधान की दिशा में पहल का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उन लोगों की समस्या को रेलवे प्रशासन से समन्वय स्थापित कर जल्द समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास किया जाएगा। तदोपरांत लोगों ने अधिकारियों को वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस लेने का आश्वासन दिया। बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों से वार्ता सफल रही। सभी ने लोकतंत्र के महापर्व में सहयोग का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि प्रातः किरण ने मंगलवार को ह्यरास्ता की मांग को ले ग्रामीणों ने की उग्र प्रदर्शनह्व शीर्षक के नाम से प्रमुखता के साथ खबर छपी थी।

## किरण मंडल द्वारा विचारहीनता के दौर में बौद्धिक दायित्व विषय पर परिचर्चा



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। सांस्कृतिक संगठन ह्य किरण मंडल ह्य की ओर से छिहत्तरवे मधु पर्व का आयोजन किया गया। स्थानीय फैमिली च्वाइस होटल के बैंक्वेट हॉल में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध राजनीति शास्त्री और संस्था के अध्यक्ष डॉ व्रजकुमार पांडेय ने की ।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने डा शैलेन्द्र राकेश द्वारा डा व्रजकुमार पांडेय के लेखन और जीवन पर संपादित पुस्तक ह्य जनपक्ष का पुरुषत्व एवं डा व्रजकुमार पांडेय द्वारा लिखित वैचारिक निबंधों के संग्रह ह्य वैचारिक विमर्श के पहलू ह्य का विमोचन किया। मधु पर्व में पहली बार काव्य गोष्ठी के पारंपरिक कार्यक्रम के बदले विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का विषय था ह्य विचारहीनता के दौर में बौद्धिक दायित्व ह्य । आयोजन का मंच संचालन जयप्रकाश ने किया। स्वागत भाषण और बीज वक्तव्य किरण मंडल के महासचिव डा शैलेन्द्र राकेश ने दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विचार का विघटन या क्षरण नहीं होना चाहिए। वरिष्ठ कथाकार डा संतोष दीक्षित ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाना बुद्धिजीवियों का दायित्व है। देवचंद कालेज के प्राचार्य डॉ तारकेश्वर पंडित ने कहा कि साहित्यकार ही ऐसा वर्ग होता है,जो वैचारिक भ्रांतियों के विरुद्ध वंचित वर्ग में वैचारिक क्रांति लाने की निष्पक्ष चेष्टा करता है। परिचर्चा के मुख्य अतिथि और पटना विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ तरुण कुमार ने कहा कि पिछली शताब्दी से विचारों के अंत की घोषणा हो रही है ।हम इतिहास, साहित्य और विचार के बिना बने समाज में सत्य के बाद का दौर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद विचारहीनता का पोषक है। रंगकर्मी अनीश अंकुर ने विचारों के बीच भ्रांतियों के आगमन को नीतिविरुद्ध और निजता का पक्षधर बताया ।डा व्रजकुमार पांडेय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि यह समय नीतियों की गलत व्याख्या का है। उन्होंने राजनीति और समाज के संबंधों का विश्लेषण करते हुए समाज में परिवर्तन के लिए विचारबोध की जरूरत को रेखांकित किया कार्यक्रम में डा प्रज्ञा कुमारी , अश्विनी कुमार आलोक, अनिल लोदीपुरी , सुमन कुमार, सुनील पंडित, मनीष रंजन, स्वराज आनंद, अशोक गुप्ता, किशोर कुमार सिंह,सरोज कुमार,नवल किशोर शर्मा, सुरेश प्रसाद सिंह,डा अनीशा कुमारी,डा गजेन्द्र कांत शर्मा,विनय चंद्र झा , ब्रह्मेश्वर पांडेय,सुदीष्ट राय ,डा राजेश्वर पांडेय समेत हाजीपुर एवं अन्य जगहों से आये बौद्धिक लोग उपस्थित रहे।

## आग से एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख

### पंचायत के मुखिया ने अग्नि पीड़ितों की मदद को लेकर की डीएम से मांग



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत हरिपुरकला पंचायत के वार्ड संख्या एक ऋषिदेव टोला में बुधवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग से अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते करीब 10 परिवार के दर्जनों घरों को अपने आगोश में समेट लिया। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन तेज पाछुवा हवा के कारण आग पर काबू कर पाना काफी मुश्किल हो रहा था, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पूर्णिया और मधेपुरा जिले के दो दमकल की गाड़ियों के मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक स्थानीय लोगों ने भी आग पर काबू पा लिया था। इस आगलगी की घटना में 10 परिवार के दर्जनों घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया घर में रखे सभी आवश्यक सामग्री समेत फर्नीचर का सामान, अनाज सोने चांदी के जेवरात जरूरी कागजात के साथ नगद रुपए भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया डॉक्टर आलोक कुमार ने अग्नि पीड़ितों को ढांढस बांधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया इस दौरान उन्होंने बताया कि घटना की सूचना अंचलाधिकारी को भी दी गई है और उन्होंने बताया कि अग्नि पीड़ितों का सब कुछ जलकर राख हो गया है इसलिए जिला प्रशासन से आग्रह है कि तत्काल सरकारी नियम के अनुसार अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराया जाए।

## जीविका समूह में मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक में वैशाली जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु अपर समाहर्ता ने विभिन्न मतदान केन्द्रो का भ्रमण कर आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया` महनार प्रखंड अंतर्गत जीविका के द्वारा विभिन्न जीविका समूह में मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम में जीविका दीदियों, जीविका के अन्य सदस्यों एवं आम जनों ने भाग लिया ` कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं मतदान के दिन अपने परिवार के सदस्यों को मतदान हेतु साथ मतदान केंद्र ले जाने की अपील की गई` उपस्थित सभी जीविका सदस्यों एवं जीविका दीदियों ने अपने परिवार के सभी मतदाताओं एवं आसपास के सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया` राघोपुर प्रखंड अंतर्गत मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु सभी बीएलओ के साथ बैठक का आयोजन किया गया` बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राघोपुर के द्वारा सभी बीएलओ से अपने क्षेत्र के मतदाताओं से मिलकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की` गौरौल प्रखंड अंतर्गत विकास मित्र एवं आईसीडीएस की सेविकाओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया` पटेढ़ी बेलसर प्रखंड अंतर्गत बीएलओ एवं सेविकाओं ने गृह भ्रमण कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु आम जनों को प्रेरित किया` देसरी, जंदाहा, लालगंज,एवं वैशाली प्रखंड में भी सेविकाओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया।

## घर घर जनसुराज अभियान का चल रहा है मुहिम लोगों को किया जा रहा है जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्य कहे जाने वाले बिहार में बदलाव के लिए लगभग 2 सालों से प्रशांत किशोर गांव गांव हर घर जन सुराज के तहत मुहिम चला रहे हैं। वहीं बुधवार को हर घर जन सुराज अभियान पर लोगों को जागरूक करने के लिए मुरलीगंज प्रखंड के भतखोरा पंचायत के मुसहरनियां रही गांव पहुंची। जहां मुन्ना सिंह के दरवाजे पर एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोगों को जन सुराज वाहिनी के बारे में भी बताया गया, जो मूल रूप से बिहार में शिक्षित युवाओं के लिए वजीफादार नौकरी पैदा करने की एक योजना है। जन सुराज को अभी एक पार्टी बनाने के बारे में सोचा गया है, लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अगले 2025 के विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर पंकज कुमार यादव, डाक्टर निलेश यादव, डॉक्टर अशोक यादव, ग्रामीण डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह, जिला परिषद सदस्य कपिलदेव पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष रघुनंदन दास, रंजीत कुमार सिंह, पूर्व सरपंच सह पूर्व मुखिया जीवछ मंडल, पैक्स अध्यक्ष राजेश यादव, मुखिया दयानंद यादव, समिति मनोज सिंह और पार्टी महामंत्री मुन्ना सिंह सेंगर, एम डी रहमान, सुधीर सिंह, रंजन सिंह, नरेश सिंह, गोपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# यह कैसी आजादी ?

आजादी, निश्चित रूप से प्रत्येक प्राणी का स्वभाव है। परन्तु जब प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ समझा जाने वाला मानव आजादी की सभी सीमाओं को पार कर मानव समाज के ही अन्य लोगों के लिये परेशानी का सबब बन जाये तो जेहन में यह सवाल उठना भी स्वभाविक है कि कहीं वह अपनी आजादी का दुरूपयोग तो नहीं कर रहा है? इससे भी बड़ी समस्या तब खड़ी हो जाती है जब आजादी या स्वतंत्रता का दुरूपयोग करने वाले उसी व्यक्ति को उसकी बेजा हरकतों के लिए टोका जाये या उसे मना किया जाये या उसे यह बताया जाये कि जिसे वह आजादी समझकर दूसरों के लिये परेशानी खड़ी कर रहा है वह दरअसल गैर कानूनी है अनैतिक है, तो वह अपनी गलती मानने या उसमें सुधार करने के बजाये बड़े ही शातिरपने से बात को दूसरी तरफ घुमा देता है। यहाँ तक कि लड़ने को भी तैयार हो जाता है और शिकायतकर्ता को ही कटघरे में खड़ा करने लगता है। मिसाल के तौर पर कहीं लाउडस्पीकर पर अजान हो रही हो या मजलिस, मीलाद हो रहा हो और देर रात तक पास पड़ोस के लोगों की नींद खराब हो रही हो, या सड़क पर नमाज पढ़ी जा रही हो जिससे राहगीरों को रास्ता चलने में बाधा पैदा होती हो, और आपने इन सब पर आपत्ति की तो आपको फौरन इस्लाम व मुस्लिम विरोधी बता दिया जायेगा। भले ही शिकायतकर्ता स्वयं मुसलमान ही क्यों न हो। इसी तरह अनेक मंदिरों व गुरद्वारों में सुबह शाम लाउडस्पीकर पर होने वाले भजन कीर्तन से यदि आस पास के लोग परेशान हैं। बच्चों को इम्तेहान में पढ़ने में परेशानी हो रही है, कहीं जगरात्रे के चलते रास्ता भी रोका हुआ है और रात भर शोर भी हो रहा है। आये दिन कोई न कोई यात्रा जुलूस गाजे बाजे के साथ निकलता ही रहता है। परन्तु यदि आपने वहाँ किसी को कानून समझाया या उस पर आपत्ति की तो आपको सनातन विरोधी व धर्म विरोधी बताने में देर नहीं लगेगी। आजकल तो भिखारी लोग भी आधुनिक युग में प्रवेश कर चुके हैं। वे भी कभी शनि की सवारी लेकर तो कभी साईं की मूर्ति लेकर शोर मचाते लाउडस्पीकर के साथ गली गली मांगते फिरते हैं। यह लोग प्रायः सुबह 5 बजे ही सोते हुए लोगों को उठाकर मांगते हैं और रात के 11 बजे तक इनका यह सिलसिला चलता रहता है। परन्तु आपके आपत्ति करने पर धर्मांध लोग अपनी धर्मान्धता के नशे में आपके सारे तर्कों को काट कर आपको नास्तिक बताने पर आमादा हो जायेंगे। कोई आश्चर्य नहीं कि इस तरह के कृत्य में शामिल लोग आपको अपमानित भी कर डालें। हद तो यह है कि ऐसे अवसर पर जो लोग भले ही आपकी बातों से सहमत क्यों न हों परन्तु वे भी सिर्फ इसलिये खामोश रहेंगे कि कहीं उन्हें भी धर्म विरोधी न बता दिया जाये। हमारे आज के समाज की यही कड़वी सच्चाई है।

उपरोक्त धार्मिक कृत्यों के अतरिक्त भी तमाम लोग अपनी निजी आजादी का दुरूपयोग करते हैं। मिसाल के तौर पर गलत जगह गाड़ी पार्क करना, तंग गलियों में कारें खड़ी करना, गलियों में अपने घरों के प्रवेश द्वार पर ऐसे टेपर बनाना जिनसे आधी गली पर ही उनका कब्जा हो जाये। नवधनाढ्यों द्वारा अपने कुत्तों को दूसरों के दरवाजों पर ले जाकर पोटी कराना। जहाँ चाहे वहीं खड़े होकर पेशाब करने लगना। आजाद देशवासियों के स्वभाव का हिस्सा बन चुका है। आखिर कुछ तो वजह है कि जगह जगह यह लिखा दिखाई देता है कि यहाँ पेशाब करना मना है। उसके बावजूद उसी जगह पर लोगों का खड़े होकर पेशाब करना? यह सब आजादी के दुरूपयोग की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है?

इसी तरह कई जगह जब लोग अपना मकान बनवाते हैं तो पूरे अधिकार के साथ उस ओर से निकलने वाले पूरे रास्ते को ही बंद कर देते हैं। रास्ते में मिट्टी, बालू, ईंट रखकर या मिक्सर मशीन खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह बंद करना ऐसे लोग अपना अधिकार समझते हैं। परिणाम स्वरूप उधर से अपनी रोजाना निकलने वाले लोगों को अपना मार्ग बदलना पड़ता है। फिर चाहे वह एम्बुलेंस हो या स्कूल बस। अब यदि आप ने ऐसे ह्यआजादह्ल लोगों को समझने की कोशिश की कि वाहनों के आवागमन के लिये थोड़ा सा मार्ग तो छोड़ दें। इसके जवाब में वह आपकी बात मानना तो दूर उल्टे आपसे लड़ने को ही तैयार हो जाएगा और साथ ही अपने मन में हमेशा के लिये यह भी ठान लेगा कि अमुक व्यक्ति मेरे मकान के निर्माण को देखकर ईर्ष्या रखता है। उसी समय वह निमार्णाधीन मकान पर एक नजरबट्टू, काला भूत या कोई फटा जूता लटका देगा। और हमेशा के लिये आपसे बोलचाल, मरना जीना, शादी ब्याह सब कुछ समाप्त हो जायेगा।

ऐसे ही एक निमार्णाधीन मकान की तरफ से एक बार प्रातःकाल की सैर करते हुये गुजरना हुआ। दृश्य यह था कि पूरा मार्ग मिट्टी डालकर बंद था। सुबह 6 बजे सरकारी जलापूर्ति शुरू हुई तो उसी निमार्णाधीन मकान में लगी पानी की टूंटी खुली थी जिसकी तेज धार उसी मिटटी पर जा रही थी। परिणाम स्वरूप वह मिटटी तेजी से बहकर नाली में जा रही थी। इसकी वजह से काफी दूर तक नाली व उससे जुड़ा एक बड़ा नाला भी मिट्टी से भर गया था। जाहिर है कि मिट्टी से नाली में हुये इस ब्लॉकिज को इस मकान का मालिक तो साफ करवाने से रहा? अब अगर सरकारी अमला इसे साफ न करे तो जनता सरकार को कोसेगी? और अगर सरकारी अमला इसे साफ न करे तो नाली ओवर फ़्लो होगी और गन्दा पानी सड़कों पर आएगा। जिससे दुर्गन्ध फैलेगी और बीमारी फैलने की संभावना बढ़ेगी। परन्तु इन बातों से इन स्वार्थी आजाद देशवासियों का क्या लेना देना। इनका अपना उल्लू सीधा हो जाये बाकी भाड़ में जाएँ परेशान होने वाले? इसमें सरकार का भी कुसूर है जो ऐसे लोगों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई नहीं करती जो किसी न किसी तरह आम लोगों की परेशानी का सबब बनते हैं। चाहे वह सरकारी जमीनों पर कब्जा कर, ध्वनि प्रदूषण फैला कर या जाम के हालात पैदा कर या रास्ते घेर कर। ऐसे लोगों को कानून के मुताबिक सख़्त दंड दिया जाना चाहिये। क्योंकि आजादी का मतलब दूसरों के लिये मुसीबत खड़ी करना तो हरगिज नहीं होता?

# लोकतंत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढे के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें। कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है। इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

# कर्नाटक में कांग्रेस ने साल भर में ऐसी कौन-सी गलतियां कर दीं जिसके चलते जनता इतनी नाराज है

**शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार-बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमसे पैसा लेकर दूसरों को सब्सिडी दे रही है जोकि गलत है। गांवों में किसानों और दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि हमसे किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। शहरी क्षेत्रों में गैर-लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का उपयोग करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह देश का चुनाव है इसलिए हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जब हमने मुफ्त यात्रा सुविधा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक तो बसें कम हैं और दूसरा जो बसें हैं वह खटारा जैसी हैं और प्रदूषण फैलाती हैं इसलिए ऐसी सुविधा का हमें कोई फायदा नहीं। हमने गांवों और शहरों में एक चीज समान रूप से पाई कि लोग यह कहते दिखे कि हमें मुफ्त की सौगात नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हम कमा कर खाना चाहते हैं और सभी चीजों का बिल भी अपनी जेब से भरना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि हम सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहते इसलिए सरकार को मुफ्त रेवड़ियां बांटने की बजाय रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर जोर देना चाहिए। हमने पाया कि कर्नाटक में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास इस चुनाव में बड़े मुद्दे हैं। हमने पाया कि भाजपा से बेहतर बूथ प्रबंधन किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है।**





**नीरज कुमार दुबे**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

हमने कर्नाटक के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना था कि बिजली के बिल में कटौती की जगह बिजली की कटौती होने लगी है। शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों ने कहा कि कमर्शियल यूज के लिए बिजली की दरों में बार-बार इजाफा किया जा रहा है जिससे हम पर भार पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमसे पैसा लेकर दूसरों को सब्सिडी दे रही है जोकि गलत है। गांवों में किसानों और दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि हमसे किये गये वादे पूरे नहीं किये गये। शहरी क्षेत्रों में गैर-लग्जरी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा का उपयोग करने वाली महिलाओं ने कहा कि यह देश का चुनाव है इसलिए हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से जब हमने मुफ्त यात्रा सुविधा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि एक तो बसें कम हैं और दूसरा जो बसें हैं वह खटारा जैसी हैं और प्रदूषण फैलाती हैं इसलिए ऐसी सुविधा का हमें कोई फायदा नहीं।

हमने गांवों और शहरों में एक चीज समान रूप से पाई कि लोग यह कहते दिखे कि हमें मुफ्त की सौगात नहीं चाहिए। लोगों ने कहा कि हम कमा कर खाना चाहते हैं और सभी चीजों का बिल भी अपनी जेब से भरना चाहते हैं। लोगों ने कहा कि हम सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहते इसलिए सरकार को मुफ्त रेवड़ियां बांटने की बजाय रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर जोर देना चाहिए। हमने पाया कि कर्नाटक में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और विकास इस चुनाव में बड़े मुद्दे हैं। हमने पाया कि भाजपा से बेहतर बूथ प्रबंधन किसी अन्य पार्टी के पास नहीं है। हमने पाया कि महिला शक्ति का समर्थन सर्वाधिक भाजपा के साथ है। हमने पाया कि युवा शक्ति का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। हमने पाया कि पहली बार मतदान करने वाले से लेकर बच्चे तक की जुबान पर मोदी का नाम है।

2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 43 प्रतिशत मत हासिल किये थे। पिछले लोकसभा चुनावों में कर्नाटक उन राज्यों में शुमार था जहां भाजपा ने 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किये थे। इस बार के चुनावों में भी वही स्थिति देखने को मिल सकती है। पिछले चुनावों में भाजपा ने राज्य की 28 में से 25 सीटों पर विजय हासिल की थी, ऐसा लगता है कि इस बार भी वही स्थिति रह सकती है या भाजपा और आगे भी जा सकती है। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत छवि का लाभ भाजपा को मिलता दिख रहा है और जिस तरह हाल ही में बेंगलुरु के एक कैफे में धमाका हो गया था उसको देखते हुए लोगों के मन में यह भावना प्रबल हुई है कि सुरक्षा हालात भाजपा के राज में ही बेहतर होते हैं।

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के समय साइडलाइन किये गये पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को भाजपा जिस तरह इस बार पूरा महत्व दे रही है उसका जातिगत असर होता भी दिख रहा है। भाजपा ने येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सौंपी है। येदियुरप्पा का लिंगायत समुदाय पर बड़ा प्रभाव है जोकि राज्य में बड़ा सामाजिक वर्ग है। वहीं जनता दल सेक्युलर का प्रभाव वोक्कालिगा समुदाय के बीच काफी अच्छा माना जाता है। इस समय कर्नाटक में जो सामाजिक समीकरण हैं उसके मुताबिक लिंगायत और वोक्कालिगा की ताकत के साथ जब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता जुड़ जायेगी तो इस गठबंधन का बेड़ा पार होना आसान हो जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा राज्य में काफी सम्मानित नेता हैं। उन्होंने मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया है और लगातार साक्षात्कारों और बयानों के जरिये वह जिस तरह मोदी के लिए समर्थन मांग रहे हैं उसका भी बड़ा असर कर्नाटक की राजनीति में देखा जा रहा है। खुद पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा भी कह चुके हैं कि जनता दल सेक्युलर के साथ गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों के लिए ही नहीं है बल्कि यह आगे तक के लिए है।

कर्नाटक में हमने एक चीज और पाई कि भाजपा जहां इस चुनाव को पूरी एकजुटता के साथ लड़ रही है वहीं कांग्रेस बिखरी हुई नजर आ रही है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की बजाय अपने-अपने खेमों के लोगों को जिताने के लिए ही प्रयास करते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि यह सब घटनाक्रम कांग्रेस के कई विधायकों को अखर रहा है। वह पहले से ही इस बात से नाराज हैं कि उनके क्षेत्र में विकास के लिए फंड नहीं दिया जा रहा है। दरअसल ऐसा बताया जाता है कि मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चक्कर में कर्नाटक सरकार का खजाना ही खाली हो चुका है और विकास के लिए पैसा नहीं बचा है। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब खजाना रेवड़ियां लुटाने में खाली कर दिया गया लेकिन जनता कह रही है कि उसे कुछ मिला ही नहीं तो यह पैसा आखिर गया कहां?

# राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र चुनाव आयोग में पंजीकृत हो

**घोषणा पत्रों के स्वरूप भी अब बदल रहे हैं।1952 से लेकर 1967 तक के दलों के चुनाव घोषणा पत्रों को देखें तो उनमें मुख्यतरू नीति परिवर्तन के संदेश और वायदे ज्यादा होते थे।परंतु अब घोषणा पत्र नीति परिवर्तन के बजाय वोट खरीदने के मंत्र बन रहे हैं।और घोषणा पत्र में मुख्यतरू राहत की बातों की चर्चा ही मुख्य होती है कि अगर सरकार बनती है तो कौन–कौन सी रियायत मतदाताओं को देंगे।मैं रियायतों के खिलाफ नहीं हूं।परंतु रियायतें स्थानी नहीं होनी चाहिए वरना वह लोकतांत्रिक विफलता में बदल सकती हैं।रियायतें एक अस्थाई संक्रमणता व्यवस्था हो जो आमजन को समर्थ बनाने की अवधि के बीच की मदद हो परंतु आमतौर पर दलों का लक्ष्य स्थाई विकलांगता पैदा करना हो गया यानि समर्थ न बनाकर निरंतर कमजोर रखना तथा मदद के नाम पर वोट हासिल करते रहना एक स्थाई रणनीति बन गई है।इस 2024 के लोकसभा चुनाव का जो घोषणा पत्र कांग्रेस ने जारी किया है उसमें यह कहा है कि गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देंगे।भारतीय जनता पार्टी भी इसके पहले चुनाव में लगभग ऐसी ही अन्य घोषणाएं करती रही।उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 500 रुपए तक के किसानों के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था और इस आधार पर उन्हें वोट भी मिला, बाद में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भी किसानों के कर्ज माफी का ऐलान किया और उन्हें भी किसानों का समर्थन मिला।**






**रघु ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

लोकतांत्रिक देशों में चुनाव के समय घोषणा पत्र जारी करने का चलन रहा है। दरअसल घोषणा पत्र का चलन संबंधित पार्टी के द्वारा आने वाले समय में कौन से काम को हाथ में लेंगे और क्या होना चाहिए इसका एक विवरण या पांच वर्षीय कार्यक्रम जैसा होता है। परंतु पिछले कुछ दशकों से यह अनुभव हो रहा है कि राजनीतिक दल विशेषतरू जो सत्ताधारी या सत्ता के नजदीक हैं, वह घोषणाएं तो बहुत करते हैं परंतु उसके ऊपर अमल नहीं करते हैं। घोषणा पत्रों के स्वरूप भी अब बदल रहे हैं। 1952 से लेकर 1967 तक के दलों के चुनाव घोषणा पत्रों को देखें तो उनमें मुख्यतरू नीति परिवर्तन के संदेश और वायदे ज्यादा होते थे। परंतु अब घोषणा पत्र नीति परिवर्तन के बजाय वोट खरीदने के मंत्र बन रहे हैं। और घोषणा पत्र में मुख्यतरू राहत की बातों की चर्चा ही मुख्य होती है कि अगर सरकार बनती है तो कौन-कौन सी रियायत मतदाताओं को देंगे। मैं रियायतों के खिलाफ नहीं हूं। परंतु रियायतें स्थानी नहीं होनी चाहिए वरना वह लोकतांत्रिक विफलता में बदल सकती हैं। रियायतें एक अस्थाई संक्रमणता व्यवस्था हो जो आमजन को समर्थ बनाने की अवधि के बीच की मदद हो परंतु आमतौर पर दलों का लक्ष्य स्थाई विकलांगता पैदा करना हो गया यानि समर्थ न बनाकर निरंतर कमजोर रखना तथा मदद के नाम पर वोट हासिल करते रहना एक स्थाई रणनीति बन गई है। इस 2024 के लोकसभा चुनाव का जो घोषणा पत्र कांग्रेस ने जारी किया है उसमें यह कहा है कि गरीब महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देंगे। भारतीय जनता पार्टी भी इसके पहले चुनाव में लगभग ऐसी ही अन्य घोषणाएं करती रही। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 500 रुपए तक के किसानों के कर्ज माफ करने का ऐलान किया था और इस आधार पर उन्हें वोट भी मिला, बाद में छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भी किसानों के कर्ज माफी का ऐलान किया और उन्हें भी किसानों का समर्थन मिला। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने भी यह वादा किया कि हम हर किसान को साल का रु. 6000 किसान सम्मान निधि देंगे और किसान उनकी ओर कुछ उन्मुख भी हुए। कुल मिलाकर स्थिति यही है प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से कुछ राहत के नाम पर रुपयों का लालच देकर पार्टियां वोट खरीदती हैं। प्रत्याशियों के द्वारा व्यक्तिगत तौर पर मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाना या कोई सुविधा देना चुनावी कानून की दृष्टि से अपराध है और इस अपराध के लिए उनके चुनाव भी रद्द हो सकते हैं, परंतु राजनीतिक दलों के द्वारा घोषणा पत्र के नाम पर यह थोकबंद खरीद चुनावी अपराध नहीं मानी जाती। सार्वजनिक रूप से ऐलान करके इस प्रकार से मतदाओं को ललचाते हैं और वोट लेते हैं। घोषणा पत्र जारी करने की प्रक्रिया में एक और परिवर्तन आया है कि आम तौर पर घोषणा पत्र पार्टियां बगैर किसी सामाजिक और आर्थिक आंकलन के करती हैं। 1952 के बाद लगभग 2-3 दशकों तक पार्टियां जो घोषणा पत्र जारी करती थीं उनके पीछे एक उत्तरदायित्व की भावना तथा वस्तुपरक आंकलन होता था कि वहघोषणा कैसे पूरी कर सकेंगे? जिनके लिए वे जरूरी मानती हैं। क्या देश के आर्थिक हालात इसके लिए समर्थ होंगे। मुख्यतरू उनके चुनाव घोषणा पत्र में नीति निर्माण के ऊपर जोर दिया जाता था। अब पार्टियों के जो घोषणा पत्र जारी हो रहे हैं वह इतने लंबे चैड़े हो रहे हैं कि उन्हें याद रखना जनता को तो दूर पार्टी के नेताओं को भी याद रखना संभव नहीं बचा है। पाँच सौ हजार वायदे और अलग-अलग क्षेत्रों के वायदे वाले इन चुनाव घोषणा पत्रों में सौ-सौ पेज तक होते हैं। इन चुनाव घोषणा पत्र को ना तो पार्टी वाले और ना मतदाता पढ़ते हैं। कोई विशिष्ट मुद्दे पर या किसी विशिष्ट राहत की घोषणा पर देश में चर्चा हो जाती है, परंतु उसका कोई महत्व नहीं होता। अभी जो चुनाव घोषणा पत्र जारी हुए हैं इनमें उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने भी कल घोषणा की है कि छोटे किसानों को प्रति माह प्रति किसान रु. 5000 की सहायता दी जाएगी। यह ढाई एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। मैं नहीं जानता हूं कि उन्होंने इसका कोई आंकड़ा निकाला है? क्योंकि अगर निकाला होता तो वह उनकी भी संख्या भी जारी करते। इसी प्रकार हर मजदूर को रु. 5000 प्रतिमाह पेंशन देने का वादा किया है। सामान्य मजदूरी वाले मजदूरों की संख्या अनुमानतरू देश में (खेती और गैर खेती वाले मिलाकर) लगभग 30 करोड़ के आसपास होगी। यानी प्रति महीने लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए और साल का 18 लाख करोड़ रुपए अकेले इन मजदूरों की पेंशन पर खर्च होगा। कल्पना करिए कि 30 लाख करोड़ के बजट में से 18 लाख करोड़ रुपए क्या केवल मजदूरों की पेंशन पर दिया जाना संभव होगा? जबकि स्थिति यह है कि देश के बजट का 25 से 30 प्रतिशत केवल वेतन भुगतान पर खर्च होता है व लगभग इतनी ही राशि राशि पेंशन भुगतान पर खर्च होती है। लगभग 20 प्रतिशत कर्ज के भुगतान पर खर्च होता है। तो कहां से मजदूरों को या छोटे किसानों को पेंशन मिलेगी। इसकी कोई गणना किए बगैर केवल एक घोषणा जारी करना यह राजनीति का आम चलन हो गया है। यही स्थिति लगभग सत्ताधारी दल या सत्ता आकांक्षी तथा कथित बड़े दलों की हो गई है कि वह भी मनमानी घोषणाएं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी तो पार्टी घोषणा पत्र जारी किए बगैर ही पिछले लगातार दो माह से प्रतिदिन हजारों लाखों करोड़ की घोषणा करते रहे हैं। यह पूरी होगी कैसे होंगी, यह कहना संदिग्ध है। हालत यह है कि पार्टियां घोषणा पत्रों के प्रति कितनी जिम्मेदार हैं अगर यह जानना हो तो इसी से जाना जा सकता है कि चुनाव के दो चरण के लगभग पूरा होने के करीब हैं तब जाकर कुछ दलों ने घोषणा पत्र जारी किए हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र भी अभी दो दिन पहले ही आया है जबकि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुए 20-25 दिन हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी का घोषणा पत्र कल आया और भारतीय जनता पार्टी का जो देश की सत्ताधारी पार्टी है, का भी 15 अप्रैल 2024 को जारी हुआ है। कई बार ऐसे अनुभव आए हैं कि कई चरणों के चुनाव पूरा होने के बाद या चुनाव प्रक्रिया लगभग समाप्ति के पहले घोषणा पत्र जारी करते हैं। इन घोषणा पत्रों के पीछे ना कोई ठोस योजना है, ना कोई आधार है, ना कोई आंकलन होता है। दरअसल अगर सच शब्दों में कहा जाए तो राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र आम मतदाता के लिये ठगपत्र माने जाने चाहिए। हम लोगों ने कई बार लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की ओर से भारत के चुनाव आयोग से यह मांग की कि पार्टियों के घोषणा पत्र चुनाव के कम से कम से एक माह पहले जारी हों तथा इन घोषणा पत्रों का पंजीयन चुनाव आयोग में हो। इसके लिए पार्टियों से उनके आर्थिक आंकलन और पूर्ति के वचन का शपथ पत्र लिया जाए। यह कार्यक्रम भी समयबद्ध होना चाहिए। अगर कोई पार्टी सरकार में आने के बाद अपने घोषणा पत्र को उक्त समय में पूरा नहीं करती है तो फिर उस पार्टी की मान्यता और पंजीयन को समाप्त करना चाहिए तथा उसके शपथ पत्र देने वाले अध्यक्ष या नेताओं के ऊपर धारा 420 के अपराध का मुकदमा चलना चाहिए। हिंदुस्तान के सुप्रीम कोर्ट को मैं बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने झूठे

# केरल पर भी सियासी जहर का असर.....

राकेश अचल

सर्वाधिक शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का जहर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है। इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू - मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो जहर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है।

अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है। राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका बचाव करते हुए कहा- राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए। राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी। एक सामान्य बात कही थी। विजयन चूंकि वामपंथी हैं इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा जहर ही जहर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि जहर फैलाने की होड़ लगी है। मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं। अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव जिस माहौल में हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि नयी लोकसभा भी जहरीली सियासत की तरह जहर बुझी ही होगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक समाज में मुसलमानों को लेकर जो भ्रम फैला रहे हैं, उसकी भनक सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद बिधूड़ी के एक मुस्लिम सांसद पर दिए गए भाषण में बहुत पहले मिल चुकी है। मुस्लिम सांसद भले ही बसपा के थे, लेकिन थे तो हिंदुस्तान के। मतदाताओं को समझना होगा कि यदि वे मुसलमानों को लेकर घृणा फैलाने वालों के फेर में आ गए तो वे भी उस जघन्य पाप के भागीदार बन जाएंगे जो पाप भाजपा और मोदी जी खुल्लम खुल्ला कर रहे हैं। केंचुआ उनका सहायक है। अदालतें स्वयं संज्ञान ले नहीं सकतीं। यानि नेताओं को जहर घोलने की पूरी आजादी है। देश में कोई भी सरकार रही हो उसने कभी किसी से छीनकर किसी दूसरे को नहीं दिया। दे भी नहीं सकती। भाजपा में भी इतना दम नहीं है कि वो मुसलमान से छीनकर हिंदू को दे दें। भाजपा तीसरी क्या दस बार भी सत्ता में आ जाए देश के 20 करोड़ मुसलमानों को न देश निकाला दे सकती है और न उन्हें बुलडोजर से रोंद सकती है। सियासी बुलडोग भी मुसलमान को नुक्सान नहीं पहुंचा सकते। केंचुए की लापरवाही और सत्ता प्रतिष्ठान से तालमेल का है खामियाजा देश को न भुगतना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि सभी विपक्षी दल सांप्रदायिकता का जहर फैलाने वालों से जूझे में न कि आपस में उलझें। सांप्रदायिक ताकतों की कोशिश तो यही है कि विपक्षी आपस में ही लड़ मरें।

## संक्षिप्त खबरें

### पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया

एकमा-स्थानीय नगर पंचायत के गंज पर निवासी समाज सेवी योगेन्द्र शर्मा के पिता स्वर्गीय रामजी शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि उनके आवास पर मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कुशल नेतृत्व और व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राम जी शर्मा कुशल व्यवहार के धनी व्यक्ति थे।वह जब तक रहे अपने जीवन भर सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। वे तो चले गए लेकिन उनकी याद हम लोगों के दिलों से कभी नहीं जाएगी। मौके पर शिवेंद्र कुमार सिंह बैजनाथ यादव ध्रुव पांडेय अरुण शर्मा चंदन शर्मा सत्येंद्र शर्मा अखिलेश साह असलम अंसारी अनीता देवी ममता देवी राधा कुमारी आदर्श भारद्वाज आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने हत्याकांड के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

छपरा सिटी : मांझी थानाक्षेत्र में हुई हत्या की घटना में शामिल एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी बुधवार को एसपी डा गौरव कुमार मंगला ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अजीत कुमार चौधरी उर्फ गोरखा पिता नंद कुमार चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। अजीत पर पिछले साल मांझी थानाक्षेत्र में नवंबर महीने में हुई एक हत्या कांड में शामिल होने का आरोप था और पुलिस को उसकी तलाश काफी दिनों से थी।

### शिवयाम के लिए की गयी जलभरी

पानापुर(सारण)प्रखंड के मुड़वां गांव स्थित श्री सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार से शुरू हो रहे 24 घंटे के अखंड शिवयाम के लिए बुधवार को जलभरी की गयी।कलशयात्रा में शामिल होने के लिए मुड़वां ,महम्मदपुर ,खजूरी ,धोबवल आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु सुबह में ही मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए थे।पीले रंग के परिधानों में सजे श्रद्धालु माथे पर कलश लिए गाजे बाजे के साथ ,महम्मदपुर ,भोरहा गांव होते हुए गंडक नदी के सारंगपुर डाकबंगला घाट पहुँचे जहां आचार्य सुरेंद्र तिवारी द्वारा उद्घोषित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गयी।इस दौरान ह्लॐ नमः शिवाय,बोल बम-बोल बम,जय शिव-जय शिवह्व एवं अन्य भक्तिमय जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था।कलशयात्रा में जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर , मुखिया जलेश्वर मांझी , सुरेंद्र कुमार पंडित , श्रीभगवान कुशवाहा ,छठु पंडित , मदन सिंह , जीतेंद्र कुशवाहा , रामबाबू पंडित, दिलीप पंडित, सोनू कुमार ,रवि कुशवाहा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# पश्चिमी चंपारण जिले में इस बार मतदाताओं में नही दिख रहा लोकसभा मतदान के प्रति उत्साह

## इस बार चुनाव में पड़ेगा सुशासन का प्रभाव

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(मोहन सिंह)। लोकसभा चुनाव 2024 पश्चिम चंपारण में आगामी 25 मई को होना सुनिश्चित है लेकिन फिर भी अब तक मतदाताओं में कोई उत्साह नहीं देखा जा रहा है।हालांकि जिला प्रशासन पूरी तैयारी के साथ हर रोज मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है फिर भी चुनाव के प्रति लोगों में कोई विशेष चर्चा भी सुनने को नहीं मिल रही है।आपको बता दें कि पश्चिम चंपारण जिले में दो लोकसभा सीट आती है पहला नम्बर वाल्मीकिनगर संसदीय सीटऔर दूसरा पश्चिम चंपारण सीट।वाल्मीकिनगर पर जदयू का कब्जा है तो वहीं पश्चिम चंपारण संसदीय सीट पर भाजपा का कब्जा है।मतदाताओं का मानना है कि इस बार चुनाव में सुशासन की सरकार का असर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो सर्वाधिक मतदाता नरेंद्र मोदी के फैन दिखाई तो दे रहे हैं लेकिन सुशासन की प्रभाव से मतदाता नाराज एवं आक्रोशित भी दिखाई दे रहे है। नौतन एवं लौरिया शराब कांड तथा बलथर कांड का जख्म अभी पूरी तरह से भर भी नहीं पाया है बिहार में अफसर शाही पूरी तरह से बेकाबू है।बिना पैसा का लोगों का कोई काम नहीं हो पाता है। बिहार सरकार की नल-जल योजना एक सफेद हाथी साबित हुई है।नल तो दिखाई देता है लेकिन नल में जल नहीं आता।सप्ताह में एक बार नल में जल भी आता भी है तो कई स्थान पर नल में नाली का पानी गिर रहा है।लोगों को मरने की व्यवस्था पूरी तरह से कर दी गई है। वही बिहार सरकार की सात निश्चय योजना हवा हवाई साबित हुई है। मनरेगा के नाम पर अनेक प्रखंडों में लूट जारी है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना मात्र एक छलावा साबित हो रहा है।आयुष्मान भारत कार्ड का कोई महत्व नहीं है।ना कहींके उसका उपयोग किया जा रहा है न ही इसकी विस्तृत जानकारी लाभार्थियों को दी जा रही है जबकि काफी ढिंढोरा पीट कर केंद्र सरकार कि इस योजना का प्रचार प्रसार किया गया था जो महज एक दिखावा साबित हुई है।

# पोखर में डुबने से एक महिला की हुई मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया



प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा पंचायत अंतर्गत मठिया गांव के पास रेलवे लाइन के बगल वाले पोखर से बुधवार को अहले सुबह एक महिला का शव बरामद हुआ।खबर फैलते के बाद देखते ही देखते काफी संख्या लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी।मृतक महिला मठिया पूरब टोला गांव निवासी जय किसुन सहनी की 44 वर्षीय पत्नी सुकुर मुन्नी देवी बतायी जा रही है। इस मामले में पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम लगभग सात बजे उक्त महिला अपने घर से शौच करने निकलीं थी,जब काफी देर अपने घर नहीं पहुंची तो परिजन एवं पड़ोसी के द्वारा काफी खोजबीन किया गया, लेकिन कहीं भी अता पता नहीं चला।अहले सुबह जब गांव की बगल वाले पोखर के समीप उसकी चप्पल दिखा तब लोगों को पोखर मे डुबने का संदेह हुआ।जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सुचना पुलिस को दी गयी।मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एएसआई संजन कुमार सिंह द्वारा गोताखोरों को बुलाकर पोखर में छानबीन किया गया।घंटो मशक्कत के बाद महिला का शव पोखर से बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजन चित्कार माकर रोने लगे।उधर पुलिस शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

# पश्चिमी चंपारण जिले में अब डॉक्टर भी मतदाताओं को मतदान करने हेतु करेंगे जागरूक

## प्रिस्क्रिप्शन पर मतदाता जागरूकता संदेश का लगाएंगे मोहर




- स्वीप गतिविधि के तहत आज से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदाता मतदान के प्रति जागरूक बने। स्वीप कोषांग बेतिया के नोडल अधिकारी कमलाकांत त्रिवेदी ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए स्वीप के माध्यम से जन जागरूकता के कई कार्यक्रम किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आज डॉ0 उमेश कुमार के क्लीनिक में मरीजों के पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) पर मतदाता जागरूकता संदेश की मुहर लगाई गई। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को संबोधित किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई मतदाता बुजुर्ग, बूढ़े या फिर घर से निकलने में असमर्थ है तो वे अपने घर से भी मतदान कर सकते है। इसके लिए वे अपने सम्बंधित बूथ के बी0एल0ओ0 से मतदान पहले से संपर्क कर जानकारी ले सकते और मतदान कर सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलिन ने उपस्थित लोगों को मतदान करने के जागरूक करते हुए कहा आप सभी का वोट बहुत महत्वपूर्ण है। आपका एक-एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा, इसलिए 25 मई को मतदान अवश्य करें। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता डॉ0 उमेश कुमार ने कहा कि वे जिला स्वीप कोषांग से प्राप्त मतदाता जागरूकता मुहर को अपने क्लिनिक में मरीजों के पर्ची पर लगाएंगे और जिला मुख्यालय एवं जिले के अन्य प्रखंडों में कार्यरत प्राइवेट चिकित्सकों को भी मुहर उपलब्ध कराएंगे, जिससे मरीजों के दवा की पर्ची पर मतदान जागरूकता संदेश की मुहर लगाकर मतदान का प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा मतदान सम्पन्न कराने में निजी क्लिनिक संचालक/डॉक्टर अपनी सहभागिता जरूर देंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला स्वीप कोषांग की सदस्या रानी कुमारी, शमीम आरा, रजनी कुमारी, अमूल्य प्रताप, रविकांत झा, संजय कुमार, शशिकांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनियंत्रित बोलेरो की ठोकर से तीन लोग बुरी तरह जख्मी एक की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर माँझी के समीप स्थित जयप्रभा सेतु पर बुधवार की सुबह बोलेरो की ठोकर से दो अलग अलग बाइक पर सवार तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए जिसमें से एक जख्मी की अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। इससे पहले जयप्रभा सेतु स्थित उत्पाद चेकपोस्ट पर तैनात एएसआई अनिल कुमार ने माँझी थाना पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे मुन्ना कुमार साह तथा राहुल कुमार सिंह ने अन्य लोगों के सहयोग से तीनों को लादकर माँझी सीएचसी पहुँचाया। उधर माँझी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी दो लोगों को चिकित्सकों ने चिंताजनक हालत में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में माँझी थाना पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा जिला अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छपरा शहर के मंगाईडीह से लौट रही बारात में शामिल बोलेरो के चालक द्वारा ओवरटेक किये जाने के दौरान अचानक दो बाइक सामने आ गई तथा बोलेरो से ठोकर लगने के बाद दोनों बाइक समेत उसपर सवार तीन लोग फिल्मी स्टाइल में हवा में उछलकर सेतु पर दूर जा गिरे। उक्त दुर्घटना में दोनों बाइक के साथ साथ बोलेरो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद बोलेरो पर सवार बराती व चालक गाड़ी में ही सारा सामान छोड़कर फरार हो गए। फरार बाराती व बोलेरो चालक सिताब दियारा के बताए जाते हैं। उक्त सड़क दुर्घटना में बक्सर जिले के रघुनाथपुर निवासी स्व करीमुल्लाह के पुत्र फहीमुद्दीन अहमद की मौत हो गई। मृतक माँझी के कोंहड़ा बाजार स्थित उच्च विद्यालय के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनके साथ बाइक पर सवार व माँझी के जैतपुर उच्च विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक तथा बक्सर के मदहाँ गाँव निवासी लक्ष्मण सिंह के पुत्र विनायक सिंह उर्फ बिबेक सिंह भी बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं दुर्घटना की शिकार दूसरी बाइक पर सवार सिवान के हुसेनगंज ब्लॉक में कार्यरत अमीन एवम बक्सर निवासी प्रमोद कुमार के पुत्र सचिन कुमार साहनी भी बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँची बलिया जनपद अंतर्गत बैरिया थाना चौकी चांद दीयर की पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों बाइक व बोलेरो को जब्त कर लिया। इधर माँझी सीएचसी में घायलों को देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सुमित कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय धर्मनाथ धनी मंदिर, कटरा, छपरा में पूरे धूम धाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया और हनुमान जी को एक्यावन किलो लड्डुओं का भोग लगया गया। । इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भजन किर्तन का आयोजन किया गया, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। विभिन्न वक्ताओं ने इस अवसर पर हनुमान जी के जिवन से जुड़ी रोचक घटनाओं की भी चर्चा किया । वक्ताओं ने रामायण की भी चर्चा कि कैसे हनुमानजी ने राम रावण युद्ध में धर्म का साथ दिया । कार्यक्रम के अंत में आरती हुआ और फिर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इस अवसर पर जिला मंत्री वसंत कुमार सोनू, जिला सेवा प्रमुख गौतम बंसल, जिला संपर्क प्रमुख सोहन राय, कोषाध्यक्ष बिनोद सिंह, उदय प्रताप सिंह, राणा यशवंत सिंह, प्रदिप गुप्ता , छठ्ठीलालजी , शिवमंगल जी, चंदन कुमार सहति हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए ।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मशरक डीएसपी के साथ एसपी सारण ने कि समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। बुधवार को सारण एस पी डॉ गौरव मंगला ने मशरक डीएसपी कार्यालय पहुंच चुनाव पूर्व तैयारी एवम पुलिस बल की सक्रियता का जायजा लिया। मशरक डीएसपी अमरनाथ , थानाध्यक्ष मशरक धनंजय राय , तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह एवम पुलिस पदाधिकारियों के साथ गहनता से महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मशरक थाना अंचल के मतदान केंद्र का रूट मैप के साथ वस्तुस्थिति का अवलोकन करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया । मशरक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वैसे मतदान केंद्र जहां किसी तरह से मतदाताओं को प्रभावित किया जाता हो या मतदान में शामिल होने से रोकने वालो को चिन्हित कर सख्त कारवाई करने का संकेत दिया। एसपी ने बताया कि सिवान व गोपालगंज जिला के सीमा से जुटे मतदान केंद्र के साथ साथ मशरक नगर पंचायत मुख्यालय के मतदान केंद्र पर पुलिस प्रशासन की विशेष नजर है। सीमावर्ती जिला के सीमा पर सघन जांच अभियान कराया जा रहा है। मतदाता भयमुक्त वातावरण में मतदान केंद्र तक जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे इसके लिए शीघ्र ही पुलिस कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर जारी किया जाएगा। जिस पर आमलोग किसी तरह की शिकायत दर्ज करा शीघ्र पुलिस प्रशासन का सहयोग प्राप्त कर सकते है। बैठक में उपस्थित मशरक डीएसपी को कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी मतदान केंद्र भवन एवम चुनाव के दौरान आने वाले सुरक्षा बल के आवासन का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र जानकारी देने को कहा। मशरक थाना पहुंचे एसपी ने सीमावर्ती थाना तरैया के छपिया में पिछले दिन हुए मारपीट घटना का सुपरविजन किया जिसमे दोनो पक्ष के लोगो से अलग अलग बात की।

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी स्थानीय थाना क्षेत्र के कटसा पंचायत के रजुपुर गांव में चोरों ने एक साथ दो घरों को बनाया निशाना. ।प्राप्त जानकारी के अनुसार रेयाजुद्दीन असारी पिता स्वर्गीय नामजून दिन के घर में चोरों ने रात में बास के सहारे छत पर चढ़कर आंगन में उतरकर घर में रखे पेटी अटैची को लेकर मक्का के खेत में ले गए जहां तोड़कर चोरों ने पांच सौ ग्राम चांदी के सिक्के तथा सोने के चार थान गहना जिसमें सिकरी टॉप मंगलसूत्र नथनी को चोरों ने चुरा ली गृह स्वामी घर में सोए हुए थे उसे घर के दरवाजे को बाहर से कुंडी लगा दी घर में सोई औरत ने फोन कर अपने घर वाले को सूचना दिए तब घर वाले पहुंचे तब तक चोर वहां से फरार हो गए थे बगल के मक्का के खेत में ले जाकर चोरों ने पेटी तथा अटैची को तोड़कर सामान को चुराकर आसानी से निकल गए बगल में बारात आए हुई थी लोग बरात में व्यस्त थे वहीं उसी गांव के राजपुर में जय नारायण राय के घर में.बेटी के शादी के लिए की तैयारी पूरे जोर-शोर पर चल रही थी शादी के लिए रखे गए सामान तथा नगर 1लाख चालिसा हजार नगद गहना सोने की अंगूठी सीकरी मंगलसूत्र मंगलटीका नथुनी तथा चांदी के आभूषण को चोरों ने गोदरेज को तोड़कर चुरा ली तथा. जिसकी किमत दस लाख बताई गई है चोरों ने छत के सहारे चढ़कर आंगन में पहुंचे जिस घर में महिलाएं सोई हुई थी उसे घर को वहार से बंद कर दिया तथा चोरों ने अलमीरा तथा पेटी.को रड के सहारे।

# आग लगने से 40 घर जले, भारी क्षति

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल प्रखंड के परसौना तपसी पंचायत के वार्ड नम्बर 6 में मंगलवार की संध्या भयंकर आग लगी की घटना घटित हुई।अचानक लगी इस आग से करीब 40 घर जलकर राख हो गए । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अचानक लगी आग की घटना में परसौना गांव स्थित वार्ड नम्बर 6 निवासी शमसुल मियां, कलाम मियां, एकराम मियां, फैजुल्लाह मियां, सद्दाम मियां, सुनर्मन यादव, इनरमन यादव, गजाधर महतो, लड्डु मियां, जयकिशुन महतो, द्वारिका महतो सहित करीब 40 परिवार के घरों में आग का तांडव रहा। जिसमें सभी घरों के साथ इसमें रखे अनाज, बर्तन, बिछावन, रूपएं, गहना सहित लाखों रूपएं मूल्य की संपति जलकर राख हो गयी। आग की घटना की खबर सुन रक्सौल फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ी व रामगढ़वा फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी के द्वारा आग पर काबू पाए जाने के लिए काफी मशक्कत किया गया। लेकिन आग ने करीब 40 घरों को अपने आगोश में ले लिया। देखते-ही-देखते लोगों के आशियाने जलकर राख हो गए। अगलगी की घटना में शमशुल मियां सहित अन्य लोगों का भारी मात्रा में नगद व गहना जलकर राख हुआ है। बुधवार की सुबह तक दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुयी थी । मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी आग बुझाने में सहयोग किया । आग बुझाने के दौरान दर्जनों ग्रामीण आंशिक रूप से घायल भी हुए है। अंचलाधिकारी शेखर राज ने बताया कि घटना की सूचना के बाद राजस्व कर्मचारी को भेजा गया है। पीड़ितों को आवश्यक सामान तिरपाल व खाने-पीने का सामान लेकर वे खुद पंहुचे। इन्होने बताया कि पीड़ित परिवार को चिंहित किया जा रहा है और उन्हें कल ही अनुग्रह अनुदान की राशि दे दी जाएगी। वही उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की सूची के अनुसार जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से अनाज मुहैया कराया जाएगा।

# बारात में नाच देखने गए युवक की बेरहमी से चाकू गोद कर कर दी निर्मम हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से इस समय एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बारात में नाच देखने गये एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या की गई है. घटना छपरा शहर के मुफस्सिल थाना अंतर्गत विशुनपुरा गांव की हैं. जहां मृत युवक की पहचान छपरा शहर के मुफस्सिल थाना अंतर्गत विशुनपुरा गांव निवासी उदय कुमार सिंह के पुत्र प्रिंस राज के रूप में की गई है. उसका शव गांव स्थित गाछी टोला से बरामद किया गया है. इस घटना की जानकारी परिवार वालों को आज अल सुबह हुई. सूचना के बाद घर वाले भागे-भागे वहां पहुंचे तो प्रिंस की मृत्यु हो चुकी थी. वहीं सूचना के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा, जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है. इस घटना के बाद परिवार वालों में रोना-पीटना लगा हुआ है.इस संबंध में मृतक के भाई कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि वह गांव में आये बारात में नाच देखने के लिए अपने मित्र मोनू के साथ गया था. मोनू के द्वारा ही घर आकर सूचना दी गई कि नाच देखने के दौरान विवाद में कुछ लोगों के द्वारा प्रिंस को चाकू गोदा जा रहा है और वह भाग कर पहुंचा है. इस सूचना के बाद वे लोग जब वहां पहुंचे तो गांव स्थित गाछी टोला में उसे मृत पाया गया. हालांकि समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी. वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# लाइसेंस थोक होमियोपैथिक दवा विक्रेता का काम मरीजों का ईलाज करना

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(मोहन सिंह)।एक तरफ जहां सरकार द्वारा आयुष चिकित्सा पद्धति में शामिल होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए जोर शोर से प्रसार किया जा रहा है वही दूसरी तरफ पश्चिमी चंपारण जिले में थोक विक्रेता के लाइसेंस होमियोपैथिक दवा विक्रेता मरीजों का ईलाज भी करते हैं भले ही इन दवा दुकानदारों को न ही बीमारी की जानकारी दवा की खुराक और न ही दवा की मात्रा(पोटेंसी) का पता हो। जिला मुख्यालय बेतिया में दर्जनों है ऐसे दवा दुकानदार बताया जाता है कि जिला मुख्यालय बेतिया मे मुख्य पथ सहित हर चौराहे पर करीब दर्जनों ऐसे होमियोपैथी दवा दुकानदार है जो थोक विक्रेता का लाइसेंस लिए है और हर रोज सुबह से शाम तक खुलेआम मरीजों की जान से खिलवाड़ करते है।वही सूत्रों की माने तो जिले के।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इन दवा दुकानदारों द्वारा खुलेआम भोलेभाले मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाता है।जानकर सूत्र बतातें है कि इन दवा दुकानदारों द्वारा हर माह नजराना देकर इस धंधे को खुलेआम चलाया जा रहा है बीमारी की पहचान,दवा की पहचान, पोटेंसी,मात्रा,खुराक आदि की होनी चाहिए जानकारी वही डिग्रीधारी एवं पंजीकृत होमियोपैथिक चिकित्सकों का मानना है कि सबसे पहले किसी भी चिकित्सक को बीमारी की पूरी जानकारी, पहचान,लक्षण की पूरी जानकारी होनी चाहिए।चिकित्सकों के अनुसार होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति में दवाओं का चयन भी बहुत ही सावधानीपूर्वक करना होता है क्योंकि इसमें ऐसी ऐसी दवाएं है जो एक दूसरे की शत्रु है अगर सावधानी पूर्वक बीमारी के अनुसार दवाओ का चयन नही किया जाय तो बीमारी ठीक होने के बजाय और बढ़ सकती है इससे मरीज की परेशानी और बढ़ जाती है। मरीजों के ईलाज के लिए चिकित्सक की डिग्री के एवं राज्य में पंजीयन अनिवार्य सरकारी नियमानुसार होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति से मरीजों का ईलाज करने के लिए बीएचएमएस या डीएचएमएस की डिग्री के साथ साथ बिहार राज्य होमियोपैथी चिकित्सा बोर्ड में पंजीकृत होना जरूरी है।

# महा मरूति यज्ञ में दर्शक ले रहे है श्रीकृष्ण रास लीला का आनंद

छपरा (सदर) : ॐ नमो रुद्रावतराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्व रोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा आदि मंत्रोचारण के साथ महा मारुति यज्ञ के लिए बने अग्नि कुंड में आहुति दी गई।उक्त बातों की जानकारी देते हुए खैरा रामजनकी मठ के महंथ यज्ञकार्त्ता रामदास बाबा ने बताया कि यज्ञ 25 अप्रैल को महा आहुति के साथ संपन्न हो जाएगा। गौरतलब है कि इस यज्ञ में दिन में वैदिक मंत्रोचार के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है तो वहीं रात्रि के समय श्री कृष्णा आदेश रासलीला मंडली जो की श्री धाम वृंदावन मथुरा से आई है, श्रीकृष्ण के द्वारा किए गए कार्यों को स्टेज शो के माध्यम से दिखाया जा रहा है । इस कार्यक्रम के तहत मंगलवार की रात्रि में रास लीला के कलाकारों के द्वारा कालिया नाग को नाथा गया। रास लीला के कलाकारों में कृष्ण के रूप में कृष्णा तिवारी, कंस संतोष तिवारी,दीवान राम तिवारी,द्वारपाल हेमंत तिवारी, गोपियों के रूप में हेमंत, महेश, संतोष मोनू गोस्वामी, तथा नारद के रूप में मनीष एवं अन्य कलाकारों ने अपने कला के माध्यम से दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित किया। वहीं मंडली के आचार्य स्वामी श्री गोपाल दास के द्वारा बृज भाषा में बोले गए श्लोक सबको मन भा रहे हैं। बताते चलें कि मारुति महायज्ञ में मुख्य जजमान अनिल सिंह और उनकी पत्नी मिथिला देवी थी।

# पिकअप वाहन ने शिक्षक सहीत दो अन्य बाइक सवार को रौंदा

## एक कि मौत,दोनों बाइक सवार पीएमसीएच रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित मांझी पुल पर शराब के नशे में धुत्त पिकअप वैन चालक ने एक शिक्षक को रौंदने के बाद अन्य दो बाइक चालकों को भी अपनी चपेट में ले लिया. इस दुर्घटना के बाद अनियंत्रित पिकअप को आगे खड़ी कर चालक भाग निकलने में सफल रहा. वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को छपरा सदर अस्पताल लाया गया. जहां गंभीर स्थिति में दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया. इस हादसे में मौके पर मृत शिक्षक की पहचान 44 वर्षीय फईमुद्दीन के रूप में की गई है. जो कि, मांझी से दाउदपुर स्थित कोहरा हाई स्कूल ड्यूटी के लिए जा रहे थे. बता दें कि शिक्षक फईमुद्दीन मूल रूप से बक्सर के रहने वाले हैं जिनकी पोस्टिंग दाउदपुर स्थित कोहरा हाई स्कूल में है. वह बुधवार को माझी से ड्यूटी के लिए स्कूल जा रहे थे, तभी अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. जबकि बाइक चला रहे दूसरे शिक्षक भी बक्सर जिला निवासी आशुतोष कुमार के 28 वर्षीय पुत्र विनायक सिंह बताए गए हैं, जिनकी पोस्टिंग दाउदपुर के जैतपुर हाई स्कूल में है. इस घटना के समय बताया जाता है कि विनायक सिंह और फईमुद्दीन दोनों बाइक से जा रहे थे, तभी मांझी पुल पर अनियंत्रित पिकअप वैन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. वहीं इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रेफर किये जाने वाला तीसरा दूसरा व्यक्ति भी बक्सर निवासी प्रमोद सहनी का 26 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार सहनी बताया गया है. जो कि ड्यूटी के लिए सिवान जा रहे थे. गंभीर रूप से सचिन को भी बेहतर चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है. उनके साथ बाइक पर सफर कर रहे अन्य कर्मी ने बताया कि उनकी पोस्टिंग सिवान जिला अंतर्गत हुसैन गंज ब्लॉक में अमीन के पद पर है. वह ड्यूटी के लिए जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ है. वही इस घटना के प्रत्यक्ष दर्शी अन्य शिक्षकों ने बताया कि वे लोग बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे तभी यूपी से आ रहे एक पिकअप वैन चालक जैसे तैसे पिकअप चलते हुए एक-एक कर तीन बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया. जिसके बाद वह आगे जाकर पिकअप वैन से कूद कर भाग निकला. वही मांझी थाना अध्यक्ष ने बताया कि घायलों अस्पताल भेजा गया है. वही पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है. इस दुर्घटना में शिक्षक फहीमुद्दीन की मौत हुई है. जिनके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

# हनुमंत जन्मोत्सव के अवसर पर छपरा शहर के विभिन्न मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन:विश्व हिंदू परिषद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। हनुमान जयंती के अवसर पर छपरा शहर के विभिन्न मंदिरों में संध्याकालीन दीप जलाकर संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन। श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति न्यास रजी० एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा शिव पार्वती मंदिर पंकज सिनेमा के पास तथा धर्मनाथ मंदिर दौलतगंज रतनपुरा , मारुति मानस मंदिर, तपोवन शिव मंदिर, साहेबगंज चौक शिव मंदिर, पंचमुखी हनुमान कचहरी रोड़, कटहरी बाग हनुमान मंदिर, मौना नीम हनुमान मंदिर, मां कामाख्या धाम दर्शन नगर सलेमपुर, कचहरी स्टेशन हनुमान मंदिर, अड़बड़ नाथ मंदिर नई बाजार,मणी नाथ मंदिर नई बाजार, बहुरिया फूलपति कुंवर पंच मंदिर, बाबा मनोकामना नाथ मंदिर कटरा, शीतला मंदिर कटरा, हनुमान मंदिर कटरा बाजार, बाबा वेंकटेश्वर नाथ मंदिर कटरा बाजार, भूटेला शाह शिव मंदिर , हनुमान मंदिर अस्पताल रोड । अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने कहा कि हनुमान जी महाराज कलयुग के प्रत्यक्ष देवता है चारों युग में रहने वाले हनुमान जी संकट मोचन है। हनुमान जी ने सेवक बनकर राम के दिलों पर राज किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम सेवा भाव से किसी का भी दिल जीत सकते हैं।

# रंगोली और मेहंदी के जरिए लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रही जीविका दीदियां

प्रात : किरण संवाददाता

परसाः-सारण लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जीविका प्रबंधक ब्रजेश कुमार के निर्देश पर गांव स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा है।बुधवार को माड़र पंचायत के खेमाडीह स्थित पंचायत सरकार भवन में जीविका दीदियों की ओर से रंगोली बनाकर मतदान के अधिकार का महत्व समझाया गया।इस क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।जीविका दीदी ने लोगों को अपना मत देने और अपने परिवार को मतदान में शामिल कराने को लेकर भी शपथ दिलाई गई।इस दौरान ह्यवोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल और आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें के नारे भी लगाए गए।जागरुकता कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना रहा। निर्भीक होकर मतदान का किया अपील जीविका के बीपीएम ब्रजेश कुमार ने कहा कि मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग निर्भीक होकर करने की अपील की जा रही है।ताकि वे अपनी मर्जी से मताधिकार का प्रयोग करें, किसी के बहकावे में ना आएं।जागरूकता अभियान चुनाव तक रहेगा, ताकि कोई भी मतदाता चुनाव में वोटिंग करने से वंचित ना रहे।महिलाओं से आग्रह भी किया जा रहा है कि पहले मतदान करें।

# राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह–जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के द्वारा समाहरणालय स्थित एनआईसी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव,प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ लोकसभा निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न कराया गया। इस रेंडमाइजेशन में ईवीएम–वीवीपेट को विधानसभा वार मार्क कर दिया गया। इसके बाद ये ईवीएम अब विधानसभावार बनाए गए डिस्पैच सेंटर पर भेजे जाएंगे जहां इनका दूसरा रेंडमाइजेशन कराया जाएगा। दूसरा रेंडमाइजेशन भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराई जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया बताई और रेंडमाइजेशन के बाद निकाले गए सीट पर सभी का हस्ताक्षर प्राप्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल को 03– पूर्वी चंपारण एवं 04–शिवहर लोकसभा के लिए अधिसूचना जारी होगी और उसी के साथ नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगा। यह नामांकन 06मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र भरते समय अभ्यर्थी का फोटो एवं बैंक अकाउंट देना जरूरी है। डीएम ने कहा कि नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र का कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ता है।

सभी कालम भरा होना चाहिए। अगर कोई कालम भरा हुआ नही पाया जाएगा तो इसके लिए नोटिस किया जाएगा और फिर पूर्ण रूप से भरा हुआ शपथ पत्र जमा करना होगा। नोटिस एक बार ही किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि प्रस्तावक का नाम और मतदाता सूची में उसका क्रम संख्या देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय, घर या बंद परिसर को छोड़कर खुले में सभा करने या जुलूस निकालने के लिए अनुमति लेनी जरूरी है। यह नियम लाउडस्पीकर के मामले में भी लागू है। उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त होने की 1 घंटे के अंदर अनुमति दे दी जाएगी। डीएम ने कहा कि नामांकन के समय समाहरणालय परिसर में केवल तीन गाड़ियों के प्रवेश की ही अनुमति रहेगी तथा प्रत्याशी सहित कुल पांच लोग ही निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन के लिए जा सकते हैं। डीएम ने कहा की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए अच्छे से प्रचार प्रसार करें। इसका मतदाताओं पर सकारात्मक असर पड़ेगा और जिला में वोटर टर्न आउट भी बढ़ेगा जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो देशों की नागरिकता रखने के आरोप में एक व्यक्ति भारतीय बॉर्डर से गिरफ्तार

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल बॉर्डर से एक ऐसे व्यक्ति को एसएसबी एवं इमिग्रेशन द्वारा पकड़ा गया है, जिसके पास से नेपाली एवं भारतीय दोनों ही देशों की नागरिकता प्राप्त हुई हुई है। इस संबंध में स्थानीय हरैया ओपी थाना को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि एक नेपाली नागरिक को नेपाल से रक्सौल के रास्ते भारत में प्रवेश के दौरान एसएसबी एवं इमिग्रेशन के अधिकारियों द्वारा रोका गया एवं कागजात जांच के लिए इमिग्रेशन कार्यालय लाया गया। उपरोक्त नेपाली व्यक्ति के पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक भारतीय एटीएम कार्ड प्राप्त हुआ है। वहीं भारतीय पासपोर्ट की एवं नेपाली पासपोर्ट की कॉपी भी बरामद हुई है। आरोपी की पहचान गुलाम गौस, पिता अब्दुल जब्बार शाह के रूप में हुई है।

### दो वयोवृद्ध अभियुक्तों को सश्रम कारावास

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दो धनंजय कुमार मिश्रा ने दाउदनगर थाना कांड संख्या -112/97, एसटीआर - 139/99 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त नवही उर्फ राजेन्द्र यादव अरई टोले रघुवंशी विगहा दाउदनगर और दुधेश्वर महतो तरारी टोला मुस्लिमाबाद दाउदनगर दोनों उम्र 70 वर्ष को सजा सुनाई है, एपीपी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को 04/04/24 को भादंवि धारा -399/402 में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्तों को भादंवि धारा 399 में पांच साल सश्रम कारावास की सजा, दस हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगी, वहीं भादंवि धारा 402 में पांच साल सश्रम कारावास और दस हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगी, दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक अखिलेश्वर चौबे थाना प्रभारी दाउदनगर ने 09/08/1997 को अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि गुप्त सूचना मिली थी कि नवही यादव के घर कुछ अभियुक्त किसी अपराध के योजना बना रहे हैं।

### चोर की वारदात में चोर ने व्यक्ति को मारी गोली,रेफर

संझौली (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के चैता नर्वद गांव में चोर चोरी करने के दौरान एक युवक को गोली मारने की खबर प्रकाश में आया है। वही चोर घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहे। यवक की जांघ में गोली लगने की बात कही जा रही है। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जाती है। जख़्मी युवक दीपक कुमार उम्र 25 वर्ष पिता प्रमोद चौधरी जो चैता गांव के निवासी बताए जाते है। जख्मी यवक का स्थानीय पीएचसी में उपचार के बाद चिकित्सक के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम हेतू भेजा गया है।

### दो लाल वारंटी को जेल

दिनारा (रोहतास) नटवार पुलिस ने थाना क्षेत्र के नटवार खुर्द से दो लाल वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि उक्त गांव के रहने वाले पिंटू साह उर्फ सुनील कुमार साह और लंगड़ा उर्फ जितेंद्र साह को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट से लाल वारंट निर्गत था।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) दिनारा एवं भानस ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ तीन कारोबारी को धर दबोचा। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी विनय कुमार के पास से 2 लीटर देसी शराब एवं लाल बाबू राय के पास से 36 पीस 180 एमएल का एट पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ मामले में संलिप्त दोनों कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरी ओर भानस ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अकोढ़ी निवासी सुनील पासवान के पास से 34 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ पुलिस ने मामले में संलिप्त उक्त गांव के रहने वाले सुनील पासवान को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक और देसी शराब साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, दूसरा फरार

नसरीगंज (रोहतास) कछवां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मंगरांव से 42 लीटर अवैध देसी शराब व बाइक को जब्त कर लिया है । जिस मामले में पुलिस को देख शराब कारोबारी भाग निकला । तो वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के महाराजगंज निवासी संतोष महतो को 5.4 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

## वर्तमान परिदृश्य में दिनकर साहित्य की भूमिका



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर भारत के महान साहित्यकार राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी के 50 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वर्तमान परिदृश्य में दिनकर साहित्य की भूमिका विषय पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जम्होर विकास मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन सचिव राणा सुनील सिंह द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि दिनकर जी के समग्र साहित्य वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक हैं आज जिस तरह का सामाजिक राजनीतिक एवं साहित्यिक परिवेश चल रहा है उसमें उनके सभी साहित्य समीचीन है। उनकी रश्मिरथी के जो भी काव्यांश है बड़े–बड़े मंचों की उद्बोधन की शोभा बढ़ाते हैं तो वही कुरुक्षेत्र हमें राष्ट्रीय प्रेरणा से बोध कराती है उर्वशी महाकाव्य यह बताती है कि हमें किस तरह से सामाजिक जीवन जीना है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि संस्कृति के चार अध्याय दिनकर की ऐसी कृति है जो पूरे भारत के सभ्यता एवं संस्कृति से हमें परिचय कराती है। संवाद के मौके पर पवन कुमार सिंह उर्फ मुन्ना जी, जितेंद्र कुमार सिंह,राजू ठाकुर,सोम प्रकाश रविकर, सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी को दिव्यांग जिलाअध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त

प्रात : किरण संवाददाता



गया। लोकसभा चुनाव में गया में 19 अप्रैल को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गया जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम के निर्देश के आलोक में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनके घर पर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ उन्हें मतदान करने का अवसर दिया गया है साथ ही वैसे वोटरों के लिए संबंधित बूथों पर अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसके लोगों ने काफी प्रशंसा की है। वहीं दिव्यांग लोगों के उत्थान के लिए काम करने वाली दिव्यांग शिक्षिका सह सामाजिक कार्यकर्ता रीता रानी प्रसाद ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एस एम को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पदाधिकारी के द्वारा ये अभूतपूर्व व्यस्था थी जिसके कारण हर व्यक्ति अपने अधिकारों का प्रयोग कर पाया। इसके लिए गया डीएम को मैं बधाई देती हू ।जिला प्रशासन गया के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए समुचित व्यवस्था को लेकर आज समाहरणालय में रीता रानी शिक्षिका ने डीएम गया डॉ० त्यागराजन एसएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। शिक्षिका ने कहा कि सभी बूथों पर दिव्यांग जनों के लिए उपलब्ध रखे गए व्यवस्थाओं के कारण दिव्यांगो ने अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग किया है। रीता रानी प्रसाद ने बताया की इस बार मतदान केंद्र पर रैंप, व्हील चेयर,वैशाखी एवं केयर टेकर की उत्तम व्यवस्था होने के कारण दिव्यांग जनों को मतदान करने में काफी प्रसन्नता जाहिर किया है। मतदान करने आए दिव्यांग मतदाताओं ने गया जिला प्रशासन ने खूब सराहना की।शिक्षिका ने आभार प्रकट करते ह यह भी कहा कि पछले पितृपक्ष मेला अवधि में भी जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग तीर्थयात्रियों एव भुजुर्ग तीर्थयात्रियों को काफी ज्यादा सुविधा से लाभान्वित करवाने का कार्य किया गया है। जिसका देश विदेश में भी खूब प्रशंसा हुई है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा का आयोजन, हुई विशेष पूजा- आराधना

गया। श्री सालासर बालाजी मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया है। इसी के साथ ही दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह संपन्न हुआ है। बुधवार को पुरानी गोदाम स्थित श्री मारवाड़ी पंचायत भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों से सुशोभित पंडाल में बालाजी हनुमान जी के चित्र को विराजमान करा कर विशेष तरीके से पूजा अर्चना की गई है। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की प्रार्थना कर अखंड ज्योत में आहुति दी गई है। महा आरती एवं हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत हनुमान जी पर पुष्प वर्षा कर आराधना की गई है ।विशाल भंडारे में बालाजी को 56 भोग, गुलाब जामुन, बूंदी, लड्डू,बर्फी एवं सावामणी के प्रसाद का भोग लगाया गया। उसके बाद दोपहर 12:00 बजे से भंडारा का प्रसाद शुरू हुआ। सबसे पहले ब्राह्मणों के बीच भंडारे का प्रसाद परोसा गया ।इसमे बड़ी संख्या में नगरवासी, आसपास के लोग एवं महिलाएं शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया ।दो दिवसीय आयोजन की तैयारी में श्री सालासर बालाजी परिवार के पदाधिकारी,सदस्य गण सहित भक्तजनों का सराहनीय योगदान रहा। जन्मोत्सव को लेकर लगातार 24 घंटे तक ब्राह्मणों के द्वारा अखंड रामायण का पाठ,सामूहिक सुंदरकांड एंव हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा है। बालाजी हनुमान के दर्शन पूजन के लिए राम भक्तों की भीड़ लगी रही है। इस अवसर पर समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया, विनोद जसरापुरिया, धीरज रोनीयार,परमजीत सिंह, विनोद धानुका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जानकी इंडेन गैस वितरक ने सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आगलगी की घटनाओं में रसोई गैस सिलिंडर विस्फोट को देखते हुए बेसिक सेफ्टी चेक अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के कोईलवर में गैस वितरक जानकी इंडेन द्वारा सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसके तहत जानकी इंडेन अपने उपभोक्ताओं के घर घर पहुंच घरेलू उपयोग में होने वाले गैस का सुरक्षा जांच किया गया। प्रो सुनील कांत आनंद के साथ कर्मी विवेक कुमार और रवि कुमार पांच दर्जन उपभोक्ताओं के घर पहुंच गैस सिलेंडर और चूल्हा का पोजिशन, रेगुलेटर और पाइप की जांच समेत सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।

साथ ही गैस लीक होने या अन्य किसी तरह की दिक्कत होने पर आपातकालीन नंबर 1906 के बारे में बताया और कहा कि इस नंबर पर मोबाइल से डायल करने के उपरांत टेक्नीशियन की टीम मौके पर पहुंच समस्या का समाधान करेंगे। जिससे किसी तरह की कोई अनहोनी नहीं हो। वहीं जो उपभोक्ता का पाइप खराब हो गया है, उसे बदलने की भी सलाह दी गयी।

## नियमित टीकाकरण सुदृढ करने को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



मोतिहारी ।नियमित टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर है। नियमित रूप से दिए जाने वाले टीके के स्तर को बढ़ाने व सुदृढ़ीकरण को लेकर मोतिहारी के एक निजी सभागार में जिलास्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह, एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार पासवान, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा,डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ मनोज तुमराडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।मौके पर सिविल सर्जन डा विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों के द्वारा टीकाकरण का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण आवश्यक है, वे हर कार्यों की उपलब्धी के लिए जिम्मेवार पदाधिकारी हैं। प्रशिक्षण के बाद प्रभारी अपने पीएचसी टीम के साथ बेहतर प्रयास करें, एसीएमओ डा श्रवण पासवान ने बताया कि कमजोर उपकेन्द्र की ग्रेडिंग कर वहाँ विशेष अभियान की व्यवस्था करें ।डा शरतचंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार के पास बच्चों के टीकाकरण के लिए सारी सुविधाएं मौजूद है। बच्चों के टीकाकरण के लिए 100 प्रतिशत ट्रेकिंग आवश्यक है। उन्होंने माइक्रोप्लान का विश्लेषण कर इसे बेहतर बनाने का सुझाव दिया ।कार्यक्रम आयोजक डब्ल्यूएचओ टीम के जिला सर्विलेंस अधिकारी डा मनोज तुमराडा ने प्रशिक्षण में टीके के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जिले में अभी काफी बच्चे छुटे हुए हैं। यह वे बच्चे हैं जिनके टीकाकरण में डेढ माह या 6 सप्ताह पर पेन्टा प्रथम के साथ अन्य टीके दिया जाना है, पेन्टा टीका एक वर्ष के भीतर हीं दिया जाता है, मगर काफी बच्चे टीके की इस सुविधा से वंचित है. जिला कार्यशाला में प्रखण्ड के अस्पताल प्रभारी, बीसीएम, नोडल मेडिकल आफिसर साथ–साथ पार्टनर एजेंसी के लोगों की क्षमता का संवर्धन किया जा रहा है ताकि जीरो डोज की समस्या न रहे और उम्र के अनुसार बच्चे को टीके दिए जा सके। डॉ तुमराडा ने बताया कि क्षमता संवर्धित होनेवाले अस्पताल अधिकारी प्रखण्ड में आयोजित होनेवाले कार्यशाला मे चिकित्सक, एएनएम का संवर्धन किया जायेगा ताकि सभी बच्चे उम्र के अनुसार टीके ले सकें. आज अरेराज, आदापुर, पिपरा कोठी , रामगढवा, संग्रामपुर, तुरकौलिया, सुगौली, चिरैया, तेतरिया तथा मधुबन का होगा।

## सैकड़ो दीपक जलाकर मनाया गया हनुमंत जन्मोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से मंगलवार को रुक्मिणी सरोवर एवं मंगला गौरी में संचालित हनुमान चालीसा केंद्र में केंद्र संचालिका क्रमशः सरिता त्रिपाठी एवं वीणा गिरी के निर्देशन में हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरे धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सदस्यों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना कर मंगल आरती की गई। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर 101 दीपक जलाए गए हैं। इसके साथ ही लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक ने बताया कि शहर के रुक्मिणी सरोवर, मंगला गौरी, पिता महेश्वर, ब्राह्मणी घाट एवं धामीटोला आदि स्थानों पर नियमित रूप से हनुमान चालीसा का केंद्र चल रहा है। जिसके माध्यम से हिंदुओं को एकजुट किया जा रहा है। इस अवसर पर सरिता त्रिपाठी ने लोगों से हनुमान चालीसा केंद्र से जुड़ने की अपील की। मौके पर सावित्री देवी, मुन्नी देवी,माधुरी देवी, रामकुमार द्विवेदी, अश्वनी कुमार, अनीता देवी, उषा देवी,अर्पणा मिश्रा, फूल कुमारी देवी, सुरेंद्र यादव एवं मोना कुमारी आदि लोग शामिल थे।

## औघड़ मंगल राम जातीयता,सांप्रदायिकता के कट्टर विरोधी एवं हिंदू मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे : संजय रघुवर

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।परम पूज्य गुरुदेव औघड़ मंगल राम जी का पुण्यतिथि है' जब मैं स्मृतियों में जाता हूं तो यह पता हूं कि आज की जो परिस्थितियों हैं उसमें उनका होना आवश्यक था जातीयता सांप्रदायिकता के वह कट्टर विरोधी थे तथा हिंदू मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे उनके शिष्यों में इस्लाम धर्म मानने वाले लोग सिख धर्म मानने वाले लोग जैन धर्म मानने वाले लोग ईसाई धर्म मानने वाले लोग सभी लोग समान रूप से थे' कभी पलामू भी खूनी तांडव से एवं हिंसा तथा प्रतिहिंसा की घटनाओं से बबार्दी की ओर था जिसे रोकने में सामाजिक सद्भाव बनाने में पूज्य गुरुदेव औघड़ मंगल राम जी का अद्भुत योगदान रहा है' आज उनकी याद में उनके तेल चित्र के समक्ष अखंड ज्योति जलाया' उन्होंने अपने जीवन काल में विभिन्न संदर्भ में जो बात कही थी कुछ बातें उन्होंने मेरे जीवन निजी जीवन के बारे में भी कही थी जो आज सत्य प्रतीत हो रहा है यह मेरा दुर्भाग्य है कि मैं उनके जीवनकाल में उनके संकेत को समझ नहीं पाया ' यद्यपि अघोर परंपरा में एक से बढ़कर एक महान संत हैं किंतु उनके जैसा व्यक्तित्व अब मुझे कहीं नहीं दिखता है' पूज्य गुरुदेव के चरण कमल में श्रद्धापूर्वक प्रणाम अर्पित करता हूं' डॉ संजय रघुवर 22 अप्रैल 20 24 रजनीश।

## भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सभी सुविधा उपलब्ध के लिए निर्देश

गया ।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वच्छ, निष्पक्ष , भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान एवं मतगणना कार्य संपन्न कराने के उद्देश्य से विधि व्यवस्था संधारण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिलाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई है ।जहानाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गया जिला के अतरी विधानसभा में 7वा चरण यानी 01 जून को चुनाव होना है। चुकी जून माह में भीषण गर्मी, हीट वेब, लू के आसार रहते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा शौचालय, पेयजल, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था,सेंड आदि हर हाल में उपलब्ध कराने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अतरी विधानसभा के सभी बूथों पर एएम फी की सुविधा उपलब्ध रखे।

## अवैध रूप से बिजली चोरी में दो पर लोगों प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास) बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया । ऊक्त जांच के दौरान अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है । बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम मसोना के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर किताबुद्दीन मंसूरी खान पर 16 हजार 113, कृष्णा राम पर 21 हजार 702 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें । जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

## 13 जुलाई को भभुआ व्यवहार न्यायालय एवं अनुमंडलीय न्यायालय मोहनियां में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निदेशार्नुसार इस वर्ष का द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 को 10:00 बजे से भभुआ व्यवहार न्यायालय एवं अनुमंडलीय न्यायालय मोहनियां में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर उस दिन अलग–अलग विभाग के लिए बेंच भी बनाए जाएंगे। वही प्रेस वार्ता कर अपने कार्यालय जिला जज राधेश्याम शुक्ला द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य आम लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करते हुए आपसी सुलह के आधार पर उनके वादों का निस्तारण किया जाना है। ताकि वे शांति एवं सद्भाव पूर्ण जीवन जी सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय फौजदारी क्रिमिनल मामले दीवानी मामले बैंक ऋण वसूली वाद मनी सूट भूमि अधिग्रहण मामले खान एवं खनिज अधिनियम विद्युत मामले परिवार न्यायालय संबंधित मामले टेलीफोन राजस्व आदि से संबंधित मामले पक्षकारों का आपसी सुलह के आधार पर तत्काल मौके पर निपटारा किया जाता है। जिससे व्यापक रूप से प्रचार प्रसार हेतु आज प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।

## बीकानेर से दानापुर के लिए, कोयम्बत्तुर एवं ताम्बरम से बरौनी के लिए तथा ताम्बरम एवं ईरोड से धनबाद के लिए 01-01 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । इसी कड़ी में 05 जोड़ी और समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है – 1. गाड़ी सं. 04721/04722 बीकानेर–दानापुर–बीकानेर समर स्पेशल (डीडीयू–वाराणसी– लखनऊ–दिल्ली के रास्ते) – गाड़ी संख्या 04721 बीकानेर–दानापुर समर स्पेशल बीकानेर से 02.05.2024 से 27.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 10.45 बजे खुलकर शुक्रवार को 13.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04722 दानापुर–बीकानेर समर स्पेशल दानापुर से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 16.20 बजे खुलकर शनिवार को 23.40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 05, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । 2. गाड़ी सं. 06059/06060 कोयम्बत्तुर–बरौनी–कोयम्बत्तुर समर स्पेशल (किउल–झाझा– चितरंजन–धनबाद–रांची के रास्ते) – गाड़ी संख्या 06060 बरौनी–कोयम्बत्तुर समर स्पेशल बरौनी से 26.04.2024 से 28.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 23.45 बजे खुलकर सोमवार को 01.43 बजे कोयम्बत्तुर पहुंचेगी।

## विभिन्न प्रतिष्ठानों में धावा दल ने चलाया सघन जांच अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आदापुर प्रभारी छौड़ादानो के नेतृत्व में छौड़ादानो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया।

जाँच के क्रम में छौड़ादानो प्रखंड के प्रतिष्ठान बजरंग रेडीमेड से 1 बाल श्रमिक को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा !बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से बीस हजार प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर प्रभारी छौड़ादानो राजीव रंजन प्रसाद गोड, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ढाका रामप्रकाश, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ा सहन रोहित कुमार सिंह, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा एवं छौड़ादानो से 5 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## हुलास पांडे हुए निर्दोष सत्य की हुई जीत : राजेश्वर पासवान

आरा। बरमेश्वर मुखिया हत्या कांड में सीबीआई द्वारा दायर चार्ज शीट को न्यायालय द्वारा खारिज करने पर लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पार्टी को न्यायालय पर पूरा विश्वास था कि पार्टी के संसदीय बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री हुलास पांडे जी को राजनीतिक साजिश के तहत फसाया गया था,वे बिल्कुल निर्दोष थे। आज लोजपा रामविलास परिवार सहित उनके चाहने वालो को बेहद खुशी हुई तथा सच मूच वह पंक्तियां सत्यार्थ हुई कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही। आदरणीय हुलास पांडे जी की छबि को कुछ संकीर्ण विचार धारा के लोग धूमिल करना चाहते थे जो असफल हो गए। भोजपुर लोजपा कार्यकताओं ने माननीय आरा न्यायालय के निर्णय पर आभार प्रकट किया है।

आभार प्रकट करने वालो में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के साथ शशिकांत त्रिपाठी,कमलेश सिंह तोमर,सोनू सिंह,लालती देवी,सुरेंद्र आजाद ,मनोज पासवान, दीपू गुप्ता,पिंटू तिवारी ,संतोष पासवान,संजय पासवान,राजेश कुशवाहा, आमोद कुमार अमर, मित्रंजन पासवान,अशोक कुमार, शतीश प्रसाद ,विनोद कुमार,सोनू सिंह,कलयुग सिंह,महाराजा पासवान,संजू पासवान,प्रकाश कुमार ,सोनू पासवान,रितेश पासवान,विशाल चौधरी, अजीत पासवान,राजू सोनी, बनारसी जायसवाल आदि लोग थे।





# क्राइम थ्रिलर सत्यभामा में पुलिसवाली बनकर एनकाउंटर करेंगी काजल अग्रवाल

**सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह इंडियन 2 के अलावा फिल्म सत्यभामा को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है।**

काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह सत्यभामा से धमाकेदार वापसी करेंगी। आज शाम दर्शकों को इस फिल्म को लेकर सरप्राइज भी मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाम चार बजकर पांच मिनट पर सत्यभामा से जुड़ा बड़ा अपडेट मिलेगा। यह अपडेट क्या होने वाला है, इसे जानने के लिए लोग उतावले हो चले हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म के निर्माता इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा कर सकते हैं। काजल के फैंस को यह जानकर खुशी होगी कि इस फिल्म से जुड़े लोगों ने काजल अग्रवाल को जनता की रानी का खिताब दिया है।

## सस्पेंडेड पुलिस ऑफिसर की भूमिका दिखेंगी काजल

सत्यभामा एक तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसमें काजल एक सस्पेंडेड पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के टीजर में उन्हें एक हत्यारे का पीछा करते हुए देखा गया था। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म में धमाकेदार एक्शन देखने को मिल सकता है। इसका निर्देशन अखिल डेगाला ने किया है। वहीं, ऑरम आर्ट्स के बैनर तले बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव टक्कलपेल्ली ने फिल्म का निर्माण किया है। कहानी शशि किरण टिक्का ने लिखी हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल के अलावा प्रकाश राज, नागिनेदु, नवीन चंद्रा, रवि वर्मा, अंकित कोय्या, हर्षवर्द्धन, नेहा पठान, अनिरुद्ध पवित्रन, सत्या प्रदीप्ति, प्रज्वल यादमा और रोहित सत्यन भी अभिनय करते दिखाई देंगे।



# ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना की डेब्यू फिल्म पोस्टपोन

ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की डेब्यू फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड इसी साल 24 जून 2024 को रिलीज होनी थी, जिसमें उनके साथ रोहित सराफ नजर आ रहे हैं। इंडिया टुडे की लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है क्योंकि मेकर्स को इसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स नहीं मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को लेकर पेंडेमिक के दौरान अनाउंसमेंट हुई थी और इसे लेकर काफी चर्चा भी हो रही थी। अब मूवी बिजनेस को लेकर जिस तरह के हालात दिख रहे हैं ऐसे में इसे खरीददार मिलने में काफी चैलेंजेज का सामना करना पड़ रहा है। ये फिल्म पूरी तरह से तैयार होने के बावजूद भी इसे रिलीज करने में देरी हो रही है क्योंकि डिस्ट्रीब्यूटर्स इसे थिएटर में रिलीज करने को लेकर बिल्कुल इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे हैं।

फिल्म रिलीज करने से बच रहे एग्जिबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स हाल के समय में कई सारी फिल्मों का जो परफॉर्मेंस रहा है उसे देखकर एग्जिबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स सतर्क रहना चाह रहे हैं। मेकर्स इसे ओटीटी पर दर्शकों के लिए परोसने से पहले सिनेमाघरों में लिमिटेड रिलीज का ऑप्शन चुन सकते हैं।

प्रड्यूसर ने कहा- दो गाने की वजह से हुई डीले हालांकि, इसी बातचीत में प्रड्यूसर रमेश तुरानी ने कहा- नहीं, बात ऐसी नहीं है, हमने पहले 28 जून की तारीख अनाउंस की थी लेकिन डीले दो गाने की वजह से हुई जिसकी शूटिंग पेंडिंग थी।

हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है

हाल ही में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने रिलीज डेट अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था और पश्मीना का उत्साह बढ़ाया था। उन्होंने लिखा था- हमारी पशो के चमकने का वक्त लगभग आ ही गया है। इसी के साथ उन्होंने ढेर सारी रेड हार्ट इमोजी और लाफ्टर इमोजी भी शेयर की थी। उन्होंने एक लाइन और लिखी थी- मेरी लिट्स क्यूटलेट, अब और इंतजार नहीं कर सकती।

# सुहाना खान की फिल्म किंग में शाहरुख का क्या होगा किरदार



पठान, जवान और डंकी के बाद अब शाहरुख खान एक नए प्रोजेक्ट में बिजी हैं। वह अब अपनी बेटी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। एक्शन-थ्रिलर से भरपूर फिल्म किंग में बाप-बेटी की जोड़ी देखने को मिलेगी। सुजॉय घोष के निर्देशन में बन रही इस मूवी को सिद्धार्थ आनंद और गौरी खान प्रोड्यूस कर रहे हैं। हालांकि पहले इस मूवी के नाम और इन्वेस्टमेंट को लेकर ही खबर आई थी। मगर अब एक्टर क्या किरदार निभा रहे हैं, उससे भी पर्दा उठ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके सोर्सेज के हलावे से दावा किया गया है कि किंग में शाहरुख खान एक डॉन की भूमिका निभाएंगे और किरदार में कुछ ग्रे शेड्स भी होंगे। शाहरुख खान दर्शकों के लिए फिल्में बना रहे हैं और इसमें वह ग्रे शेड किरदार निभाएंगे। किंग उनके दिल के बेहद करीब है और वह इस पर जी-जान के साथ काम कर रहे हैं। वह सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष के साथ प्रोजेक्ट के सभी पहलुओं पर अपना 100 पर्सेंट दे रहे हैं। उन्होंने फिल्म में स्त्र्य के लिए ग्रे शेड्स के साथ एटीट्यूड और स्वैग से भरा एक बहुत अच्छा किरदार तैयार किया है।

शाहरुख खान का किंग में ऐसा होगा लुक

सूत्र ने आगे बताया है कि किंग में शाहरुख खान का लुक हल्की दाढ़ी के साथ लंबे बालों वाला होगा। इस साल सितंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी और उसके बाद मेकर्स एक्टर का लुक दर्शकों के साथ साझा करेंगे। सोर्स का दावा है कि कैरेक्टर डिजाइनिंग पहले ही हो चुकी है। सिद्धार्थ आनंद मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय स्टंट टीमों के साथ एक्शन ब्लॉक पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, सुजॉय डायलॉग्स का मसौदा तैयार कर रहे हैं। जबकि शाहरुख क्रिएटिव्स के साथ काम कर रहे हैं और कुछ नए जमाने के एक्शन सीन्स पर सुहाना के साथ ट्रेनिंग ले रहे हैं।

सुहाना की फिल्म में शाहरुख का इन्वेस्टमेंट

किंग एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जो गुरु और शिष्य की जर्नी को दिखाती है। कैसे जीवन की तमाम मुश्किलों के बावजूद, उनके सर्वाइवल स्किल्स को टेस्ट करती है। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी, जो किंग की शिष्या की भूमिका निभा रही हैं। बीच में खबर आई थी कि एक्टर इस मूवी में 200 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं।



# प्रीति जिंटा ने शुरू की लाहौर 1947 की शूटिंग

**1998 में दिल से... से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली प्रीति, शादीशुदा जिंदगी में इतना बिजी हो गईं कि फिल्मी पर्दे से दूर हो गईं। लेकिन अब उनके फैंस के लिए गुडन्यूज है। वो कमबैक कर रही हैं। फिल्म का नाम लाहौर 1947 है। प्रीति ने इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी है।**

90 के दशक की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा पिछले कई महीनों से मुंबई में ही थीं। उन्हें जिम करते हुए भी देखा गया। तभी से ही अंदाजा लगने लगा था कि वो जल्द ही कमबैक करेंगी। अब उन्होंने लाहौर 1947 फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और सेट से राजकुमार संतोषी संग पहली फोटो भी शेयर की है। जैसे ही प्रीति ने ये खबर सुनाई, फैंस खुशी से झूम उठे, क्योंकि वो लंबे समय से प्रीति को बड़े पर्दे पर मिस कर रहे हैं।

## फिल्म में होंगे सनी देओल

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म लाहौर 1947 में प्रीति जिंटा के साथ सनी देओल भी होंगे। राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल हवेली में हो रही है।

## 17 साल बाद करेंगी कमबैक

संघर्ष, दिल्लगी, क्या कहना, दिल चाहता है, वीर जारा सहित कई फिल्मों में नजर आ चुकीं प्रीति वैसे तो साल 2018 में वेलकम टू न्यूयॉर्क में नजर आई थीं, लेकिन बतौर हीरोइन उन्हें साल 2007 में झूम बराबर झूम में देखा गया था। इसी साल रिलीज हुई ओम शांति ओम में उनका कैमियो था। फिर 2008 से 2018 तक उन्होंने कई फिल्मों में स्पेशल अपीयरेंस दी।

# दे दे प्यार दे में अजय के साथ नजर आएंगे अनिल कपूर



साल 2019 में अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे' रिलीज हुई थी। लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी इस कॉमेडी फिल्म ने दुनियाभर में करीब 143 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। मेकर्स ने फिल्म का सीक्वल बनाने का फैसला किया है। यह जून से फ्लोर पर जाने वाली है। इस बीच कास्टिंग को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक 'दे दे प्यार दे 2' में अजय के साथ दिग्गज एक्टर अनिल कपूर भी होंगे। अनिल को जब फिल्म का कॉन्सेप्ट बताया गया तो उन्होंने तुरंत रजामंदी दे दी। कहा जा रहा है कि हंसाने के मामले में ये फिल्म पहले पार्ट से भी आगे होगी। कहानी के केंद्र में अजय और अनिल की भिड़ंत होगी। पहले पार्ट में अजय रिश्ते के लिए परिवार को मनाते हैं। सीक्वल में अजय, रकुल के किरदार आयेशा के परिवार को मनाने की कोशिश करेंगे। अनिल फिल्म में आयेशा के पिता बनेंगे। उल्लेखनीय है कि अनिल की पिछली दो फिल्में 'एनिमल' और 'फाइटर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार बिजनेस किया। अनिल में कुछ ऐसी बात है कि लोग आज भी उन्हें पसंद करते हैं। 'दे दे प्यार दे' के डायरेक्टर अकीव अली थे, जबकि दूसरे पार्ट को अंशुल शर्मा डायरेक्ट करेंगे। शूटिंग लंदन में शुरू होने वाली है। शूटिंग इसी साल पूरी हो जाएगी। मेकर्स इसे 1 मई 2025 को रिलीज करना चाहते हैं।

# मैं खुद को किसी एक थीम तक सीमित नहीं रखना चाहता



बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने कहा है कि वह खुद को एक थीम तक सीमित नहीं रखना चाहते। वह अलग-अलग शैलियों में काम करना चाहते हैं। अभिनेता ने एक फिल्म निर्माता के रूप में अपने अगले प्रोजेक्ट एक्शन फिल्म का भी संकेत दिया। अगले प्रोजेक्ट के बारे में पूछे जाने पर रणदीप ने कहा, एक एक्टर के तौर पर, मैंने कई छलांग लगाई है, कई तरह के किरदार निभाए हैं। इसी तरह, एक फिल्म निर्माता के रूप में, मैं अलग-अलग शैलियों पर काम करूंगा। शायद अगली बार मैं एक एक्शन फिल्म बनाऊंगा। रणदीप ने 2001 में मॉनसून वेडिंग से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने कई शानदार फिल्में दी, जिनमें साहेब बीवी और गैंगस्टर, मर्डर 3, हाईवे और सरबजीत शामिल हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में एक्टर ने कहा, इंडस्ट्री कोई एक व्यक्ति या लोगों का समूह नहीं है। यह अलग-अलग द्वीप हैं जो अपना काम करने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे मैं एक हूं। कई कहानियों को चुनौती देने वाली फिल्म के साथ... सात साल बाद बड़े पर्दे पर सफल वापसी के साथ, एक एक्टर और निर्देशक के रूप में मुझे दर्शकों से जो प्यार मिला है, उसने मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। आखिरकार दर्शक ही हैं जो किसी के टैलेंट को बेहतर तरीके से आंकते हैं।



# सन फ्लावर सीजन 2 में कॉमेडी रोल पर बोले आशीष विद्यार्थी

**तीन दशक से ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे ऐक्टर आशीष विद्यार्थी हाल ही में सन फ्लावर सीजन 2 में नजर आए। इस इंटरव्यू में उन्होंने हमसे अपने किरदार, दिल्ली में बिताए समय और ओटीटी को लेकर अपनी राय रखी। अपने करियर में 99 प्रतिशत नेगेटिव रोल अदा करने वाले ऐक्टर आशीष विद्यार्थी सनफ्लावर में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आए हैं।**

वह कहते हैं, मैंने अपने करियर के 32 सालों में 99 प्रतिशत नेगेटिव रोल किए हैं, लेकिन इतना करने के बाद मुझे विकास ने जब कॉमिक रोल दिया तो मुझे लगा कि मुझे कॉमेडी रोल दे रहा है? मेरा पहला रिएक्शन था कि मजा आ गया, करना चाहिए।

## अनुभव है तो अच्छे से खेलोगे

सालों नेगेटिव किरदार करने के बाद अचानक से कॉमिडी रोल मिलने के बाद क्या कुछ खास तैयारी भी करनी पड़ी? इस बारे में वह बताते हैं, सच कहूं तो आप बतौर ऐक्टर आप सालों से तैयारी कर रहे हैं, वो तैयारी अब आपकी हो चुकी है। उसके बाद आपको जो लाइंस दी गई हैं बोलने के लिए, जो किरदार आपको दिया गया है, उस रोल को आप अपने हुनर से अच्छी तरह से आप खेलोगे। अगर आपने अपने अंदर वो सालों का अनुभव जमा कर लिया है तो आप कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन ये बात जरूर है कि जब आप किरदार की तरफ बढ़ते हैं, तब आप अपनी मेंटल स्थिति को उस किरदार में ढालते हैं। आप उस किरदार के सच को अपनी पंक्ति में बोलते हैं, तब वो किरदार सच्चा किरदार बन जाता हूं।

## ऐक्टर के लिए कोई काम छोटा नहीं

ओटीटी को लेकर ऐक्टर कहते हैं, हम जब फिल्म बनाते हैं तो टॉप नॉटस होते हैं, कैमरा होता है और स्क्रिप्ट लिखी होती है। उसके बाद एक बिजनेस निर्णय होता है कि ओटीटी पर रिलीज करो या सिनेमा पर, या पहले सिनेमा पर रिलीज की जाए और फिर ओटीटी पर।

ये अलग चीज है। एक ऐक्टर के लिए कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता। आप अपने काम को एक समान समझकर करते हैं। जब आप तय कर लेते हैं कि फलाना चीज आपके लिए सबसे जरूरी है तो आपका उसके प्रति कमिटमेंट बदल जाएगा। उसके बाद आप अपने हुनर के साथ उसपर काम कर पाओगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कारोबारी गिरफ्तार , महिला कारोबारी भागने में रही सफल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर पुलिस ने मंगलवार के दिन थाना क्षेत्र के बनबर्षा बंगाली टोला में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि खड़गपुर थाना क्षेत्र के बनबर्षा बंगाली टोला गांव के एक घर में छापेमारी की गई जहां से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस ने सूरज शाह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कारोबारी ने सभी अंग्रेजी शराब को चावल के ड्रम में छुपा कर रखा हुआ था। बताया जाता है कि शराब कारोबारी में संलिप्त एक महिला कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहा हैं। महिला कारोबारी की पहचान हो गई है उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### पागल कुत्ता के कटाने से युवक हुआ जख्मी

टेटिया बम्बर (मुंगेर)। टेटिया बम्बर प्रखंड के बनगामा पंचायत के तुलसीपुर गांव में एक पागल कुत्ता के काटने से एक युवक के जख्मी होने का समाचार प्राप्त हुआ है। तुलसीपुर गांव निवासी अरुण मंडल ने बताया की दो मित्रों के साथ युवक आपस में बातचीत कर रहे थे कि अचानक एक पागल कुत्ता ने उस पर हमला कर काट लिया। तत्काल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर लाया गया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद उसे मुंगेर रेफर कर दिया गया।

### अनैतिकता का संबंध शिक्षा विभाग को कर रहा है बदनाम

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अनुमंडल क्षेत्र में सरकारी विद्यालय में अपने ही महिला शिक्षिका हो या कर्मचारी के साथ पुरुष शिक्षक अनैतिक का संबंध रखने से इन दोनों शिक्षा विभाग बदनामी के कगार पर खड़ा है इसी कड़ी में एक शिक्षिका ने अपने ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर अभद्रता का आरोप लगा कर अपने ही विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी मुंगेर को जनवरी 2024 में एक ज्ञापन दिया था जिसके आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी नेप्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा था। इस घटना की लीपापोती कर शिक्षिका का उक्त ज्ञापन को ठंडा संचिका में बंद कर दिया गया है। दूसरी घटना राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के एक महिला गार्ड को धमकी देकर वहां के चपरासी कॉलेज परिसर के कमरे में ले जाकर अनैतिक काम किया। जिसका वीडियो वायरल भी हुआ था। लेकिन विभाग के बड़े अधिकारियों की भ्रष्टाचार के कारण यह मामला शिकायत के बाद भी ठंडी बस्ती में बंद कर दिया गया है। तीसरी घटना नोनाजी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बैनर कला के शिक्षक राजेश कुमार का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें शिक्षक राजेश कुमार एक महिला के साथ अमर्यादित व्यवहार करते हुए देखा जा रहा है। मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भूपेंद्र कमती ने शिक्षक से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है साथ ही विद्यालय परिसर में किए गए अनैतिकता कार्य को लेकर तत्काल प्रभाव से शिक्षक के वेतन को रोक दिया है इस संबंध में पूछे जाने पर उस शिक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो में मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य नहीं किया गया है। मुझे फंसाया जा रहा है। सच तो यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में चाहे ट्यूशन पढ़ने वाले शिक्षक हो या फिर सरकारी शिक्षक अपने ही विभाग के लोगों के साथ अनैतिकता का व्यवहार स्थापित कर समाज में महिलाओं को शर्मसार जहां कर रहे हैं वहीं संबंधित अधिकारी इस संबंध में संज्ञान नहीं ले पा रहे हैं।

### नीचे खींसका पानी का जलस्तर , पानी के लिए लोगों के बीच हाहाकार

तारापुर। तारापुर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अप्रैल महीना के शुरूआती दिनों से ही हर रोज पानी का जलस्तर काफी तेजी से नीचे खिसकता जा रहा है। गौरतलब है कि बेहद गर्मी के कारण पानी का जलस्तर सतह से करीब 70 फीट नीचे चला गया है। बता दें कि हरपुर ,शाहपुर, बेलबिहमा , कल्याणपुर ,अफजलनगर , सिसुआ, गनैली, बेलाडीह, खानपुर , पढ़भड़ा ,खैरा इत्यादि गांवों में लोगों को पीने का पानी को लेकर हर रोज मशक्कत करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अफजल नगर सहित क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में सरकारी जीपीटी चापाकल जो मामूली गड़बड़ी के कारण पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा है। बता दें कि इस भीषण गर्मी में जिले की प्रमुख नदियां मुहाने , सकरी, गिद्धा ,भी पानी बिना पूरी तरह से सूखा पड़ा हैं। इतना ही नहीं बदुआ जलाशय छत्रहार कुण्ड को छोड़कर छोटा छोटा पानी का खजाना जैसे लाकड़ाजोर , झगड़हवा , विविया बांध , एवं चानकेन ,डैम इत्यादि मार्च महीना से ही पानी बिना पूरी तरह से सूखा पड़ा है।

# स्वीप के साथ मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक हुई संपन्न : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु एवं भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अध्यक्षता करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में एक बैठक की।

बैठक के क्रम में स्वीप कोषांग के सभी नॉडल पदाधिकारी व संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता की उपस्थिति में स्विफ्ट रणनीति से अवगत कराते हुए कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अगले तीन दिनों तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है, जिसके लिए अभी तक जिले की टीम ने बहुत ही अच्छा काम किया है, जो स्वीप भागलपुर के व्हाट्सएप ग्रुप में दिख रहा है, लेकिन अंतिम दिनों में उसे और तीव्र करने की जरूरत है। वही इस कड़ी में सभी बूथ पर साफ सफाई, मतदान तिथि के दिन छाया में कतार लगाने की व्यवस्था, कतार के समीप पानी की व्यवस्था, प्रतीक्षा का कक्ष की व्यवस्था के साथ साथ उक्त स्थल पर पंखा हो, पानी की व्यवस्था हो, मतदान केंद्र पर कट- आउट के अलावा बैलून की व्यवस्था की जाय, साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अपील का वीडियो, एसएमएस व ऑडियो रिकॉर्डिंग किलीप लगातार चलाई जाय। वही उन्होंने कहा है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पूर्व में भी निर्देशित किया गया है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी का आमंत्रण पत्र शहरी क्षेत्र में घर-घर भेजवाया जाय, ग्रामीण क्षेत्र में विगत पंचायत चुनाव में खड़े होने वाले सभी प्रत्याशियों को आमंत्रण भेजवाया जाय, 23 अप्रैल को सभी बूथ के सभी टोला में रात्रि 7:00 बजे कैंडल मार्च निकल जाय। साथ ही 24 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे तक शाम 5:00 से 7:00 तक घर-घर दस्तक कार्यक्रम रखा जाय, उसके साथ ही आगामी 25 अप्रैल को सभी टोलों मुहल्ला में मतदान हेतु संकल्प के रूप में सपत दिलाई जाय की बात कही गई थी।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी नॉडल पदाधिकारी को अगले तीन दिनों तक सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए है साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर अच्छी तरह से साफ सफाई कराई जाय तथा मतदाताओं को सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाय, अगर प्रतीक्षा के लिए कोई कमरा उपलब्ध नहीं है तो उक्त स्थल पर एक बूथ है वहां 15 फीट गुणा 10 फीट का छाया रूपी टेंट की व्यवस्था की जाय, वही जहां एक से अधिक बूथ है वहां भी 25 फीट गुणा 15 फीट का टेंट लगवाया जाय जो कम से कम 12 फीट ऊंचाई वाला हो, साथ ही वहां आगन्तु मतदाता के बैठने की व्यवस्था के साथ साथ शुद्ध पानी की व्यवस्था रखी जाय। मतदाताओं को मतदान तिथि के दिन इतनी सुविधा दी जाए कि उन्हें मतदान करने में कोई कठिनाई का अनुभव न हो सके। इस दौरान नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी ने भी अपने अपने वक्तव्य दिये हैं।

## कार्यालय अधीक्षक की मौत की जाँच को लेकर संघर्ष मोर्चा ने सीडब्लूएम को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर।कारखाना में व्याप्त गोरख धंधा एवं 9 अप्रैल 2024 को कारखाना परिसर में कार्यालय अधीक्षक की निजी ट्रैक्टर के चपेट में आने से मौत को जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा काफी संजीदगी से लिया है ।15 दिन बीत जाने के बावजूद इस प्रकरण की लीपा पोती संदेह को लेकर बुधवार को जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने मुख्य कारखाना प्रबंधक को चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जो रेल महाप्रबंधक कोलकाता के नाम था। सोपें ज्ञापन में मोर्चा के संयोजक ने कहा कि बीते 9 अप्रैल 2024 को जमालपुर रेल कारखाना परिसर में ब्लैक स्मिथ शॉप के कार्यलय अधीक्षक की मौत यह साबित करने के लिए पर्याप्त है की कारखाना रेलवे कर्मचारियों का डेथ पॉइंट बन गया है। जिससे एक बड़े षड्यंत्र की बू आ रही है वहीं उन्होंने आगे कहा कि 15 दिन बीत जाने के बावजूद रेल प्रशासन के खामोशी यह साबित करता है कि कारखाना के दबंग कांट्रैक्टर पेटी कॉन्ट्रैक्टर से यहां के अधिकारी खौफजदा है और भविष्य में भी ऐसी घटना की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता । महा प्रबंधक को लिखे पत्र में मोर्चा के संयोजक सपा अध्यक्ष ने 9 अप्रैल घटना की उच्च स्तरीय जांच एवं अपराधी की अभिलंब गिरफ्तारी, ट्रैक्टर चालक के फॉर्म को काली सूची में डालने, घटना के जिम्मेदार एवं सुरक्षा मानकों के अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर विधि सम्वत कार्रवाई एवं कारखाना में कार्यरत कॉन्टैक्टर पेटी कॉन्टैक्टर की अपराधीक इतिहास की जांच कर टेंडर रद्द करने की मांग की है।

## स्टेट स्वीप आइकॉन मि. मैथिली ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

### क्षेत्रीय लोगों से आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु डीएम व एसएसपी ने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु एवं भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर संध्या 5:00 बजे से सैंडिश कंपाउंड मैदान के ओपन थिएटर प्रांगण में स्टेट स्वीप आइकॉन मिस मैथिली ठाकुर के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, एसएसपी आनंद कुमार व उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग के द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत सह सम्मान किया गया। इस दौरान स्टेट स्वीप आइकॉन मि. मैथिली ठाकुर ने जागरूकता के मद्देनजर "चलो मतदान करें हम" "बालक बिना गोदिया ना सोहे राजा", "चारो दूल्हा में बड़का कमल सखी" गीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों व लोगों का मनोरंजन किया, साथ ही भागलपुर परिक्षेत्र के सभी मतदाताओं से आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वे लोगों से सभी जगह यह वादा किया है, कि जहां के लोग सबसे ज्यादा मतदान करेंगे, उक्त क्षेत्र में दोबारा आयेंगी, और कम से कम 2 घंटे के कार्यक्रम करने की बात कही गई। इस मौके पर स्वीप भागलपुर द्वारा एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई।

इस दौरान कलाकारों ने नाटक के माध्यम से मतदान करके ही बाहर कमाने जाने की अपील की। साथ ही सभी मतदाओं को आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई हैं। इस दौरान किलकारी के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पर गीत एवं नाटक की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने मौजूद दर्शकों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मिस मैथिली ठाकुर बिहार की बेटी हैं, और इन्होंने बिहार में शत प्रतिशत मतदान करवाने का बीड़ा उठाया है। अतः आप लोगों से अपील है कि आप बिहार की इस बेटी का मनोबल बढ़ाने के लिए आगामी 26 अप्रैल को इतना मतदान करें, कि देश दुनिया में यह जिक्र हो कि बिहार की बेटी ने जो बीड़ा उठाया था, वह सफल रहा है। इसकी क्रम में उन्होंने सभी उपस्थित दर्शकों से 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु संकल्प लेने की सपत दिलाई गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम इस धुन में लगी हुई है कि किस तरह मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जा सके, ताकि हमारे मतदाता को किसी तरह का कोई कष्ट ना हो सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त यहां उपस्थित हैं, शहरी क्षेत्र के कई ऐसे मतदान केंद्र होंगे, जो बिल्कुल सुसज्जित मिलेंगे, जहां सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इस लिए याद रहे 26 अप्रैल सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान अवश्य करें।इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने भी लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आप सभी मिलकर इस तरह मतदान करें, कि भागलपुर के साथ बिहार का नाम देश दुनिया में जाना जाय। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मंच का संचालन संयुक्त निदेशक जनसंपर्क पदाधिकारी नागेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर निर्वाचन क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों के साथ साथ स्वेम सेवकों के लोगों के अलावा दर्जनों मतदाता दर्शकगण मौजूद थे।

## अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी ने की बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर /देवघर। मंगलवार को अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी जिला कार्यालय देवघर (चितोलोदिया )में जिला अध्यक्ष चंद्रकांत मंडल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम संबंधी बैठक हुई। जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह उपस्थित थे। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बरनवाल,पार्टी द्वारा गोड्डा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बृजकिशोर पंडित को जीत के लिए हर संभव सहयोग एवम समर्थन देने का निर्णय लिया गया। पार्टी द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि गोड्डा सांसदीय क्षेत्र के सभी छः विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण एवं जन संपर्क के माध्यम से पार्टी के विचार धारा से जनता को अवगत कराया जायेगा। साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र में घर घर सदस्यता के लिए अभियान चलाते हुए पार्टी की सदस्य बनाकर जोड़ने का निर्णय लिया गया है । बैठक में उपास्थि सदस्यों में जिला सचिव , दिलीप कुमार तिवारी, जिला युवा अध्यक्ष रंजीत मंडल, नगर अध्यक्ष अनीश राज, माहानगर सचिव शिवनाथ सिंह, जिला अधिवक्ता प्रकोष्ठ नरेश तुरी, जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ अंजनी कुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया रोड शो

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। निश्चय रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर के हवाई अड्डा प्रांगण से होते हुए मुख्य मार्ग के रास्ते से गुजरते हुए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने व विजयी दिलाने को लेकर रोड शो किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जदयू प्रत्याशी अजय मंडल, गोपाल मंडल, बुलो मंडल सहित कई दिग्गज नेता नजर आये। वही रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का एनडीए के कार्यकताओं ने शहर के सभी चौक चौराहों पर फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। इसके पूर्व शहर के हवाई अड्डा मैदान से मुख्यमंत्री का काफिला निकलने के साथ ही एनडीए कार्यकताओं और लोगों की भारी भीड़ सड़क पर उतरते दिखी। वही मुख्यमंत्री के काफिले के साथ शामिल अपने निश्चय बस सवार होते ही उनके पीछे भारी संख्या में लोगों व समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से विरोधी दल पर क्या असर पड़ता है, यह तो आनेवाला वक्त ही बताएगा लेकिन जिस तरह से लोगों की भीड़ मुख्यमंत्री के रोड शो में देखने को मिल रही थी, इससे कहीं ना कहीं भागलपुर लोकसभा सीट से जेडीयू के प्रत्याशी अजय मंडल को सीधा लाभ पहुंचने की आशंका जताई जा रही हैं। मुख्यमंत्री का काफिला तिलकामांझी के रास्ते से होकर कचहरी चौक के रास्ते होते हुए घंटाघर से होकर खलीफाबाग चौक से होते हुए कोतवाली चौक मार्ग से होकर नयाबाजार के रास्ते बूढ़ानाथ चौक के रास्ते आदमपुर होते हुए पुनः हवाई अड्डा प्रांगण पहुंच कर रोड शो का समापन हुआ। जहां से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने निश्चित समय के अनुसार वापस लौटे थे।

## इंडिया गठबंधन आंखों में धूल झोंक बनाना चाहती है सरकार : रक्षामंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। अपने पूर्व निर्धारित चुनावी दौरे के क्रम में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भागलपुर पहुंचे। जहां उन्होंने ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद के लालू प्रसाद यादव व उनके परिवार के साथ साथ कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राजद लोग के हुकुम और हुकूमत को अपने लंबे समय तक देखे हैं। इसकी सारी शक्ति इसी में खर्च हो जाती है, कि कैसे गांव देहात को पिछड़ा बनाकर रखा जा सकें। देश और बिहार की जनता को इन लोगो ने अपने राजनीतिक जीवन को लेकर मूर्ख बनाकर रखा है, जो सपना बाबा साहब भीमरव अंबेडकर ने देखा था, और जो कपूर्री ठाकुर ने अपने जीवनकाल में प्रगतिशील बिहार बनाने की सोच रहा था। अगर उनके सपनों को सचमुच कोई पूरा कर रहा है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। कांग्रेस दल के साथ मिलकर महागठबंधन के लोग अपने राजनीति भविष्य के लिए हिंदू व मुसलमान को धर्म के आधार पर समाज को बाट कर वह अपनी सरकार बनना चाहती है।

वही उन्होंने कहा कि राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करनी चाहिए, राजनीति अगर करनी चाहिए तो देश को विकसित बनाने के लिए करनी चाहिए। हमारे एनडीए की सरकार ने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है, सभी को पक्का मकान अगर मिला है, तो सभी धर्म के लोगों को मिला है। किस धर्म जाति के लोगों को राशन देना चाहिए, किस धर्म को नहीं देना चाहिए, जो हमारी सरकार ने नहीं किया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बिहार को इन लोगों ने बर्बाद किया है। खासकर राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया है, सारे देशों में बिहार की चर्चा चल रही है कि वहां जंगल राज का माहौल है। मुख्यमंत्री और मंत्री सभी कुनीतियों के कारण भारत में जेल जा रहा है। क्या यह काम भारतीय जनता पार्टी ने किया ह?

बिहार की जनता ने इस बार फैसला कर लिया है कि अगर किसी के साथ रहेगी, तो भारतीय जनता पार्टी के साथ रहेगी। वही उन्होंने अपने सभा के दौरान कहा कि राजद के लोग कहते हैं कि लालटेन जल रही है, और जलती रहेगी, लेकिन मैं कहता हूं कि लालटेन अब भबक रही है तेल खत्म हो गई है, जल्द बुझ भी जायेगी। राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि आप यहां पर चरवाहा मॉडल की बात करते हैं, क्या देश में बिहार की जनता अपने बिहार को जंगल राज के रूप में देखना चाहती हैं हमने अपने चुनावी राजनीति में देखा है कि कैसे परिवारवाद की राजनीति इनके द्वारा हो रही हैं। इस दौरान उनके चुनावी के सभा मंच पर जदयू प्रतिपक्ष के दर्जनों नेता, विधायक व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जालसाज महिला तेरह साल बाद चढ़ी पुलिस के हत्थे : थानाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला पुलिस ने 13 साल पुराने जालसाजी के मामले में वांछित व फरार चल रही एक महिला को मंगलवार की सुबह पुलिस के हत्थे चढ़ गई। गिरफ्तार महिला को पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के साथ ही उसे पुलिस निगरानी में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवम कुमार की कोर्ट में पेश किया। वही कोर्ट ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के तहत मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी महिला की जमानत को रद्द कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मामला जोगसर थाना क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है। वही मामले को लेकर बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के उमा शंकर साहू से आरोपी महिला किरण जायसवाल (शिक्षिका) द्वारा करीब 55 हजार रुपये की ठगी कर ली गयी थी, और बदले में स-समय रुपये की वापसी के लिए वादी को निर्धारित अवधि का एक चेक भी दे दी थी। वही जब समय बीतता गया तो आरोपी महिला द्वारा रुपये की वापसी नही की गई थी। वही अंतः थक हारकर वादी को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा और उक्त महिला के खिलाफ लिखित कंप्लेन 2244/11 दर्ज कराना पड़ा था। वही कोर्ट ने पूरे मामले में संज्ञान लिया और आरोपी महिला की उपस्थिति के लिए कई दफा सम्मन जारी कर उनके निवास स्थान पर भेजा गया था। लेकिन महिला ने कोर्ट को भी झांसा दे दिया और स्थायी डेरा बदल-बदल कर बीते 13 साल तक पुलिस को चकमा दे फरार चल रही थी। वही अंततः कोर्ट ने महिला के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी कर दिया और पुलिस को आरोपी महिला पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सशरीर कोर्ट में हाजिर करने का आदेश जारी कर दिया गया था।

## अंतर जिला बॉर्डर सील को लेकर दिये गये निर्देश : डीएम

भागलपुर। जिला अंतर्गत मतदान दिवस को लेकर आगामी 26 अप्रैल 2024 को अंतर जिला बॉर्डर स्थित चेक पोस्टों को प्रातः 7:00 से 6:00 बजे अपराह्न तक सील किए जाने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि समीपवर्ती जिलों से कोई भी उपद्रव मानसिकता के उद्देश्य से अपराधियों व सामाजिक तत्वों के जिला में प्रवेश एवं उनकी गतिविधियों को नियंत्रित करने हेतु जिला के सीमावर्ती मार्गो को सील कर वाहनों की गहन जांच भी की जा रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कुल 18 चेक पोस्ट स्थल का नाम चिन्हित किया गया है।

## अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से स्कुटी सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। अकबर नगर शाहकुंड मुख्य सड़क मार्ग एसएच 85 पर जानीपुर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक अकबरनगर से अपने घर वापस लौट रहा था इसी क्रम में जानिपुर के पास अज्ञात वाहन चालक की ठोकर मार मौके से निकलने में सफल रहा, वही वाहन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वही जब युवक के घरवाले सहित अन्य परिवार के लोग जब रात में खोजबीन की तो इसी क्रम में उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था, वही अहली सुबह लगभग 4:00 जानीपुर के पास युवक के मृत अवस्था में शव मिलने सूचना सामने आई। स्कूटी लगभग 100 मीटर दूरी पर उनका मृत शव मिला है। मृत युवक की पहचान सत्यमूर्ति पिता नवल किशोर राय साकिन मुंगेर के रूप में हुई है।

जिस जगह शव बरामद किया है, उक्त स्थल के आधे सड़क पर बालू और गिट्टी गिरा हुआ मिला है, वही घटना को लेकर आशंका जताई जा रही है कि उक्त गिट्टी व बालू के कारण की सड़क दुर्घटना घटित हुई और वह वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई हैं।

मृत युवक की मां शाहकुंड प्रखंड के एक विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। वह अपने परिवार के साथ शिव शंकरपुर इलाके में एक किराये के मकान पर रहती है। घटना की सूचना मिलने पर शाहकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंच मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना से आहत परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

## तीर खाली लहूलुहान करेला, तीर ने तो बिहार को छेद कर दियहल बा : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान बिहार के पांच जिलों में होना सुनिश्चित है, जिसके लिए आज शाम से दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। वही भागलपुर लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के लिए लगातार देश व बिहार के बड़े नेताओं ने जनसभा की है, इसी बाबत नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश को बचाने का चुनाव है, देश के लोकतंत्र और सविधान को बचाने का चुनाव है, जिसके दो धाराएं है एक तरफ महागठबंधन है तो दूसरी तरफ एनडीए की सरकार है। 17 साल बिहार में एनडीए का राज रहा और 10 साल से भारत में एनडीए का राज रहा है और भागलपुर के सांसद भी एनडीए के ही रहे है। सब कुछ एनडीए का है, लेकिन अभी भी गरीबी नही हटी, न ही बेरोजगारी हटी, अभी भी महंगाई कम नही हुई है। आज हम आपसब के जुड़े मुख्य मुद्दे की बात करने आए है। लेकिन भाजपा के मोदी जी ने 2014 में कहा था कि भाईयो और बहनों मोदी आएगा तो अच्छे दिन लायेगा, और भाईयो और बहनों मोदी आएगा तो साल में दो करोड़ लोगो को नौकरी देगा। भाईयो और बहनों मोदी आएगा तो काला धन लाकर के सबके खाता में 15 -15 लाख रूपया सभी के बैंक खाते में डालेगें, 2014 का चुनाव खत्म हुआ, फिर 2019 का चुनाव शुरू हुआ था, 2014 वाला सब भूल गए क्या मोदी जी कुछ याद भी नही है। कहां गया अच्छे दिन ? कहां जी काला धन ? कहां खाता में आया ? कहां नौकरी मिला ? तो 2019 में जनता को गुमराह करने के लिए फिर झूठ बोला। बोला भाइयों और बहनों मोदी आएगा तो महंगाई खत्म कर देगा। मोदी आएगा तो गरीबी खत्म कर देगा। मोदी आएगा तो सब का पक्का मकान बना देगा। मोदी आएगा तो किसानों की दुगुनी कर देगा। अब आ गया 2024 रे भाई। न 2014 वाला पूरा हुआ और न 2019 वाला पूरा हुआ।

## एनटीपीसी कहलगाँव में रक्तदान शिविर का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता।




भागलपुर। एनटीपीसी कहलगाँव की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मयूख द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महा विद्यालय एवं एनटीपीसी के जीवन ज्योति चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान-जीवन दान की भावना के साथ रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया। इस दौरान रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ परियोजना प्रमुख कहलगाँव अजय शर्मा, एवं सृष्टि समाज अध्यक्षा शैफाली शर्मा ने चंद्रसिस घोषदस्तीदार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ),के राकेश चौहान, महाप्रबंधक (एफजीडी) हफीजुर रहमान मल्लिक, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), डॉ. सुष्मिता सिंह, सीएमओ, जीवन ज्योति चिकित्सालय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में किया गया था।इस दौरान परियोजना प्रमुख कहलगाँव अजय शर्मा ने अपने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में रक्त दान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि हमारी सामाजिक संस्था मयूख ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज कल्याण का बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है, रक्तदान मानवता के समरूप में एक बड़ा जीवन दान है, इससे विकट समय के दौर काल के दौरान आवश्यकता पड़ने पर कई जानें बचाई जा सकती है और कई पीड़ितों को जिंदगी जीने का दूसरा मौका भी प्रदान करती है। इसके लिए मयूख के पदाधिकारीगण सभी यूनियन एवं एशोसियेशन एनटीपीसी कर्मी, सीआईएसएफ कर्मी, ग्रामीण एवं दीप्तिनगर की महिलाओं के अलावा अन्य लोगों ने रक्त दान किया उस सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया। इस रक्तदान शिविर में 69 पुरुष एवं 5 महिलाओं कुल 74 लोगों ने स्वेच्छा पूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा की नई मिशाल कायम पेशकश की। उक्त अवसर पर मयूख के पदाधिकारीगण एवं स्वयंसेवक, एनटीपीसी एवं भागलपुर चिकित्सालय के डॉक्टर एवं पारामेकिल स्टाफ ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। वही धन्यवाद ज्ञापन मयूख के महासचिव असेश सिंघा रॉय ने किया ।



# जोकोविच रिकॉर्ड पांचवीं बार श्रेष्ठ खिलाड़ी बने, स्पेन की महिला फुटबॉल टीम सर्वश्रेष्ठ टीम बनी

**लॉरियस अवॉर्ड**

**मैड्रिड, एजेंसी।** महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच वर्ष के श्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हैं। उन्होंने पांचवीं बार प्रतिष्ठित लॉरियस अवॉर्ड पर कब्जा जमाया है। उन्होंने स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है। फेडरर को भी पांच बार वर्ष का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जा चुका है। जोकोविच जरूर श्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन आकर्षण का केंद्र पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाली




स्पेन की महिला फुटबाल टीम और उसकी स्टार फुटबालर एइटाने बोनमाती रहीं। महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी। समारोह के दौरान स्पेनिश फुटबाल के तत्कालीन अध्यक्ष रुबियालेस ने स्पेन फुटबाल टीम की सदस्य जेनी हरमोसो के चुंबन ले लिया था।

**नडाल को भी पुरस्कार, फाउंडेशन ने भारत में की मदद**

अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोना बाइल्स को श्रेष्ठ वापसी के लिए वर्ष का खिलाड़ी चुना गया। रियल मैड्रिड के इंग्लिश फुटबालर जूड बेलिंघम को वर्ष का ब्रेकथ्रू अवॉर्ड मिला और राफेल नडाल के फाउंडेशन को खेलों में अच्छाई के लिए पुरस्कार मिला। नडाल के फाउंडेशन ने स्पेन और भारत में एक हजार कमजोर बच्चों की मदद की है।

जोकोविच ने 24 ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बीते वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीते, जबकि विंबलडन के फाइनल में उन्हें कार्लोस अल्कारेज के हाथों कड़े संघर्ष में हार मिली थी। जोकोविच ने इससे पहले 2012, 2015, 2016 और 2019 में यह खिताब जीता था। जोकोविच ने अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि उन्हें याद आ रहा है कि 2012 में 24 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार यह खिताब जीता था। 12 साल बाद फिर से यहां होना गर्व की बात है।

# विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक



**मैड्रिड, एजेंसी।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है।

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी।

स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीज़न में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी।

उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के अनुसार, स्वीयाटेक पहली बार विश्व नंबर 1 पर पहुंचने के 749 दिन बाद मील के पत्थर तक पहुंच जाएंगी- ग्राफ, एवर्ट और सेलेस के बाद 100 सप्ताह तक पहुंचने वाली चौथी सबसे तेज खिलाड़ी।

स्पेन की राजधानी में पहुंचकर, स्वीयाटेक विश्व नंबर 1 के रूप में अपना 100वां सप्ताह मना रही है। पिछले साल मैड्रिड में उपविजेता रहने के बाद, वह चीन की वांग ज़िंयू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# मार्कस स्टोइनिस ने रचा इतिहास




**चैन्नई, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के बल्ले ने अकेले दम ऐसा तूफान खड़ा किया कि चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ गईं। स्टोइनिस ने सिर्फ 63 बॉल में 124 रनों की धुआंधार अविजित पारी के दम पर लखनऊ को चेन्नई के होम ग्राउंड पर उसके खिलाफ छह विकेट से जोरदार जीत दिला दी। इसके पहले लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर सीएसके को शिकस्त दी थी।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की नॉट आउट सेंचुरी (60 बॉल में 108 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) और ऑलराउंडर शिवम दुबे के चिर-परिचित अंदाज में पावर पैक्ड पचासे (27 बॉल में 66 रन, 3 फोर, 7 सिक्स) की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

## डि कॉक और केएल राहुल के आउट होने के बाद मार्कस स्टॉइनिस ने संभाला मोर्चा

जवाब में लखनऊ के लिए पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाली क्विंटन डि कॉक (0) और कप्तान केएल राहुल (16) की ओपनिंग जोड़ी बेहद सस्ते में निबट गई तो टीम की हार नजर आ रही थी। लखनऊ ने महज 33 रन पर दो विकेट और 88 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, यहां से स्टोइनिस ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पारी में तीन गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। मेहमान टीम ने चार विकेट पर 213 रन बनाकर चेन्नई के चेहरे पर मायूसी ला दी।

## स्टॉइनिस का तूफान और बड़ा रिकॉर्ड चकनाचूर, धोनी बने दर्शक

इस तरह वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जब वह मैदान पर चौके और छक्के उड़ा रहे थे तो रणनीति के सबसे बड़े सूरमा एमएस धोनी विकेट के पीछे खड़े सिर्फ दर्शक बने रहे। रिजल्ट हर किसी के सामने है। उन्होंने पॉल वल्थाटी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2011 में मोहाली में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के ही खिलाफ नाबाद 120 रन ठोकते हुए हर किसी को हैरान कर दिया था।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले युगांडा के मुख्य कोच बने अभय शर्मा



**कंपाला, एजेंसी।** युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने तीन साल के अनुबंध पर भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को अपनी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। अभय शर्मा के पास खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में सफलता का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अपने कार्यकाल के अलावा, उन्होंने पहले भारत ए और भारत अंडर-19 के लिए फील्डिंग कोच के रूप में कार्य किया। उनकी सबसे हालिया कोचिंग भूमिका दिल्ली रणजी टीम के साथ थी। अपनी नियुक्ति पर 54 वर्षीय अभय शर्मा ने कहा, प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के समूह के साथ काम करने के इस अवसर के लिए मैं यूसीए का बहुत आभारी हूं। युगांडा में केवल कुछ दिनों के लिए रहने के बाद, यह पहले से ही मेरे दूसरे घर जैसा लगता है। मैं यहां टीम की आकांक्षाओं में योगदान देने के लिए हूं, जिसमें आगामी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों को हराना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, मैं इस उभरती हुई टीम और युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने पर पूरा फोकस करूंगा।

युगांडा क्रिकेट ने पिछले 12 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, कुछ ऐसे क्षेत्र और खामियां हैं, जिन्हें सही करना होगा। लेकिन, हमने फिर भी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। अब सोचिए अगर हम अपनी कमियों को दूर कर लें तो नतीजे कितने बेहतर हो सकते हैं। यूसीए ने हमें पूरा समर्थन देने का वादा किया है और मैं टीम के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हूं।

# शिवम दुबे ने तोड़ डाला धोनी का रिकॉर्ड

**सीएसके के लिए तूफान की गति से बनाए 1000 रन**

**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके के बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं।

पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका सफर अच्छा रहा है। वे इस फ्रेंचाइजी के साथ एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। शिवम दुबे ने चेपॉक स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स यानी एलएसजी के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ 66 रनों की पारी के दौरान यह उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। शिवम दुबे इस समय आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश कर रहे हैं।

शिवम दुबे ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 27 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी में उनके बल्ले से सिर्फ तीन चौके निकले, लेकिन उन्होंने सात छक्के लगाए। 244.44 के स्ट्राइक रेट से उन्होंने बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा। शिवम दुबे अब उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सीएसके के लिए 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। 35 मैचों की 33 पारियों में उन्होंने इस उपलब्धि को अपने नाम किया है। वे 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के दौरान टीम से जुड़े थे। इसके बाद से




37.70 के औसत और 161.08 के स्ट्राइक रेट से 1018 रन बना चुके हैं।

वे इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेल चुके हैं, लेकिन वहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। आरसीबी के लिए वे 15 मैचों में 169 रन और आरआर के लिए 9 मैचों में 230 रन बनाने में सफल हुए थे। इस फ्रेंचाइजी के लिए सिर्फ 14 ही खिलाड़ी अभी तक 1000 या इससे ज्यादा रन बनाने में सफल हुए हैं, लेकिन उन सभी में शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट सभी से ज्यादा है। यहां तक कि किसी ने 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 1000 रन नहीं बनाए हैं। धोनी का स्ट्राइक रेट 138.98 का है, जबकि सुरेश रैना ने 138.91 के स्ट्राइक रेट से 1000 रन पूरे किए थे।

# लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी में टीम के मालिक पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप




**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल ने अदालत को सूचित किया है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में खेलने वाली सात टीमों में से एक कैंडी सैंप आर्मी के मालिक योनी पटेल पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया है।

अटॉर्नी जनरल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने सोमवार को कोलंबो मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि योनी पटेल पर कोलंबो हाई कोर्ट में अपराध का आरोप लगाया गया है। उन पर श्रीलंका में सेंट्रल हिल्स के पल्लेकेले में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अंतर्राष्ट्रीय सितारों की भागीदारी के साथ खेली गई लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दौरान एक क्रिकेटर पर फिक्सिंग में शामिल होने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया है। जांच श्रीलंका के सेवानिवृत्त राष्ट्रीय क्रिकेटर उपुल थरंगा की शिकायत पर शुरू की गई, जो खुद पटेल के स्वामित्व वाली टीम के खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व सफेद गेंद कप्तान और क्रिकेट चयन समिति के वर्तमान अध्यक्ष थरंगा ने पंजाब रॉयल्स के लिए खेलने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर नील ब्रूम के साथ मैच फिक्सिंग की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि उनसे दो व्यक्तियों ने संपर्क किया जिन्होंने खुद को कैंडी सैम्प टीम का मालिक और पंजाब रॉयल्स मैनेजर बताया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कथित मैच फिक्सरों में से एक ने खराब प्रदर्शन करने और मैच के नतीजों को फिक्स करने के लिए खिलाड़ियों से पैसे की पेशकश की थी। इसके बाद थरंगा ने तुरंत खेल से संबंधित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए गठित श्रीलंका खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई को शिकायत की, जबकि ब्रूम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट और बाद में आईसीसी को रिपोर्ट की। एसआईयू की जांच में पता चला कि टीम मैनेजर ने ब्रूम को अपने कमरे में बुलाया और 10 से अधिक गेंदों का सामना करने के बाद 10 से कम रन बनाने के लिए कहा था।

**टीम इंडिया की रेस...**

# शिवम दुबे की 51.83 की औसत वाली बल्लेबाजी पर भारी हार्दिक का स्पेशल 4 !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएलः 2024 का आधा सफर पूरा हो चुका है, इस आधे सफर के बाद कई भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का सपना बुन रहे हैं. दो भारतीय खिलाडियों को लेकर सबसे ज्यादा हाइप क्रिएट हो रही है. ये दोनों ही ऑलराउंडर हैं.

ये दो ऑलराउंडर हैं शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या. इन दोनों ही खिलाडियों के वर्ल्ड कप में जाने को लेकर कई क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी राय भी रख रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि आईपीएल के आधे सफर के बाद दुबे या पंड्या में किसका पलड़ा भारी है. शिवम दुबे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे हैं. वहीं, हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं. अब आंकड़ों के लिहाज से समझ लेते हैं दुबे और




पंड्या में किसका आईपीएल 2024 में दबदबा रहा है. शिवम दुबे ने अब तक 8 आईपीएल मैचों में कुल 311 रन बनाए हैं.

इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 66 नॉट आउट रहा है. उनका एवरेज 51.83 और स्ट्राइक रेट 169.95 का है. दुबे अब तक (23 अप्रैल) तक 22 छक्के जड़ चुके हैं, वो अपनी बिग हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं. दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं. पंड्या ने भी मौजूदा आईपीएल में अब तक दुबे के ही बराबर 8 मैच खेले हैं, पर उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया है. पंड्या ने 8 मैचों में महज 151 रन 21.57 के एवरेज से बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 142.45 का है. हालांकि हार्दिक पंड्या के साथ एक ही एडवांटेज है, जिसमें वो शिवम दुबे से आगे दिखते हैं.

# गांधी सरनेम छोड़ दें राहुल, करानी चाहिए डीएनए जांच- विधायक पी वी अनवर

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस की कड़ी प्रतिक्रिया के बीच, राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक पी वी अनवर ने यह कहकर एक और विवाद पैदा कर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। व्यवसायी से विधायक बने अनवर ने कहा कि कांग्रेस नेता 'चौथे दर्जे के नागरिक' बन गए हैं, जो गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं।

विजयन के खिलाफ गांधी के हालिया बयान से खफा अनवर ने सवाल किया कि नेहरू परिवार से संबंध रखने वाला कोई व्यक्ति इस तरह के बयान कैसे दे सकता है। अनवर ने यहां एलडीएफ स्थानीय समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में कहा, 'मेरी राय



है कि राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। इसमें कोई विवाद नहीं है।' गांधी ने राज्य में अपने हालिया प्रचार अभियान के दौरान सवाल किया था कि विपक्ष शासित राज्यों के दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने वाली केंद्रीय एजेंसियों ने वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता से पूछताछ क्यों नहीं और उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया, जबकि उन पर कई आरोप लगे हैं। वामपंथी नेताओं ने विजयन के खिलाफ दिए गए बयानों के लिए कांग्रेस नेता की कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्हें विजयन के बजाय मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना करनी चाहिए। गांधी के खिलाफ अनवर की आपत्तिजनक टिप्पणी पर विजयन से उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने एलडीएफ विधायक को सही ठहराया और कहा कि कांग्रेस नेता आलोचना से परे व्यक्ति नहीं हैं।

विजयन ने कन्नूर में संवाददाताओं से कहा, 'राहुल गांधी ने जो कहा है, उसका जवाब उन्हें मिलेगा। वह आलोचना से परे नहीं हैं।' विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का उनके द्वारा संदर्भ दिए जाने का भी बचाव किया और कहा कि यह टिप्पणी राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान गांधी द्वारा दिए गए कुछ बयानों के जवाब में की गई। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से भाजपा और उसके नियंत्रण वाली एजेंसियों को मदद मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता का ऐसा आचरण पूरी तरह से बचकाना था और गांधी को केवल वही नहीं दोहराना चाहिए, जो राज्य में उनकी पार्टी के कुछ नेता उनसे कहते हैं। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इसलिए मैंने कहा कि उन्हें अपने पुराने नाम की ओर लौटना नहीं चाहिए।'

विजयन ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे सवाल किया गया था कि उनकी इस तरह की टिप्पणी कितनी उचित है, जबकि अतीत में वह इस तरह के व्यक्तिगत हमलों के खिलाफ रुख अपना चुके हैं। विजयन ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का संदर्भ दिया था।

## प्रधानमंत्री मोदी मिलने का समय दें, उनकी गलतफहमी करूंगा दूर- खरगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 की लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में मुस्लिम लीग और मंगलसूत्र पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर महिलाओं का मंगलसूत्र तक छीनने और देश में मुस्लिम लीग लाने का आरोप लगा रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, कांग्रेस के मेनिफेस्टो में ऐसी कई बातें हैं, जो देश के लिए खतरा है। पीएम के इन आरोपों के जवाब में मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र ही कुर्बान कर दिया वो किसी का मंगलसूत्र क्या लेंगे। अब मामले में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास अगर समय है तो वे उनसे मिलकर कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र अच्छे से समझा सकते हैं ताकि उनकी गलतफहमी दूर हो।

इस महीने चुनावी रैलियों में पीएम मोदी ने अपने भाषणों में कई बार कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वादे आजादी से पहले मुस्लिम लीग के विचारों की याद दिलाते हैं। रविवार को राजस्थान की एक रैली में पीएम मोदी ने यह दावा करके नए विवाद को जन्म दे दिया कि कांग्रेस का इरादा लोगों की संपत्ति जब्त कर उसे मुसलमानों में बांटना है। उन्होंने कहा था, वे आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे।

अब पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। केरल के वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने सभी आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं, अगर वह मुझे समय दें, तो मैं अपना घोषणापत्र उन्हें समझाऊंगा। हम कहां कह रहे हैं कि यह केवल मुसलमानों के लिए है?

## संक्षिप्त समाचार

### संजय निरुपम की उम्मीदवारी से पहले महाराष्ट्र में घमासान

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस के बागी नेता संजय निरुपम की लोकसभा चुनाव में संभावित उम्मीदवारी को लेकर महायुति के घटक दलों की बीच ठन गई है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है मगर अभी महायुति में सीटों के बंटवारे पर आम सहमति नहीं बन पाई है। अभी तक शिवसेना और भाजपा ने मुंबई की छह में से तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया। इसी बीच ऐसी भी चर्चाएं तेज हैं कि संजय निरुपम शिवसेना में शामिल होंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई सीट की दावेदारी करेंगे। मगर संजय निरुपम की संभावित उम्मीदवारी महायुति के अन्य घटक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के गले नहीं उतर रही है। बिना शर्त भाजपा को समर्थन देने वाली एमएनएस ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से संजय निरुपम के चुनाव लड़ने की चर्चा को लेकर सवाल उठाया है। महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एमएनएस के नेता मनीष धुरी ने साफ किया कि अगर शिंदे की शिवसेना उत्तर पश्चिम मुंबई से संजय निरुपम को उम्मीदवार बनाती है तो वह इसका विरोध करेंगे। बताते चलें कि संजय निरुपम और एमएनएस की बीच मतभेद की स्थिति नई नहीं है। बकौल मनीष धुरी, जब जब एमएनएस आक्रामक तरीके से मराठी का मुद्दा उठा रही थी, मराठी युवाओं की नौकरियों और रोजगार के लिए लड़ रही थी, तब तब संजय निरुपम ने विरोध किया। उन्होंने कहा, जब भी हमने मराठी युवाओं के लिए आंदोलन किया, उन्होंने इसका विरोध किया। धुरी ने निरुपम की आलोचना करते हुए उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति का कचरा बताया। संजय निरुपम 2009 में उत्तरी मुंबई से सांसद थे। इस दौरान एमएनएस ने मराठी का मुद्दा उठाया और कई आंदोलन किए उस समय मराठी-गैरमराठी विवाद खड़ा हो गया। इसमें संजय निरुपम भी कूद पड़े और उन्होंने एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे की जमकर आलोचना की। इसके बाद से ही निरुपम एमएनएस के रडार पर आ गए। इसलिए उनकी संभावित उम्मीदवारी का एमएनएस द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है।

### कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को मंच देकर प्रेरणादाई कार्य किया: जगत बहादुर सिंह

**जबलपुर।** कलचुरी समाज का 29वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन मानस भवन में किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजरजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कलचुरी कुल गौरव राजरजेश्वर कार्तवीर्य भगवान सहस्त्रार्जुन जी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गणेश वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के पश्चात युवक एवं युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में 600 युवक-युवतियों ने अपना अपना परिचय दिलाकर ,कलचुरी समाज ने युवक-युवतियों को एक विशाल मंच देकर समाज में प्रेरणादाई कार्य किया है। मैं समाज के सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित करता हूं। ये विचार कलचुरी युवक युवती परिचय सम्मेलन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि कलचुरी समाज से मेरा पुराना जुड़ाव रहा है। वैसे तो मुझे अनेक समाजों का आशीर्वाद मिल रहा है। लेकिन कलचुरी समाज की बात ही कुछ और है। आपके समाज में मैं कुछ इस तरह घुला-मिला हूं कि मुझे लगता है कि मैं भी कलचुरी समाज का ही हूं। कलचुरी महासभा जबलपुर निरंतर कार्य करने वाला सक्रिय संगठन है। सभी पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई। कलचुरी समाज की गतिविधियों, मेधावियों की जानकारी एवं विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा को समाहित करने वाली पूरे अंचल में लोकप्रिय कलचुरी गौरव पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंहअन्नू समाज के अध्यक्ष मनोहर चौकसे, महामंत्री बीडी राय, कलचुरी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे आदि ने किया।




## रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार...अमेठी में कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर

**अमेठी, एजेंसी।** कांग्रेस ने अब तक अमेठी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि इस सीट पर वायनाड में वोटिंग होने के बाद कांग्रेस कोई फैसला लेगी। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के ही नाम का ऐलान यहां से होगा और देरी इसलिए की जा रही है ताकि वायनाड में वोटिंग के बाद वह अमेठी पर पूरा फोकस कर सकें। लेकिन इस बीच अमेठी में राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के नाम के पोस्टर लगे हैं। इन पोस्टरों में नारा लिखा है- अमेठी की जनता करे पुकार, रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार। इन पोस्टरों में निवेदक के तौर पर लिखा है- अमेठी की जनता। ये पोस्टर अमेठी के गौरीगंज में स्थित कांग्रेस के दफ्तर के बाहर लगाए गए हैं। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा खुद भी अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। उनका कहना था कि अमेठी की जनता चाहती है कि मैं वहां से चुनाव लड़ूं और संसद में उनका प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा ने कहा था कि अमेठी के लोग मानते हैं कि स्मृति इरानी को चुनकर उन्होंने गलती की थी और अब इसे सुधारने का मौका है।

## भाजपा-कांग्रेस के सामने रविंद्र सिंह भाटी बन गए बड़ी चुनौती

**बाड़मेर, एजेंसी।** राजस्थान के बाड़मेर के छोटे से गांव दूधोड़ा के रहने वाले रविंद्र सिंह भाटी भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। सूबे की राजनीति में इस 26 वर्षीय नेता की खूब चर्चा है। दरअसल, भाटी राजस्थान के बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से वर्तमान में निर्दलीय विधायक हैं और बाड़मेर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। इस नौजवान को सुनने और देखने के लिए उसके रोड शो और सभाओं में हजारों की तादाद में लोग उमड़ रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कैलाश चौधरी को सीधे तौर पर चुनौती दी है। यह पहली बार नहीं है जब भाटी ने भाजपा से अलग राह पकड़ी है। जब-जब उन्हें टिकट नहीं मिला उन्होंने अलग राह पकड़ी और जीतकर निकले। रविंद्र सिंह भाटी जब उच्च शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे तो उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में छात्र राजनीति में कदम रखा।

## राहुल गांधी के बाद सैम पित्रोदा बोले- अमेरिका में तो मरने के बाद सरकार के पास जाती है आधी दौलत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी ने पिछले दिनों देश में संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराने और संपत्ति के पुनर्वितरण की बात कही थी। इसे लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने तीखा हमला बोला था और कहा था कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति लूटना चाहती है। यह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा का बयान नया बवाल खड़ा कर सकता है। अमेरिका में बोलते हुए ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगता है। यदि किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और वह मर जाता है तो उसकी 45 फीसदी संपदा ही बच्चों को मिलती है। इसके अलावा बाकी 55 फीसदी संपत्ति सरकार के पास चली जाती है।



सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून की बात करते हुए कहा, यह कानून कहता है कि आपने दौलत बनाई और उसका उपभोग किया। अब आप उसे छोड़कर जाएं तो उसका पूरा हिस्सा बच्चों को ही न मिले, कुछ देश को भी मिले। यह अच्छा कानून लगता है। भारत में ऐसा नहीं है। यदि किसी के पास 10 अरब की दौलत है और उसकी मौत हो जाती है तो उसके बच्चों को पूरी संपदा मिलती है, पब्लिक के हाथ कुछ नहीं आता। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लोगों को डिबेट और चर्चा करनी चाहिए। मैं नहीं जानता कि इसका परिणाम क्या होगा, लेकिन जब हम संपदा के पुनर्वितरण की बात करते हैं तो हम नई नीतियों की बात कर रहे हैं। ऐसी योजनाओं की बात कर रहे हैं, जो जनता के हित में हैं। हम ऐसी स्कीमों की बात नहीं करते, जो सिर्फ देश के सुपर अमीरों के लिए ही हों।

यही नहीं राहुल गांधी की ओर से दिए बयान पर सवाल पूछा गया कि इसे पीएम नरेंद्र मोदी मुद्दा बना रहे हैं। इस पर सैम पित्रोदा ने कहा कि वह यह बात नहीं कह रहे हैं कि किसी की शर्ट लेकर दूसरे को दी जाएगी। यहां बात यह है कि कैसे संसाधनों का केंद्रीकरण होने से रोका जाए। बता दें कि कुछ सप्ताह पहले राहुल गांधी ने हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराएंगे। हम यह पता लगाएंगे कि देश में किसके पास कितनी दौलत है और उसका फिर नए सिरे से वितरण होगा। उनके इसी बयान को आधार बनाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की एक रैली में हमला बोला था।

## ईरान-पाकिस्तान बैठक के बाद अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार को लेकर जारी की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के साथ कारोबार करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अमेरिका की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के जोखिम की भी जानकारी होनी चाहिए।



अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने ईरान के राष्ट्रपति की पाकिस्तान की यात्रा के बारे में किए गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मैं व्यापक तौर पर यह कहना चाहता हूं कि हम ईरान के साथ कारोबार की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में सजग रहने की सलाह देते हैं। पाकिस्तान सरकार को अपनी विदेश नीति के बारे में बेहतर पता होगा। ईरान के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान पाकिस्तान और ईरान ने आठ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में उसकी मदद करने वालों पर प्रतिबंध लगाया, जिसमें चीन की तीन कंपनी भी शामिल हैं। पटेल ने कहा, ''प्रतिबंध इसलिए लगाए गए क्योंकि ये ऐसी संस्थाएं हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के उत्पादन और उनके प्रसार को बढ़ावा दे रही थीं। ये बेलारूस में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से जुड़ी कंपनी हैं और हमने देखा है कि इन्होंने किस प्रकार से पाकिस्तान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए जरूरी घटक और अन्य सामान मुहैया कराए। एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध है। राइडर ने कहा, ''वह क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुरक्षा भागीदार है।

## गाजा में इजरायली सेना का नया कांड खुला ! अस्पताल में खुदाई से निकली 200 लाशें

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुए 200 दिन से ज्यादा का वक्त हो गया है। गाजा शहर इजरायली सेना के कत्लेआम ने अमेरिका को भी भड़का रखा है। उसने उसकी एक बटालियन पर प्रतिबंधों की घोषणा की है। इस बीच गाजा में आईडीएफ का नया कांड सामने आया है। हमास अधिकारियों का आरोप है कि खान यूनिस अस्पताल में खुदाई के दौरान 200 से अधिक लाशें मिली हैं। हमास ने इजरायल पर अस्पताल को सामूहिक कब्रगाह बनाने का आरोप लगाया है। शवों की बर्बरता पर संयुक्त राष्ट्र भी भड़क गया है। उसका कहना है कि शवों में कुछ के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के तन में कपड़े भी नहीं थे। हमास के अधिकारियों ने दावा किया कि सैकड़ों निर्दोषों को इजरायली बलों ने मारकर अस्पताल में दफना दिया। हमास ने यहां



सामूहिक कब्र होने का दावा किया है। हालांकि इजरायली सेना ने हमास के आरोपों को निराधार बताया और इस दावे को झूठा बताया है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्र में इजरायली बलों और हमास आतंकियों के बीच लड़ाई के बीच फिलिस्तीनियों ने खुद पहले भी शवों को उस स्थान पर दफनाया था। इज़राइल रक्षा बलों ने हमास के आरोप को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। आईडीएफ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि इजरायली बंधकों की तलाश कर रहे हमारे बलों ने नासिर अस्पताल के पास फिलिस्तीनियों द्वारा पहले दफनाए गए शवों की जांच की थी और जांच के बाद शवों को वहीं रख दिया था, जहां उन्हें दफनाया गया था। उधर, संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय ने दावा किया है कि अस्पताल में खुदाई के दौरान बरामद कुछ शवों के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के कपड़े उतारे हुए थे। आईडीएफ ने मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हाल के महीनों में नासिर अस्पताल के क्षेत्र में अपने ऑपरेशन के दौरान, उसके सैनिकों ने इजरायली बंधकों का पता लगाने के लिए अस्पताल के मैदान में फिलिस्तीनियों द्वारा दफनाई गई लाशों की जांच की थी।

# 2023 में ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी ब्लैक समर से भी भयंकर आग, 8.40 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र जलकर हुआ राख

**सिडनी, एजेंसी।** 2023 में ऑस्ट्रेलिया को जंगल की सबसे बड़ी आग का सामना करना पड़ा। एक दशक से अधिक समय में यह जंगल की आग का सबसे बड़ा मौसम था। यह आग 2019-20 की ब्लैक समर कही जाने वाली जंगल की आग से भी आठ गुना बड़ी आग थी। चार्ल्स डार्विन विश्वविद्यालय के रोहन फिशर जो सूचना प्रौद्योगिकी विकास शोधकर्ता हैं, की एक रिपोर्ट के अनुसार ब्लैक समर ने दक्षिण-पूर्व ऑस्ट्रेलिया में एक करोड़ हेक्टेयर का क्षेत्र जला डाला था। रोहन फिशर का कहना है कि मेरे शोध से पता चलता है कि 2023 की आग ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में आठ करोड़ 40 लाख हेक्टेयर से अधिक रेगिस्तान और सवाना को जला दिया। यह पूरे न्यू साउथ वेल्स से बड़ा है, या यूनाइटेड किंगडम के आकार से तीन गुना अधिक है। इन आग के पैमाने



को समझना कठिन है। जिस गति से ये आग फैली वह भी अविश्वसनीय थी। सितंबर और अक्टूबर के कुछ ही हफ्तों में, उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बार्कली, तनामी और ग्रेट सैंडी रेगिस्तान में एक करोड़ 80 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई। मैंने इस महीने कैनबरा में अंतर्राष्ट्रीय अग्नि व्यवहार और ईंधन सम्मेलन में 2023 की आग पर यह शोध प्रस्तुत किया। मैंने इन आग के पैमाने का वर्णन किया, वे क्यों घटित हुईं, और ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ लेकिन पारिस्थितिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करने के लिए आग को कैसे बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। ऐसा क्यों हुआ?

रोहन फिशर के अनुसार आग और बारिश का गहरा संबंध है। बारिश से घास में वृद्धि होती है और जब यह सूख जाती है, तो घास आग का ईंधन बन जाती है। उदाहरण के लिए, आप अधिक वर्षा वाले वर्षों के बाद अधिक आग का पैटर्न देख सकते हैं, जो उत्तरी क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में आवधिक अंतराल पर दोहराया गया है।

## चीन ने मालदीव के संसदीय चुनाव में शानदार जीत के लिए मुइज्जू को दी बधाई

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने मालदीव के संसदीय चुनाव में प्रंचड बहुमत हासिल करने वाली राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) को सोमवार को बधाई दी और दोनों देशों के बीच व्यापक सामरिक सहयोग साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने की इच्छा जताई। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने रविवार को हुए चुनाव में 93 में से 68 सीट पर जीत हासिल की जबकि उसके गठबंधन सहयोगियों मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने एक और मालदीव डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) ने दो सीट जीतीं। इस तरह पीएनसी और उसके सहयोगी दलों को संसद में दो तिहाई से अधिक बहुमत हासिल हुआ है और संविधान में संशोधन का अधिकार मिल गया है। सोलिह की पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को केवल 15 सीट पर जीत मिली है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में पीएनसी की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन सफल संसदीय चुनाव के लिए मालदीव को बधाई देता है और लोगों की पसंद का सम्मान करता है। उन्होंने कहा, चीन पारंपरिक मित्रता, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने, चीन-मालदीव व्यापक सामरिक सहयोग साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने और दोनों देशों के लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाएंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129